www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शनिवार, 19 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –125 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू क्यों नहीं हुई ? पृष्ठ 2
अभिमत ■ कला में उपभोक्तावाद और गांधी का संदेश पृष्ठ 6
■ भारतीय मूल के थर्मन सिंगापुर राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन पात्र उम्मीदवारों में शामिल पृष्ठ 7
एक अच्छे दिन की जरूरत और 90 मीटर के पार कर जाएगा भाला : नीरज पृष्ठ 11

## नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी चेतावनी

# सभी के साथ होगा एक जैसा व्यवहार

**नई दिल्ली**,18 अगस्त (एजेंसियां)। देश में हेट स्पीच और हेट क्राइम के बढ़ते मामलों पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी चाहे कोई भी हो, किसी भी पक्ष का हो। उनके साथ समान व्यवहार किया जाएगा। ऐसे लोगों से कानून के तहत निपटा जाएगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। 18 अगस्त को मामले की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस खन्ना ने कहा कि हमें बिहार में जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई करनी है। हेट स्पीच पर हम अगले शुक्रवार (25 अगस्त) को सुनवाई करेंगे। इसके बाद मामले की सुनवाई 25 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। बिहार सरकार राज्य में जातिगत जनगणना करा रही है। सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। जिस पर जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच सुनवाई कर रही है। हेट स्पीच के मामले पर पिछली सुनवाई 11 अगस्त को हुई थी, तब कोर्ट ने केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक कमेटी बनाने का आदेश दिया था।

**नफरती भाषण व अपराध पूरी तरह अस्वीकार्य**

सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि जहां भी नफरती भाषण होगा, उनसे कानून के अनुसार निपटा जाएगा। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, पिछली सुनवाई में हेट स्पीच और हेट क्राइम पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त विचार व्यक्त किए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हेट क्राइम और हेट स्पीच पूरी तरह अस्वीकार्य है। भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हों, मैकेनिज्म बनाना जरूरी है। हमें इस समस्या का हल निकालना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रस्ताव मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रैलियों आदि पर रोक लगाने के आदेश देने से इनकार किया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा है कि वे अपने पास उपलब्ध हेट स्पीच के मैटेरियल को तहसीन पूनावाला फैसले के मुताबिक नोडल अफसर को दें। नोडल अफसर कमेटी को इस तरह की शिकायतों पर निवारण के लिए समय समय पर मिलना चाहिए। साथ ही कहा था कि हम डीजीपी से कहेंगे कि वे एक कमेटी का गठन करें, जो अलग-अलग इलाकों के एसएचओ से प्राप्त हेट स्पीच की शिकायतों पर गौर कर उनके कंटेंट की जांच करे और सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी करे।



नफरती भाषण के दोषी पर कानूनी कार्रवाई हो, चाहे वह किसी भी पक्ष का हो : **सुप्रीम कोर्ट**

**नफरती बयान को लेकर सरकारों को पहले भी दे चुकी निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2023 में हेट स्पीच के मामलों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत एक्शन लेने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था जब भी कोई नफरत फैलाने वाला भाषण देता है तो सरकारें बिना किसी शिकायत के एफआई दर्ज करें। हेट स्पीच से जुड़े मामलों में केस दर्ज करने में देरी होने पर इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि हेट स्पीच एक गंभीर अपराध है, जो देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित कर सकता है। हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गए हैं? यह दुखद है। न्यायाधीश गैर-राजनीतिक हैं और उन्हें पार्टी ए या पार्टी बी से कोई सरोकार नहीं है। उनके दिमाग में केवल भारत का संविधान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन मामलों में कार्रवाई करते समय बयान देने वाले के धर्म की परवाह नहीं करनी चाहिए। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष देश की अवधारणा को जिंदा रखा जा सकता है। कोर्ट ने अपने 2022 के आदेश का दायरा बढ़ाते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह निर्देश दिए थे। 21 अक्टूबर 2022 को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों को ऐसे मामलों में बिना शिकायत के केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। हरियाणा के नूंह के बाद महापंचायत में मुस्लिमों के खिलाफ अभियान के विरोध में जर्नलिस्ट शाहीन अब्दुल्ला ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कोर्ट से अपील की गई थी कि वह सरेआम नफरत भरे भाषणों पर रोक लगाने के लिए केंद्र को निर्देश दे। याचिकाकर्ता ने बताया कि किस तरह देशभर में होने वाली रैलियों में एक समुदाय के सदस्यों की हत्या की जा रही है। इसके अलावा उनका आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार किया जा रहा है।

**दिल्ली दंगा मामलें में तीन आरोपी बरी**

दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के मामले, आपराधिक साजिश और अन्य आरोपों से तीन लोगों को मुक्त करने का शुक्रवार को आदेश दिया। अपर सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने दलीलें सुनने के बाद तीनों लोगों अकील अहमद, रहीस खान और इरशाद को आरोपमुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि आदेश इसलिए पारित किया जा रहा है क्योंकि रिपोर्ट की गई घटनाओं की 'ठीक से और पूरी तरह से जांच नहीं की गई' और आरोपपत्र 'पूर्व निर्धारित, यांत्रिक और गलत तरीके से दायर किए गए, जिसके बाद केवल प्रारंभिक गलत कार्यों को छुपाने की कार्रवाई की गई।'

# कांग्रेस पार्टी में टिकिट की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया : भूपेश

**रायपुर**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा के 21 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी किए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रमन सिंह पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि लिस्ट आने पर तीन बातें सामने आई है।पहला पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा का पत्ता साफ हो गया है। दूसरा ये कि लोगों पर कहर बरपाने वाले पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को खरसिया से टिकट नहीं मिली और तीसरी चौंकाने वाली बात ये रही कि भाजपा कहती है कि परिवारवाद नहीं चलेगा लेकिन खैरागढ़ से विक्रांत सिंह को टिकिट दी गई है, जो रमन सिंह के भांजे हैं, ऐसे में अब शायद रमन सिंह और अभिषेक सिंह को टिकिट ना मिले।



■ भाजपा में परिवारवाद को लेकर कहा-भांजे को टिकिट मिलने पर रमन, अभिषेक का पत्ता साफ

**कांग्रेस में टिकिट की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया**

कांग्रेस में प्रत्याशियों के नाम जारी किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी पहली बैठक हुई है, अब 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक में आवेदन करना है, मैं भी करूंगा उसके बाद फिर जिले की बैठक होगी और फिर प्रदेश की। उन्होंने कहा कि हम लोग खुले तौर पर बात कर रहे हैं लेकिन उनके मंडल की,जिला की और प्रदेश की बैठक कब हो गई, कब अनुशंसा कर दी गई। ये किसी को पता नहीं चला।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में कम से कम प्रजातांत्रिक प्रक्रिया से जिसको आवेदन करना है, वे कर सकते हैं।

**इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले पर होगी कार्रवाई**

इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले में कथित तौर पर भाजपा नेता रामविचार नेताम का भी नाम सामने आया था, इसके बाद उन्हें टिकट दिए जाने पर भूपेश बघेल ने कहा कि उसमें बहुत सारे लोगों के नाम हैं, पैसा वसूली भी शुरू हो गयी है। मेहनतकश किसान,व्यापारी हैं और बाड़ी,सब्जी का व्यवसाय करने वालों का पैसा वहां लगा था लेकिन ये लोग वापस नहीं कर रहे थे अब हमारी सरकार ने वो पैसा जमा होने लगाया और दो किस्तों में 78 लाख रुपए वापस आ गए। जिन लोगों ने चिटफंड कंपनी में पैसा डुबोया था उसे हम वापस करने का काम कर रहे हैं। इससे जो पैसा इकट्ठा होगा, उसे हम तुरंत लौटा देंगे और कानून के दायरे में जो भी आएगा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## सार संक्षेप

### चीन के फ्रॉड को नहीं पकड़ सकी मोदी सरकार : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि चीन का एक फ्रॉड गुजरात से महज नौ दिन में 1200 करोड़ रुपए लूटकर फरार हो गया लेकिन मोदी सरकार उसका बाल भी बांका न कर सकी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि गुजरात में 'चीनी घुसपैठ' हुई है। चीन का एक नागरिक गुजरात आया और नौ दिन में लागों को 1400 करोड़ रुपए की चपत लगाकर गायब हो गया। उन्होंने कहा कि कमाल की बात यह है कि फ्रॉड की यह घाटना उस समय हुई जब खुद प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए गुजरात गये थे। प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए स्वाभाविक रूप से वहां सुरक्षा व्यवस्था उस दौर में बढ़ा दी गई होगी इसके बावजूद आखिर क्या हुआ कि 'चीनी फ्रॉड' लोगों को चूना लगाता रहा है औ गुजरात की पुलिस उस समय सोती रही।

### कुपवाड़ा में पास हथियारों का जखीरा बरामद

**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को हथियारों का जखीरा बरामद किया। सेना ने शुक्रवार को बताया कि पांच एके राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद की यह बरामदगी सेना, सीमा सुरक्षा बल और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तीन दिन तलाशी अभियान के दौरान हुई है। भारतीय सेना, बीएसएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस ने 15 से 23 अगस्त तक कुपवाड़ा के मछिल सेक्टर में संयुक्त अभियान शुरू किया था।

### राज्यसभा के नौ सदस्य 21 को लेंगे शपथ

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के एस जयशंकर और तृणमूल कांग्रेस सदस्य डेरेक ओ ब्रायन सहित राज्यसभा के नौ पुनः निर्वाचित और नवनिर्वाचित सदस्य 21 अगस्त को संसद भवन के राज्यसभा कक्ष में शपथ लेंगे। जयशंकर 2019 में गुजरात से राज्यसभा के लिए चुने गए जब उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। शपथ लेने वाले सदस्यों में तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन, सुखेंदु शेखर रे, डेरेक ओ ब्रायन, प्रकाश चिक बड़ाइक और समीरुल इस्लाम शामिल हैं और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों में नागेंद्र रे, केसरीदेवसिंह दिग्विजय सिंह झाला, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई और एस जयशंकर शामिल हैं।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किया ऐलान

# अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी

**लखनऊ**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ने लग गया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को दावा किया कि पार्टी सांसद राहुल गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव अमेठी से लड़ेंगे। जब अजय राय से पूछा गया कि राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में किस सीट से चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर राहुल गांधी अमेठी सीट से चुनाव लड़ेंगे। हमारे कार्यकर्ता उनकी सफलता के लिए मर मिटेंगे। अजय राय ने कहा कि अगर प्रियंका गांधी की इच्छा हुई तो वाराणसी का एक-एक पार्टी कार्यकर्ता काम पर लगेगा। अजय राय ने इशारों ही इशारों में कह दिया है कि प्रियंका को पीएम मोदी के खिलाफ उतारा जा सकता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर हमला बोला है। उनका कहना है कि इस समय स्मृति ईरानी बौखला गई हैं। अब जनता जवाब मांगती है।



**कांग्रेस ने संगठन में किया है फेरबदल**

कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर तैयारी में जुटी हुई है। पार्टी ने एक संगठनात्मक फेरबदल भी किया है। उसने गुरुवार को बृजलाल खाबरी को पद से हटाकर पूर्व विधायक अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (यूपीसीसी) के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी नए जोश के साथ कार्यकर्ताओं में जान फूंकने की कोशिश में जुटी हुई है। खबरी ने पिछले साल अक्टूबर में यूपीसीसी प्रमुख का पद संभाला था। वह पहले तीन दशकों तक बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में रहे थे। विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के कुछ महीनों बाद राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति की गई थी। हालांकि पार्टी में लोगों को उनकी नियुक्त की बात अंदरखाने हजम नहीं हुई थी और बेचैनी जैसी स्थिति पैदा हो गई थी।

**प्रियंका वाराणसी से चुनाव लड़ें हम समर्थन करेंगे : राय**

प्रियंका गांधी के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह वाराणसी से चुनाव लड़ें, हम उनका समर्थन करेंगे। वहीं, प्रियंका गांधी के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह वाराणसी से चुनाव लड़ें, हम उनका समर्थन करेंगे. पूरी संभावना है प्रियंका गांधी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगी. बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट से पीएम नरेंद्र मोदी सांसद हैं और इस बार भी पूरी सम्भावना है कि पीएम मोदी फिर से वाराणसी से ही चुनाव लड़ेंगे।

# कर्नाटक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति होगी रद्द : शिवकुमार

**बेंगलुरू**,18 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने की घोषणा की है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा हमने वादा किया था कि अगर सत्ता में आएंगे तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हटाएंगे। हम अपने वादे पर प्रतिबद्ध हैं। कर्नाटक की शिक्षा व्यवस्था देश के लिए मॉडल है। जिसके कारण आज बेंगलुरु आईटी कैपिटल है। हमारे राज्य के लोग विदेशों में अच्छी पॉजिशन पर हैं। वहीं कर्नाटक सरकार ने बीजेपी की पूर्व सरकार पर लगे 40 प्रतिशत कमीशन के भुगतान के आरोपों की न्यायिक जांच के भी आदेश दे दिए। राज्य सरकार ने रिटायर्ड हाईकोर्ट जज नागमोहन दास के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया है। कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ के अध्यक्ष डी केम्पन्ना ने पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई की तत्कालीन सरकार पर 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाया था। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का यह प्रमुख चुनावी मुद्दा था। चूंकि, इस साल चुनाव के नतीजे आने तक शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुके थे। ऐसे में अब इसे रद्द करने से छात्रों को दिक्कत होगी। केंद्र की मोदी सरकार ने 2020 में देश की शिक्षा नीति में बदलाव किया था।

### बढ़ सकती हैं लालू यादव की मुश्किलें

**पटना**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं। लालू यादव के लिए नई मुसीबत खड़ी करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीबीआई ने कथित चारा घोटाले से जुड़े मामलों में उन्हें दी गई जमानत को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट चारा घोटाला मामले में आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया है।

# कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र समिति के अकबर चेयरमैन, चौबे, डहरिया, जग्गी सहित 23 सदस्य

**रायपुर**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश चुनाव घोषणा पत्र समिति की घोषणा हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में 23 सदस्यों की घोषणा की है। इसमें मंत्री अकबर को चेयरमैन बनाया गया है।







चुनाव घोषणा पत्र समिति में मो. अकबर- सभापति, सदस्य-रविंद्र चौबे, डॉ. शिव कुमार डहरिया, अमरजीत भगत, उमेश पटेल, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, धनेन्द्र साहू, फूलो देवी नेताम, शैलेश पांडे, अरुण वोरा, शिशुपाल सोरी, द्वारिकाधीश यादव, कुंवर सिंह निषाद, राजेश तिवारी, चुन्नी लाल साहू, इदरीश गांधी, हेमा देशमुख, अटल श्रीवास्तव, अजय तिर्की, राजेंद्र जग्गी, वाणी राव, शेष राज हरबंस, आकाश शर्मा शामिल है। वहीं चुनाव प्रबंधन समिति में डॉ. शिव कुमार डहरिया- अध्यक्ष, रामगोपाल अग्रवाल-संयोजक और अरुण सिंघानिया, राजेश तिवारी, गिरीश देवांगन, मलकियत सिंह गैदु, गजराज पगारिया को स्थान दिया गया है।

**धनेंद्र को डिसिप्लिनरी, ताम्रध्वज साहू को प्लानिंग की जिम्मेदारी**

डिसिप्लिनरी एक्शन कमेटी में धनेन्द्र साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। 9 सदस्यों को इसमें जगह दी गई है। वहीं प्लानिंग एंड स्ट्रैटेजी कमेटी के लिए ताम्रध्वज साहू को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। 18 कांग्रेस नेताओं के नाम सूची में शामिल हैं।

### राजनीतिक मामलों की समिति गठित, सैलजा बनाई गईं अध्यक्ष



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों को लेकर कांग्रेस में राजनीतिक मामलों की समिति गठित कर दी है।जिसमें प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा समिति की अध्यक्ष बनाई गईं हैं कमेटी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ। चरणदास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत मंत्री रविंद्र चौबे, वन मंत्री मो. अकबर, श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, आदिम जाति मंत्री मोहन मरकाम, महिला-बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, राजस्व मंत्री जय सिंह

# केजरीवाल और भगवंत मान आज राजधानी में

**रायपुर**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव नजदीक है, ऐसे में सभी पार्टिया जोर-शोर से अपनी तैयारियों में लगे हुए हैं, इसी कड़ी में 19 अगस्त को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे। आप पार्टीके प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी, प्रदेश सहप्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल साहू ने रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 19 अगस्त को रायपुर में पार्टी का एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन होने जा रहा है. इसमें दिल्ली के सीएम ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



कार्यकर्ता सम्मेलन में होंगे शामिल

# श्रम न्यायालय ने बिजलीकर्मियों की हड़ताल को अवैध घोषित किया

**रायपुर**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। श्रम न्यायालय रायपुर ने बिजलीकर्मियों के संगठन छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनीज अधिकारी-कर्मचारी ओपीएस बहाली संयुक्त मोर्चा की प्रस्तावित 18 अगस्त के सामूहिक अवकाश सत्याग्रह को अवैध घोषित कर दिया है। श्रम न्यायालय ने आज 17 अगस्त को जारी आदेश में कहा है कि प्रस्तावित 18 अगस्त की हड़ताल से जनहित प्रभावित होने की आशंका होने के कारण अवैध घोषित किया जाता है। कर्मचारी-अधिकारी किसी भी हड़ताल सत्याग्रह में शामिल न हों।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री एके वर्मा ने बताया कि श्रम न्यायालय क्र 01 के माननीय न्यायाधीश श्री एसएल मात्रे के कोर्ट में फेडरेशन एवं 7 कर्मचारी संगठनों के 18 अगस्त को सामूहिक अवकाश हड़ताल पर स्थगन देने की अपील की गई थी। कंपनी ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक संगठन अधिनियम 1960 की धारा 167 सहपठित धारा 64 ए तहत वाद प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि प्रस्तावित हड़ताल से विद्युत आपूर्ति बाधित होगी तथा सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा और जनसामान्य को समस्याओं से जूझना पड़ेगा। इससे अपूरणीय क्षति होने की आशंका है। श्रम न्यायालय ने मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए हड़ताल को अवैध घोषित किया है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

## गोलीबारी में तीन कुकी नागरिकों की मौत

**इंफाल**,18 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले कुछ दिनों की शांति के बाद हिंसाग्रस्त मणिपुर में शुक्रवार सुबह एक बार फिर हिंसा भड़क गई। सूत्रों के मुताबिक, सुबह करीब 5.30 बजे उखरुल जिले के लिटन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत थवई कुकी गांव में संदिग्ध मैतेई सशस्त्र बदमाशों और कुकी स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें तीन कुकी लोगों के मारे जाने की खबर है। बीएसएफ सहित सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बताई गई है। सूत्रों के मुताबिक, मैतेई उपद्रवियों ने सबसे पहले गांव के ड्यूटी पोस्ट पर हमला किया, जहां स्वयंसेवक गांव की सुरक्षा के लिए ड्यूटी कर रहे थे। इस गोलीबारी में कुकी स्वयंसेवकों के तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। मारे गए लोगों की पहचान जामखोगिन हाओकिप, थांगखोकाई हाओकिप और होलेनसोन बाइते के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि यह गांव मैतेई आबादी क्षेत्र से काफी दूर स्थित है।

## आपदा — हिमाचल प्रदेश को छत्तीसगढ़ सरकार ने 11 करोड़ सहायता राशि देने का किया ऐलान

# बारिश के चलते 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान

■ हिमाचल प्रदेश में जल प्रलय के बाद राज्य आपदा घोषित

**शिमला,18 अगस्त (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से भारी बारिश जारी है। इस मानसून सीजन 55 दिनों में 113 बार लैंडस्लाइड हुई। बारिश और लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 330 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच शुक्रवार को राज्य सरकार ने स्टेट डिजास्टर घोषित करने का निर्णय लिया।**

*मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जल्द इसकी नोटिफिकेशन जारी कर दी जाएगी। स्टेट डिजास्टर घोषित होने के बाद प्रदेश में राहत एवं बचाव कार्य में तेजी आ सकेगी। सरकार ज्यादा फोकस के साथ तबाह हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर को दोबारा बनाने की दिशा में काम करेगी। इसके लिए सरकार को अतिरिक्त फंड का भी प्रावधान करना होगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने हिमाचल के लिए 11 करोड़ रुपए सहायता राशि देने का ऐलान किया है। राज्य आपदा अधिकारियों के मुताबिक, हिमाचल में इस सीजन बारिश के चलते 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उधर, उत्तराखंड के चमोली में प्राणमती नदी उफान पर है। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया है। प्रशासन ने लोगों को नदी के किनारे न जाने की अपील की है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश को 24 जून से लेकर अब तक सेवंथ 7659.93 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है. बकौल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू या नुकसान 10 हजार करोड़ रुपए के पार जाने की आशंका है। प्रदेश में 1 हजार 957 घर पूरी तरह तबाह हो चुके हैं, जबकि 9 हजार 344 घरों को आंशिक तौर पर नुकसान हुआ है। इसके अलावा 293 दुकानें और 4 हजार 072 पशु घर भी तबाह हो गए हैं। प्रदेश भर में डेढ़ महीने के छोटे से अंतराल में ही 113 भूस्खलन और 58 फ्लैश फ्लड की घटनाएं रिकॉर्ड की गई हैं. प्रदेश में अब तक 330 लोग अपनी जान गवा चुके हैं, जबकि 38 लोग अलग-अलग दुर्घटनाओं में लापता हैं. प्रदेश भर में घायलों का आंकड़ा भी 322 तक जा पहुंचा है।*

***केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे सुक्खू***

*हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बीते दिन हुई बारिश की वजह से हिमाचल प्रदेश को अब तक 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।*

*मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वह दिल्ली जा रहे हैं और यहां केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने बीते 50 सालों में कभी ऐसी तबाही नहीं देखी।*

# देश

**उवाच**



देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकार क्षेत्र का खुला उल्लंघन है, जिसका केंद्र सरकार को तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, देबरॉय द्वारा अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकार क्षेत्र का खुला उल्लंघन है:- **मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.4 | 28.2 |
| मुंबई | 31.8 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.4 | 26.4 |
| चेन्नई | 35.9 | 23.2 |

# गूगल में घोटाला सर्च करते ही आएगी शिवराज की तस्वीर: कमलनाथ

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य में तीन लाख करोड़ से ज्यादा के घोटाले होने के आरोप लगाए

**भोपाल,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस आक्रामक है और सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य में तीन लाख करोड़ से ज्यादा के घोटाले होने के आरोप लगाए हैं। कमलनाथ ने घोटाला शीट जारी की और कहा कि वह समय दूर नहीं जब गूगल पर घोटाला सर्च किया जाएगा तो शिवराज सिंह चौहान की तस्वीर सामने आएगी। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार विश्व की सबसे अधिक घोटाला करने वाली सरकार है। शिवराज जी ने अपने 18 साल के कार्यकाल में घोटाले पर घोटाले कर भ्रष्टाचार का कीर्तिमान रच दिया है।

शिवराज सरकार के काले कारनामों का काला चिट्ठा बहुत लंबा है, जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण महाघोटालों को शामिल कर कांग्रेस पार्टी ने शिवराज सरकार के 18 साल के कार्यकाल की घोटाला-शीट तैयार की है। इससे मध्य प्रदेश की जनता को 50 प्रतिशत कमीशनराज की तथ्यात्मक हकीकत भली-भांति समझ आ जाएगी।




मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस आक्रामक

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, पोषाहार घोटाले में शिवराज सरकार ने गर्भवती और गर्भस्थ शिशुओं के साथ भ्रष्टाचार किया। राशन घोटाले में सभी नागरिकों के भोजन में घोटाला किया। आयुष्मान घोटाले में मृतकों के नाम पर उपचार कराकर संसार से विदा हो चुके मृतकों के नाम पर भी घोटाला कर दिया। यही एक ऐसी सरकार है, जिसने सिंहस्थ और महाकाल लोक घोटाले में भ्रष्टाचार कर भगवान के साथ भी धोखा किया है। शायद इन्हीं जैसे बेईमानों के लिए यह गाना लिखा गया था, भगवान को धोखा देते हैं, इंसान को यह क्या छोड़ेंगे ?

कमलनाथ ने कहा कि नर्मदा मैया में अवैध उत्खनन कर इन्होंने मध्य प्रदेश की जीवनदायनी मां नर्मदा के साथ भी छल किया है। इन्होंने दवा और दारू दोनों में घोटाला किया है। मध्यप्रदेश में हुआ नर्सिंग कॉलेज घोटाला और 86,000 करोड़ का शराब घोटाला इसी की बानगी है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार जनमत से नहीं, बल्कि धनमत से बनी सरकार है। लोकतंत्र से घोटाला कर बनी शिवराज सरकार ने सरकारी खजाने को लूटकर घोटाला करना अपना मूल मंत्र बना लिया है। वह दिन दूर नहीं है जब आप गूगल पर घोटाला या स्कैम सर्च करोगे तो सामने शिवराज की तस्वीर आ जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार कमीशन, भ्रष्टाचार और घोटालों को अपना अधिकार समझने लगी है। इसीलिए जब एक ठेकेदार ने कमीशन राज से दुखी होकर पत्र लिखा और कांग्रेस के नेताओं ने ट्वीट किया तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बजाय शिवराज सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पूरे प्रदेश में मुकदमे दर्ज करने का अभियान शुरू कर दिया गया। लेकिन, रीवा के दूसरे ठेकेदार ने कैमरे के सामने स्वीकार किया कि गौशाला निर्माण में भी 50 प्रतिशत कमीशनराज चल रहा है, इससे पता चलता है कि शिवराज सरकार चोरी और सीनाजोरी पर उतर आई है।

मध्यप्रदेश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि शिवराज सरकार ने जो चार लाख करोड रुपए का कर्ज लिया है, वह जनता की भलाई के लिए नहीं लिया है, प्रदेश के विकास के लिए नहीं लिया है, बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए नहीं लिया है, नए मध्यप्रदेश का निर्माण करने के लिए नहीं लिया है, बल्कि सरकार का कर्ज लेने का एक ही मकसद है कि अधिक से अधिक रकम कैसे भ्रष्टाचार के माध्यम से भाजपा की जेब में डाल दी जाए।

**कांग्रेस की घोटाला शीट में लगभग तीन लाख करोड़ के घोटालों का जिक्र है**

इसमें 15,000 करोड़ का पोषण आहार घोटाला, 12,000 करोड़ का मिड-डे मील घोटाला, 9,500 करोड़ का आंगनबाड़ी नल-जल घोटाला, 600 करोड़ का गणवेश घोटाला, 2,000 करोड़ का सर्व शिक्षा अभियान घोटाला, 2,000 करोड़ का व्यापम महाघोटाला, 2,000 करोड़ का नर्सिंग घोटाला, 3,000 करोड़ का कौशल घोटाला, 2,500 करोड़ का पैरामेडिकल छात्रवृत्ति घोटाला, 94,000 करोड़ का बिजली घोटाला, 10,000 करोड़ का जल जीवन मिशन घोटाला और 50,000 करोड रुपए का चेक पोस्ट घोटाला शामिल है।

# एनईपी पर डीके शिवकुमार के सवाल, भाजपा शासित राज्यों में नीति लागू क्यों नहीं हुई ?

**बेंगलुरु,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को खत्म करने पर भाजपा ने विरोध जताया है। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि एनईपी उनका (भाजपा) राजनीतिक एजेंडा था। इसे उनके शासित राज्यों में लागू नहीं किया गया है। डीके शिवकुमार ने जोर देते हुए कहा कि यह राज्य का विषय है, राष्ट्रीय विषय नहीं। पत्रकारों से बात करते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि एनईपी लागू करना भाजपा का निर्णय था। हम शुरू से कह रहे हैं कि हम इस पर पुनर्विचार करेंगे। बिना बुनियादी ढांचा तैयार किए, इसे जल्दबाजी में लागू किया गया। शिवकुमार ने सवाल पूछा कि एनईपी को मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और गुजरात में क्यों लागू नहीं किया गया... जहां भाजपा सत्ता में है? डीके शिवकुमार के मुताबिक हमारे लोगों के बीच एक चिंता है। पूरी दुनिया ने बेंगलुरु को आईटी राजधानी, सिलिकॉन वैली, स्टार्टअप हब और मेडिकल हब के रूप में स्वीकार किया है। इसका कारण प्राथमिक से लेकर स्नातकोत्तर तक की हमारी शिक्षा का स्तर है। एनईपी आवश्यक नहीं था। यदि एनईपी में अच्छे पहलू हैं, तो उन पर पुनर्विचार किया जाएगा। डीके शिवकुमार के मुताबिक एनईपी में जो भी अच्छा है, उस पर निश्चित रूप से गौर किया जाएगा। एनईपी एक राजनीतिक एजेंडा है। यह नागपुर शिक्षा नीति है। समिति के सदस्यों ने बताया है कि उन्हें अवधारणा समझ में नहीं आई। उनसे सिर्फ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया। उन्होंने आगे कहा कि जब एनईपी लागू किया गया था तो हमने कहा था, इसे संशोधित किया जाएगा और एक राज्य नीति बनाई जाएगी।



कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को खत्म करने पर भाजपा ने विरोध जताया

**बीजेपी में शामिल हुए नेताओं की 'घर वापसी' पर कहा, 'राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं'**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा है कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं है। एक सवाल का जवाब देते हुए कि क्या कांग्रेस पार्टी छोड़ने वाले नेताओं के लिए दरवाजे फिर से खुलेंगे, शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं है। हालांकि, उन्होंने भाजपा नेताओं को पार्टी में वापस लाने के लिए उनके साथ बातचीत करने की अफवाहों को खारिज कर दिया। जद (एस) के 13 विधायकों से संपर्क किए जाने के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, 'कर्नाटक के सभी 224 विधायक मुझे जानते हैं। अगर राजनीतिक नहीं तो व्यक्तिगत रिश्ते तो उनके साथ हैं ही।' उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि बीजेपी क्या कर रही है और वे किसके साथ बातचीत कर रहे हैं। मीडिया उस मोर्चे पर शांत है। हमारी सरकार अस्तित्व में है। भाजपा ने कड़ी मेहनत से जो सबक सीखा, वह आज भी याद है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गोवा की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगी

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अगस्त से गोवा की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगी। इस दौरान उनके कई कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के पहले दिन वह पणजी के आज़ाद मैदान में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगी। शाम को राष्ट्रपति उनके सम्मान में राज्य सरकार द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 अगस्त को डोना पाउला के राजभवन के दरबार हॉल में गोवा विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी और कमजोर जनजातीय समूह के साथ भी बातचीत करेंगी। बाद में शाम को वह विधानसभा परिसर, पोरवोरिम में गोवा विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करेंगी।

### आंध्र सीएम ने हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेशकों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि उनकी सरकार हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेशकों को हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार आंध्र प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मैप पर लाने के लिए प्रसिद्ध होटल ब्रांडों को आकर्षित करने के लिए एक फ्लेक्सिबल पर्यटन नीति लागू कर रही है। मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को यहां 4 स्टार होटल हयात प्लेस के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए यह बयान दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार आतिथ्य क्षेत्र में निवेशकों को प्रोत्साहित करने और उन्हें पूरा समर्थन देने के लिए तैयार है।

# सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य पीड़िता की याचिका पर मणिपुर सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक और चौंकाने वाली घटना पर मणिपुर सरकार से जवाब मांगा, जिसमें एक महिला ने दावा किया कि राज्य में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भीड़ ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसका जुलूस निकाला, लेकिन पुलिस उसकी मदद के लिए नहीं आई। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मणिपुर सरकार को नोटिस जारी किया और मामले को मुख्य मामले के साथ 13 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। वकील अमृता सरकार के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया कि भीड़ में शामिल महिलाओं ने पीड़िता के एक साल के बच्चे को भी मारा। हमले के कारण उसके हाथों में फ्रैक्चर हो गया और सिर पर गंभीर चोटें आईं। याचिका में कहा गया है, भीड़ ने याचिकाकर्ता नंबर-2 के कपड़े फाड़ दिए और उसे इम्फाल में डिप्टी कमिश्नर भवन तक परेड करने के लिए मजबूर किया गया, जहां पुलिस खड़ी थी लेकिन कोई उसकी मदद के लिए नहीं आया।'

याचिका में एक अन्य मामले में राज्य पुलिस द्वारा निष्क्रियता का भी आरोप लगाया गया, जहां एक महिला सहित दो लोगों को मेइती समुदाय की भीड़' ने पीट-पीटकर मार डाला था। याचिका में कहा गया है, 'याचिकाकर्ता नंबर-1 के पिता ने उक्त घटना के संबंध में 20 मई 2023 को प्राथमिकी दर्ज की है। हालाँकि, आज तक प्रतिवादी (मणिपुर राज्य) द्वारा ऐसे कट्टरपंथी मेइती समूहों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक और चौंकाने वाली घटना पर मणिपुर सरकार से जवाब मांगा, जिसमें एक महिला ने दावा किया कि राज्य में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भीड़ ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसका जुलूस निकाला**



### सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों के जेनेरिक दवा न लिखने संबंधी याचिका पर केंद्र, राज्यों से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका पर केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया जिसमें जेनेरिक दवाएं न लिखने वाले डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले में केंद्र, सभी राज्य सरकारों, एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड और अन्य से जवाब मांगा है।

### बिहार में जाति-आधारित जनगणना के प्रकाशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को जाति-आधारित सर्वेक्षण के नतीजे प्रकाशित करने से रोकने के लिए अंतरिम निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने कहा, 'जब तक प्रथम दृष्टया कोई मजबूत मामला न हो, हम किसी भी चीज़ पर रोक नहीं लगाएंगे।' उन्होंने उन याचिकाकर्ताओं को धन्यवाद दिया, जिन्होंने बिहार में जाति-आधारित सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। विशेष रूप से, बिहार में जाति-आधारित सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और इसके नतीजे जल्द ही सार्वजनिक डोमेन में आने की उम्मीद है। याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सी.एस. वैद्यनाथन ने कहा कि सर्वेक्षण शुरू करने के लिए राज्य विधानमंडल द्वारा कोई कानून पारित नहीं किया गया था और प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा एक कार्यकारी अधिसूचना के आधार पर शुरू हुई।

### लालू की जमानत को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** करोड़ों रुपए के चारा घोटाले के सिलसिले में झारखंड हाई कोर्ट द्वारा राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को दी गई जमानत को रद्द करने की सीबीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शीघ्र सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, इस मामले पर अगले शुक्रवार यानि 25 अगस्त को सुनवाई होने की संभावना है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की पीठ के सामने मामले का उल्लेख किया और जमानत रद्द करने की याचिका को तत्काल सुनवाई करने की मांग की। पिछले साल अप्रैल में, झारखंड उच्च न्यायालय ने डोरंडा कोषागार से 139.5 करोड़ की निकासी से संबंधित पांचवें चारा घोटाला में लालू प्रसाद को जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने दुमका और चाईबासा कोषागार से फर्जी तरीके से धन निकासी के मामले में 17 अप्रैल, 2021 और 9 अक्टूबर, 2020 को जमानत आदेशों को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर पहले ही नोटिस जारी कर दिया था।

# पंचायतें भारत के लोकतंत्र के स्तंभ हैं: पीएम मोदी



**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पंचायतें भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के स्तंभ हैं। दमन और दीव में एक पंचायती राज समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्यों को लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए और जिलों के विकास में योगदान देना चाहिए और लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'पंचायतें हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के स्तंभ हैं। आपको (जिला पंचायत सदस्यों को) आम आदमी की समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करना चाहिए। आपको अपने-अपने राज्यों में लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए काम करना चाहिए और योगदान देना चाहिए। पंचायत सदस्यों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके क्षेत्र के छात्र 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कैसे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं।' मोदी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा सामूहिकता, संगठन और समर्पण के मूल्यों में विश्वास करती है।

# भाजपा गठबंधन को धूल चटायेगा इंडिया गठबंधन: अखिलेश

**फतेहपुर,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आज यहां चिंतन शिविर के समापन के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को धूल चटायेगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और सूबे के मुख्यमंत्री को जनता मंहगाई बेरोजगारी अपराध मंहगी शिक्षा का जवाब अपने वोटों से देगी। भाजपाई सत्ता के मद में इतना चूर हैं कि उन्हें गांव की गरीबी और बदहाली नजर नहीं आती है। सूबे में छुट्टा साड़ों का आंतक देखते बनता है। दो दिवसीय सपा के चिंतन शिविर के समापन के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा को कैसे हराना है यह इंडिया गठबंधन के पास सूत्र हैं। और उन्हीं सूत्रों से भाजपा को जवाब दिया जायेगा। लोक जागरण अभियान शिविर में कार्यकर्ताओं को उन्होंने नये अदांज में संदेश दिया और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव ' करो और मरो' की नीति से लड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट को आखिर पत्रकारों ने अब तक क्यो उजागर नहीं किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के मनमाने रवैये और पत्रकारों की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने भाईचारे को जिस तरह से चोट पहुंचायी है उससे पूरा हिन्दुस्तान की जनता बाखूबी देख रही है। इससे पहले कभी भी हिन्दू मुस्लिम सिक्ख इसाई के बीच में इस तरह की खाई कभी नहीं पैदा की गयी।



# बिहार में पत्रकार की हत्या पर नीतीश ने जताया दुख

**पटना,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के अररिया के रानीगंज में शुक्रवार की सुबह अपराधियों द्वारा एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार की हत्या पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख जताया है। उन्होंने इस मामले में जिले के अधिकारियों से बात कर कारवाई का भी निर्देश दिया है। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए नीतीश कुमार ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि इस मामले में अधिकारियों से बात की है। उन्हें कार्रवाई का निर्देश दिया है। हमको दुख हुआ है। दुख की बात है, यह तो दिख रहा है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही हमने तुरंत अधिकारियों को कह दिया है कि क्या हुआ है जी, इस तरह से हुआ है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच ने जारी कि रिपोर्ट

# राज्यसभा के 225 सांसदों में से 75 पर आपराधिक आरोप

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। मौजूदा 225 राज्यसभा सांसदों में से 75 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, इनमें से चार पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। शुक्रवार को एक नई रिपोर्ट से यह पता चला। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसने 233 राज्यसभा सांसदों में से 225 की आपराधिक पृष्ठभूमि के विवरण का विश्लेषण किया है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा राज्यसभा में एक सीट खाली है, जबकि तीन सांसदों का विश्लेषण नहीं किया गया है, क्योंकि उनके हलफनामे अनुपलब्ध हैं और जम्मू-कश्मीर की चार सीटें अपरिभाषित हैं। 'विश्लेषण किए गए 225 राज्यसभा सांसदों में से 75, यानी 33 प्रतिशत सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।' इसमें कहा गया है कि 41 यानी 18 फीसदी राज्यसभा सांसदों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि दो सांसदों ने हत्या (आईपीसी धारा 302) से संबंधित मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि चार सांसदों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है। 'चार सांसदों में से, के.सी. वेणुगोपाल, राजस्थान ने बलात्कार (आईपीसी धारा-376) से संबंधित मामला घोषित किया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि चार मौजूदा सांसदों ने हत्या के प्रयास (आईपीसी धारा 307) से संबंधित मामलों की घोषणा की है। इसमें आगे कहा गया है कि भाजपा के 85 राज्यसभा सांसदों में से 23 (जो कि 27 प्रतिशत), कांग्रेस के 30 में से 12 (40 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 13 में से चार (31 प्रतिशत), राजद के छह में से पांच (83 प्रतिशत), राजद के छह में से चार (80 प्रतिशत), सीपीआई (एम) के पांच में से चार (80 प्रतिशत), आप के 10 में से तीन (30 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के नौ में से तीन (33 प्रतिशत) और एनसीपी के तीन में से दो (67 प्रतिशत) ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।


**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, एवं वन बल प्रमुख**
**अरण्य भवन, अटल नगर, नवा रायपुर ( छ. ग. )**

**प्रथम निविदा सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/735 दिनांक 17/08/2023

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अटल नगर, नवा छत्तीसगढ़ रायपुर के कार्यालयीन उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 की अवधि में लेखन सामग्री एवं टोनर क्रय किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 के अंतर्गत पंजीकृत फर्मों से पृथक पृथक मोहरबंद प्रथम निविदा दिनांक 04/09/2023 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में आमंत्रित है। निविदाएँ दिनांक 04/09/2023 को ही अपरान्ह 4.00 बजे प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्यालय के एस.सी. एच. कान्फ्रेन्स हॉल में खोली जायेंगी। इच्छुक व्यवसायी/प्रतिष्ठान निविदा प्रपत्र, सामग्री की सूची तथा निविदा की शर्तें प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय के भण्डार शाखा में आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 1000/- नगद भुगतान कर संध्या 5.00 बजे तक किसी भी समय कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी वापसी नहीं होगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय को अधिकार होगा कि किसी भी निविदा को कोई कारण बताये बिना स्वीकार/अस्वीकार कर सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा के नियम एवं शर्तें विभाग की वेब साईट www.cgforest.org पर भी उपलब्ध है। वेब साईट से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने पर भी निर्धारित शुल्क निविदा जमा करते समय देय होगा। निविदा छत्तीसगढ़ शासन, भण्डार क्रय नियम 2002 एवं समय-समय पर संशोधित नियम के अंतर्गत नियंत्रित होगी।

**उप वन संरक्षक ( रोकड़ )**
**सदस्य सचिव**
**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**छत्तीसगढ़, अटल नगर, नवा रायपुर**

जी-04380



**कार्यालय, नगर पालिक निगम,जोन क्र.-5, रायपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**ए4/जोन क्रं.5/लो.क.वि./2023** **रायपुर, दिनांक 18.08.2023**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'द' से प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु सीलबंद निविदाये तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 04.09.23 तक को 4.00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्रमांक 5 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 25.08.23 तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात् प्राप्त किये जा सकेंगे। दिनांक 31.08.23 तक निविदा प्रपत्र जारी होगे। प्राप्त निविदाये दिनांक 04.09.23 को सांय 05.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य विवरण | प्रक्कलन राशि ( लाख में ) | अमानत राशि ( रूपये ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि | एस.ओ.आर. नॉन एस.ओ.आर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डंगनिया शा. स्कूल परिसर में पाथवे व गार्डन निर्माण करने बाबत (द्वितीय निविदा) | 3.74 | 5650/- | 750/- | 3 माह | PWD SOR Billing 01.01.2015 |
| 2. | वार्ड के 41 अंतर्गत डी.डी. नगर में हनुमान मंदिर एवं वाचनालय के आस पास सेक्टर 2 एवं 3 अंतर्गत नाली पुलिया निर्माण मरम्मत कार्य। (द्वितीय निविदा) | 3.95 | 6000/- | 750/- | 2 माह | PWD SOR Billing 01.01.2015 |
| 3. | दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क. 41 में विभिन्न स्थानों में पेवर संधारण कार्य बाबत (द्वितीय निविदा) | 3.93 | 3900/- | 750/- | 2 गाह | PWD SOR Billing 01.01.2015 |
| 4. | जोन क्रमांक 05 वार्ड के 41 अंतर्गत सेक्टर 03 विभिन्न क्षेत्रों में नाली, पुलिया, सड़क मरम्मत कार्य (द्वितीय निविदा) | 3.73 | 3600/- | 750/- | 2 माह | PWD SOR Billing 01.01.2015 |
| 5. | महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड क. 43 अंतर्गत राधाकृष्ण मंदिर के पास शौचालय मरम्मत कार्य (द्वितीय निविदा) | 4.00 | 6000/- | 750/- | 2 माह | PWD SOR Billing 01.01.2015 |
| 6. | महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के 43 में जोशी नाला के पास शेड निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | 1.00 | 3000/- | 300/- | 1 माह | PWD SOR Billing 01.01.2015 |
| 7. | भक्तमाता कर्मा वार्ड क्र. 67 अंतर्गत कुशालपुर ओव्हरब्रिज के पास देविका स्टोर से लेकर विनोद सिन्हा के मकान तक नाली निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | 3.99 | 6000/- | 750/- | 2 माह | PWD SOR Billing 01.01.2015 |
| 8. | देवांगन समाज लाखेनगर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | 15.00 | 15000/- | 750/- | 4 माह | PWD SOR Billing 01.01.2015 |

**शर्तें**

1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। 2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3 तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।


**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रं. 5**
**नगर पालिक निगम रायपुर**

घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

## सिर्फ पैसों के लिए कोई फिल्म साइन नही की : राजकुमार राव

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उन्होंने सिर्फ पैसों के लिए कोई फिल्म साइन नहीं की है। राजकुमार राव ने बताया कि मैंने कभी पैसों के लिए काम नहीं किया। कई बार ऐसा मौके आए जहां लोगों ने कहा कि आप ये कर लो, पैसे मिल जाएंगे लेकिन मैंने नहीं चुना। क्योंकि उससे रातों की नींद उड़ जाती है। जो पैसा खराब नीयत से आता है या खराब तरीके से आता है, मुझे वह नहीं चाहिए। मुझे मेरी सुकून की नींद बहुत पसंद है। जितना मिला, उतना मेरे लिए ठीक है। राजकुमार राव इन दिनों फिल्म 'स्त्री 2' में काम कर रहे हैं। राजकुमार राव ने बताया स्त्री 2 का पहला शेडयूल पूरा हो चूका हैं। स्त्री 2 बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। बहुत लोग है जो इस फिल्म को बहुत प्यार करते है।

# डब्ल्यूएचओ ने ईजी.5 के बाद एक और कोविड वैरिएंट बीए.2.86 को किया चिह्नित



- पहली बार यह इजरायल में पाया गया था बीए.2.86 ओमिक्रॉन
- नज़दीकी निगरानी, अनुक्रमण और कोविड-19 रिपोर्टिंग की जरूरत
- तीन मामलों के बाद डब्ल्यूएचओ ने वीयूएम घोषित किया

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ईजी.5 के बाद ओमिक्रॉन बीए.2.86 के एक और सब-वैरिएंट को बीए.एक्स के रूप में चिह्नित किया है।

बीए.2.86 ओमिक्रॉन के बीए.2 वंश से है और पहली बार यह इजरायल में पाया गया था। अब तक इसके पांच मामलों का पता चला है।

जिसमें डेनमार्क से 2, इजरायल से 1, अमेरिका से 1 और यूके से 1 मामला सामने आया है।

सिर्फ तीन मामलों के बाद डब्ल्यूएचओ ने इसे निगरानी वाला वेरिएंट (वीयूएम) घोषित कर दिया, और इसके प्रसार व गंभीरता को समझने के लिए वैरिएंट की कड़ी निगरानी का भी आह्वान किया।

वैश्विक स्वास्थ्य निकाय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'डब्ल्यूएचओ ने बड़ी संख्या में उत्परिवर्तन के कारण आज कोविड-19 वैरिएंट बीए.2.86 को वीयूएम के रूप में नामित किया है। म्यूटेशन की संख्या पर ध्यान देने की जरूरत है।'

अभी बहुत सीमित जानकारी उपलब्ध है। लेकिन बड़े उत्परिवर्तन के कारण, ज्ञात प्रकारों को ट्रैक करने/नए वैरिएंट का पता लगाने के लिए नज़दीकी निगरानी, अनुक्रमण और कोविड-19 रिपोर्टिंग की जरूरत है। डब्ल्यूएचओ में कोविड-19 प्रतिक्रिया के लिए तकनीकी प्रमुख मारिया वान केरखोव को एक पोस्ट में जोड़ा गया।

भले ही कोविड वायरस का प्रसार और विकास जारी है, डब्ल्यूएचओ ने बेहतर निगरानी, अनुक्रमण और रिपोर्टिंग का भी आह्वान किया है।

ऐसा लगता है कि बीए.2.86 असली चीज है, अब इसका पता लंदन, इंग्लैंड से भी लगाया गया है।

डब्ल्यूएचओ के वैक्सीन सेफ्टी नेट के सदस्य डॉ. विपिन एम वशिष्ठ ने कहा कि इस मुद्दे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डब्ल्यूएचओ ने पहले ही केवल 3 अनुक्रमों के आधार पर इसे वीयूएम घोषित कर दिया है।

# पहली बार दीपिका पादुकोण को देख तेजी से धड़कने लगा था दिल : दुलकर सलमान



**मुंबई,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। एक्टर दुलकर सलमान का कहना है कि वह दीपिका पादुकोण के बहुत बड़े फैन हैं। दुबई में पहली बार उनको देखकर दिल तेजी से धड़कने लगा था। रोपोसो पर एक चैट सेंशन के दौरान, दुलकर को नेटफ्लिक्स पर अपकमिंग रिलीज 'गन्स एंड गुलाब' के अनुरूप एक स्टार को या तो एक गुलाब या एक गन देनी थी।

यह पूछे जाने पर कि वह दीपिका को क्या देंगे, उन्होंने खुलासा किया, गुलाब, क्योंकि वह मेरे लिए गुलाब की तरह है। मैं 'ओम शांति ओम' के बाद से दीपिका का बहुत बड़ा फैन रहा हूं। मुझे याद है जब मैं दुबई में काम कर रहा था तो वह 'कार्तिक कॉलिंग कार्तिक' (2010) के प्रीमियर के लिए वहां आ रही थी।मैं किसी तरह प्रीमियर के लिए टिकट पाने में कामयाब रहा। मैं रेड कार्पेट के किनारे खड़ा था, जहां मैंने उन्हें पहली बार व्यक्तिगत रूप से देखा था। यह मेरे लिए एक (ओम शांति ओम) पल था!जहां उन्होंने दीपिका के प्रति अपने प्यार के बारे में बात की, वहीं उन्होंने शाहरुख खान, सलमान खान, अमिताभ बच्चन, अल्लू अर्जुन जैसे सितारों को एक गुलाब दिया, जबकि, उन्होंने रजनीकांत को एक गन दी।लाइव शो के दौरान, उनसे यह भी पूछा गया कि क्या उनके साथ कभी कोई क्रेजी फैन मोमेंट आया है, तो उन्होंने बताया, मैं अपने सभी फैंस से प्यार करता हूं। मैं उस वक्त टेंशन में आ जाता हूं जब युवा फैन अपनी बाइक पर मेरा पीछा करते हैं। यह बहुत डरावना है और उनके लिए सुरक्षित नहीं है।प्लेटफॉर्म पर लाइव शो के दौरान दुलकर ने रश्मिका मंदाना के 'सामी सामी', राम चरण के 'नाटू नाटू', कैटरीना कैफ के 'चिकनी चमेली' जैसे स्टार्स के हुक स्टेप्स भी किए और बातें भी की। 'गन्स एंड गुलाब' 'फर्स्ट' की एक मनोरम कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में गुलाबगंज नामक अप्रत्याशित और अनिश्चित शहर में स्थापित की गई थी। यह सीरीज नब्बे के दशक में बॉलीवुड के लिए एक गीत है, जो दशक के आकर्षण को वापस लाती है।



# देश का पहला 3डी-प्रिंटेड डाकघर

- केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 3डी-प्रिंटेड डाकघर का किया उद्घाटन

**बेंगलुरु,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। देश के पहले 3डी-प्रिंटेड डाकघर का उद्घाटन शुक्रवार को केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में किया। केंद्रीय मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि 3डी-प्रिंटेड डाकघर का उद्घाटन उस भावना का संकेत देता है जिसके साथ देश वर्तमान समय में प्रगति कर रहा है। वैष्णव ने कहा कि किसी ने कभी नहीं सोचा था कि भारत अपनी 4जी और 5जी तकनीक विकसित करेगा। किसी ने कभी नहीं सोचा था कि भारत अपने खुद के बहुत जटिल दूरसंचार उपकरण का उत्पादन करेगा। वास्तव में उद्योग के दिग्गजों में से एक ने उल्लेख किया था कि वह 35 वर्षों से दूरसंचार उद्योग के साथ थे और कभी कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि भारत दूरसंचार प्रौद्योगिकी के निर्माता और विकासकर्ता के रूप में उभर सकता है।

उन्होंने कहा कि किसी ने कभी नहीं सोचा था कि भारत अपनी बुलेट ट्रेन बनाने के रास्ते पर एक विश्व स्तरीय ट्रेन का डिजाइन और निर्माण करने में सक्षम होगा। उदाहरण के बाद उदाहरण, सेक्टर दर सेक्टर, कोई भी कभी नहीं सोच सकता था कि भारत हॉवित्जर तोपों का निर्यात करेगा।

केंद्रीय मंत्री ने बेंगलुरु की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें यहां आकर अच्छा लगता है क्योंकि इस शहर में बहुत अधिक ऊर्जा, सकारात्मकता और दूरदर्शी चरित्र है। यह शहर भारत की एक नई तस्वीर पेश करता है। उन्होंने कहा कि आज आपने इस 3डी-मुद्रित डाकघर के संदर्भ में जो नई तस्वीर देखी, वह आज के भारत की भावना है।

डाकघर का निर्माण 1000 वर्ग फुट में लार्सन एंड टुब्रो कंस्ट्रक्शन द्वारा 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करते हुए किया गया है। डाकघर के संरचनात्मक डिजाइन को आईआईटी मद्रास ने अनुमोदित किया था।

यह डाकघर हलासुरू इलाके में कैम्ब्रिज लेआउट में स्थित है। यह इमारत 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके बनाई गई थी। परियोजना 45 दिन में पूरी हुई।

# लड़के ने कॉल रिकॉर्डिंग लीक की, पंचायत ने सुनाई चप्पल से पीटने की सजा

- हापुड़ जिले में एक लड़के ने लड़की के साथ चैट का वीडियो किया वायरल



**हापुड,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में एक लड़के ने लड़की के साथ चैट का वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद पंचायत ने लड़के को चप्पल से पीटने का आदेश दिया। आरोपी ने एक लड़की के साथ अपनी बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी। फिर कथित तौर पर इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। इस 'सजा' का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पीड़ित लड़की लड़के को चप्पल से पीटती नजर आई।

एक ग्रामीण को लड़के को अपना चेहरा न छिपाने की हिदायत देते हुए और उसकी शर्ट फाड़ते हुए भी देखा जा सकता है। गांव के लोगों ने लड़के को लड़की से माफी मांगने का भी आदेश दियाKगढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के सर्कल अधिकारी अभिषेक सिन्हा ने कहा कि लड़की ने 13 अगस्त को उस व्यक्ति के खिलाफ बहादुरगढ़ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि लड़की और लड़का रिलेशनशिप में थे। परिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के बारे में पता चला तो लड़की ने शिकायत दर्ज कराई। हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के सर्कल अधिकारी अभिषेक सिन्हा ने कहा कि लड़की की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है। हम उस वीडियो को प्रमाणित नहीं कर सकते, जिसमें लड़की उसे मारती हुई दिख रही है।

# जान हथेली पर रखकर मां व नवजात बेटे को सुरक्षित घर पहुंचाया

**चमोली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड में चमोली जिले के लोहजंग - वाण सडक बुराकोट में क्षतिग्रस्त होने से वाण गांव के कर्जा तोक के ग्रामीणों नें गर्भवती किरन देवी पत्नी देवेन्द्र सिंह को एक किलोमीटर पैदल कुर्सी में बैठाकर जान जोखिम में डालते हुए उफनते गदेरे के ऊपर बल्लियों को पार करके सड़क तक पहुंचाया था। गुरुवार को गर्भवती को देवाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। देवाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार सुबह 12 बजकर 19 मिनट पर किरन ने स्वस्थ बच्चे (लड़का) को जन्म दिया। जिसके बाद शनिवार सुबह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से किरन और उसके नवजात बच्चे को किरन के परिजन अपने घर वाण ले गए। जैसे ही वो लोग बुराकोट गदेरे के पास पहुंचे। तो उनके होश उड़ गए क्योंकि बुराकोट गदेरे पर बनाया गया वैकल्पिक पुल गुरूवार रात्रि और शुक्रवार की सुबह हुई भारी बारिश से बह चुका था। सामाजिक कार्यकर्ता हीरा सिंह गढवाली ने बताया कि बुधवार को प्रशासन द्वारा बुराकोट गदेरे में आवाजाही के लिए जो वैकल्पिक पुल बनाया था। वो भारी बारिश से बह गया था जिस कारण लोगो की मुसीबत में बढ़ गई है। नवजात शिशु और उसकी मां को सुरक्षित घर तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों नें जान जोखिम में डालकर बुराकोट गदेरे में बैकल्पिक पुल बनाया। जिसके बाद मेरे द्वारा नवजात बालक को बमुश्किल से बुराकोट गदेरे व क्षतिग्रस्त सड़क से पार पहुंचाया गया। वहीं नवजात की मां किरन देवी ने कहा कि जैसी परिस्थितियां मेरी साथ हुई वैसी स्थिति किसी भी गर्भवती महिला के साथ न हो। किरन ने ग्रामीणों का धन्यवाद दिया की वो ही उसके लिए भगवान साबित हुए। उन्होंने सरकार से मांग की है की अतिशीघ्र लोहजंग - वाण सड़क के बुराकोट गदेरे में वैली ब्रिज बनाया जाए।

सामाजिक कार्यकर्ता हीरा सिंह गढ़वाली नें नवजात को बुराकोट से सुरक्षित पार पहुंचाया तो वहीं ग्रामीण उदय सिंह, नरेंद्र सिंह, कुवर सिंह, हीरा सिंह बुग्याली, सुरेन्द्र सिंह, जमुना देवी, कस्तूरा देवी, आशा कार्यकत्री लक्ष्मी देबी, कल्याण सिंह, कृष्णा सिंह, ग्राम प्रहरी मदन सिंह, मान सिंह पिमोली, बलवंत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों नें जान जोखिम में डालकर बुराकोट गदेरे में वैकल्पिक पुल बनाया और मां बेटे को घर पहुंचाया।

# कल रिलीज होगा फिल्म 'कराची टू नोएडा' का थीम सांग



**नोएडा,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर का नाम विवादों के साथ लगातार जुड़ा हुआ है। एक तरफ जांच एजेंसियां उसके कागज को वेरीफाई करने में लगी हुई हैं, वहीं दूसरी तरफ उस पर बनने वाली फिल्म ने जोर पकड़ लिया है। फिल्म का थीम सॉन्ग 20 अगस्त को रिलीज किया जाएगा। इसके लिए प्रोडक्शन कंपनी ने पोस्टर भी जारी किया है।

जानी फायरफॉक्स कंपनी ने सीमा हैदर और सचिन मीणा पर बनने वाली फिल्म कराची टू नोएडा का एक पोस्टर जारी किया है। यह पोस्टर इसकी थीम सॉन्ग का हैKप्रोडक्शन कंपनी के मालिक अमित जानी ने बताया है कि 20 अगस्त को इस फिल्म का थीम सॉन्ग रिलीज किया जाएगा। इसके साथ ही साथ सचिन मीणा, गुलाम हैदर समेत फिल्म में काम करने वाले करीब 50 किरदारों की कास्टिंग भी दिल्ली में रखी गई है।

उन्होंने उम्मीद जताई है कि सैकड़ों की संख्या में कलाकार कास्टिंग के लिए जुटेंगे। अमित जानी के मुताबिक उम्मीद यह की जा रही है कि थिएटर के कलाकार इस फिल्म को लेकर ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं।

# 'बहू भी बेटी बन सकती है', इस अवधारणा पर विश्वास करती हूं : मानसी जोशी रॉय



**मुंबई,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस मानसी जोशी रॉय अपकमिंग शो 'क्योंकि सास मां, बहू, बेटी होती है' में मजबूत इरादों वाली महिला अंबिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वह कहती हैं कि उनका करेक्टर यूनिक है। उसके विचार और कार्य पथ-प्रदर्शक हैं। मानसी कहती हैं, 'मेरा किरदार अंबिका राजगौर वास्तव में यूनिक है, और उसके विचार और कार्य पथ-प्रदर्शक हैं। वह अपने समय से आगे की सोचती है। दिलचस्प बात यह है कि अंबिका एक लड़की को बड़ी होने पर बहू बनाने के इरादे से गोद लेती नजर आएंगी।'

उन्होंने आगे कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि अंबिका एक ऐसी लड़की है जो अपने परिवार से बहुत प्यार करती है और उसका मानना है कि केवल सही मूल्यों के साथ पली-बढ़ी एक बहू ही अपने परिवार को एक साथ रख सकती है। उसका मानना है कि अगर वह केसर में प्यार से इन मूल्यों को बढ़ावा देगी, तो वह बड़ी होकर उस तरह की बहू बनेगी, जिसकी परिवार को जरूरत है।

एक्ट्रेस ने कहा कि मुझे सच में लगता है कि शो की अवधारणा वास्तव में यूनिक है और यह एक ऐसा विषय है जिसे टीवी पर नहीं देखा गया है, और मुझे यकीन है कि दर्शक कहानी और इसके पात्रों से जुड़ेंगे। 'क्योंकि सास मां, बहू बेटी होती है' की कहानी गुजराती परिवार की है। पालनपुर के राजगौर परिवार नवरात्रि उत्सव मना रहा होता है, लेकिन इस बीच सबसे छोटी बहू हेतल अलग होने की मांग करती है। छोटी बहू की इस मांग से अंबिका के परिवार को जोड़कर रखने के सपने बिखर जाते है। अंबिका, अपने परिवार के अनाथालय के दरवाजे पर छोड़ी गई एक बच्ची केसर को गोद लेती है और उसे बेटी के रूप में नहीं बल्कि एक बहू के रूप में पालने की कसम खाती है। उन्होंने आगे कहा कि मैं अपने किरदार से पूरी तरह मेल खाती हूं क्योंकि मैं ऑफ-स्क्रीन भी एक बहू हूं।

# 89 साल के हुए गुलजार



**मुबई,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार, शायर और गीतकार गुलजार आज 89 वर्ष के हो गए। पंजाब अब पाकिस्तान के झेलम जिले के एक छोटे से कस्बे दीना में कालरा अरोरा सिख परिवार में 18 अगस्त 1934 को जन्में संपूर्ण सिंह कालरा गुलजार को स्कूल के दिनों से ही शेरो-शायरी और वाद्य संगीत का शौक था। कॉलेज के दिनों में उनका यह शौक परवान चढ़ने लगा और वह अक्सर मशहूर सितार वादक रविशंकर और सरोद वादक अली अकबर खान के कार्यक्रमों में जाया करते थे। भारत विभाजन के बाद गुलजार का परिवार अमृतसर में बस गया लेकिन गुलजार ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई का रूख किया और वर्ली में एक गैरेज में कार मैकैनिक का काम करने लगे।

गैरेज के पास ही एक बुकस्टोर वाला था जो आठ आने के किराए पर दो किताबें पढ़ने को देता था। गुलजार को वहीं पढ़ने का चस्का सा लग गया था। एक दिन फिल्मकार विमल रॉय की कार खराब हो गई। संयोग से विमल रॉय उसी गैरेज पर पहुंचे गए जहां गुलजार काम किया करते थे। विमल रॉय ने गैरेज पर गुलजार और उनकी किताबों को देखा। पूछा कौन पढ़ता है यह सब गुलजार ने कहा, मैं! विमल रॉय ने गुलजार को अपना पता देते हुए अगले दिन मिलने को बुलाया। गुलज़ार जब विमल रॉय के दफ़्तर गए तो उन्होंने कहा कि अब कभी गैरेज में मत जाना। इसके बाद वह बिमल राय के सहायक बन गए।

गीतकार के रूप में गुलजार ने पहला गाना 'मेरा गोरा अंग लेई ले' वर्ष 1963 मे प्रदर्शित विमल राय की फिल्म 'बंदिनी' के लिए लिखा। गुलजार इसके बाद कवि के रूप में प्रोग्रेसिव रायटर्स एसोसिएशन पी.डब्लू.ए से जुड़े गए। गुलजार ने वर्ष 1971 में प्रदर्शित फिल्म 'मेरे अपने' के जरिये निर्देशन के क्षेत्र में भी कदम रखा। इस फिल्म की सफलता के बाद गुलजार ने कोशिश, परिचय, अचानक, खूशबू, आंधी, मौसम, किनारा, किताब, नमकीन, अंगूर, इजाजत, लिबास, लेकिन, माचिस और हू तू तू जैसी कई फिल्में निदेर्शित भी की। प्रारंभिक दिनों में गुलजार का झुकाव वामपंथी विचारधारा की तरफ था जो मेरे अपने और आंधी.जैसी उनकी शुरआती फिल्मों में दिखाई देता है। आंधी में भारतीय राजनीतिक व्यवस्था की परोक्ष आलोचना की गई थी। हालांकि इस फिल्म पर कुछ समय के लिए पाबंदी भी लगा दी गई थी।

गुलजार साहित्यिक कहानियों और विचारों को फिल्मों में ढ़ालने की कला में भी सिद्धहस्त हैं। उनकी फिल्म अंगूर शेक्सपीयर की कहानी कामेडी आफ एरर्स, फिल्म मौसम .ए जे क्रोनिन्स के जूडास ट्री और फिल्म परिचय हॉलीवुड की क्लॉसिक फिल्म द साउंड आफ म्यूजिक पर आधारित थी। राहुल देव बर्मन के संगीत निर्देशन में गीतकार के रूप में गुलजार की प्रतिभा निखरी और उन्होंने दर्शकों और श्रोताओं को मुसाफिर हूं यारो फिल्म परिचय। तेरे बिना जिन्दगी से कोई शिकवा तो नहीं फिल्म आंधी, मेरा कुछ सामान फिल्म इजाजत, तुझसे नाराज नहीं जिन्दगी फिल्म मासूम जैसे साहित्यिक अंदाज वाले गीत दिए। संजीव कुमार जीतेन्द्र और जया भादुड़ी के अभिनय को निखारने में गुलजार ने अहम भूमिका निभायी थी। निर्देशन के अलावा गुलजार ने कई फिल्मों की पटकथा और संवाद भी लिखे। इसके अलावा गुलजार ने वर्ष 1977 में किताब और किनारा फिल्मों का निर्माण भी किया।

गुलजार को अपने गीतों के लिये अब तक 11 बार फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। गुलजार को तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। गुलजार के चमकदार करियर में एक गौरवपूर्ण नया अध्याय तब जुड़ गया जब वर्ष 2009 में फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर में उनके गीत 'जय हो' को ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारतीय सिनेमा में गुलजार के योगदान को देखते हुए वर्ष 2004 में उन्हें देश के तीसरे बड़े नागरिक सम्मान पदभूषण से अलंकृत किया गया।

उर्दू भाषा में गुलजार की लघु कहानी संग्रह धुआं को 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिल चुका है। गुलजार ने काव्य की एक नई शैली विकसित की है, जिसे त्रिवेणी कहा जाता है। भारतीय सिनेमा जगत में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुये गुलजार को फिल्म इंडस्ट्री के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

# कश्मीर में अमरनाथ यात्रा अंतिम चरण में

## बुड्ढ़ा अमरनाथ यात्रा आज से शुरू

■ सुरेश एस डुग्गर




- छोटा अमरनाथ की यात्रा 31 अगस्त से होगी आरंभ

**जम्मू,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में इस समय कई अमरनाथ यात्राएं चल रही हैं। अगर कश्मीर में पिछले 50 दिनों से जारी अमरनाथ यात्रा सवा चार लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं की शिरकत के साथ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है तो पुंछ कस्बे की बुड्ढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए आज पहला जत्था जम्मू से रवाना हुआ है। जबकि उत्तरी कश्मीर के बांडीपोरा में छोटा अमरनाथ की यात्रा 31 अगस्त को आरंभ होने जा रही है। आज बुड्ढ़ा अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा, जिसे बाबा बुड्ढ़ा अमरनाथ यात्रा के नाम से भी जाना जाता है, शुरू हो गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने जम्मू में भगवती नगर बेस कैंप से 1,338 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे और भजन-कीर्तन कर रहे थे, इससे पूरा वातावरण जीवंत हो गया।ज्इस अवसर पर एडीजीपी ने कहा कि श्री बुड्ढ़ा अमरनाथ जी यात्रा उत्तरी भारत और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में महत्वपूर्ण हिंदू तीर्थयात्राओं में से एक है। उन्होंने यात्रा को सफल बनाने में विभिन्न एजेंसियों की भूमिका की सराहना की। यात्रा की सुरक्षा के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए अन्य उपाय किए गए हैं। यात्रा जत्थे में 907 पुरुष, 411 महिलाएं और 20 बच्चे शामिल थे, जो 29 वाहनों में सवार होकर बुड्ढ़ा अमरनाथ जी यात्रा के लिए रवाना हुए। भगवान शिव को समर्पित, जम्मू कश्मीर के पुंछ की मंडी तहसील के राजपुरा गांव में बुड्ढ़ा अमरनाथ मंदिर जम्मू क्षेत्र के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इस बीच उत्तरी कश्मीर के बांडीपोरा जिले में प्रशासन आगामी 31 अगस्त को शुरू होने वाली छोटा अमरनाथ यात्रा की तैयारियों में व्यस्त है। हिमालय पर्वत की चोटी पर अरिन घाटी के घने जंगलों में स्थित, महा दानेश्वर मंदिर, जिसे छोटा अमरनाथ भी कहा जाता है में प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ का लिंगम है। ऊपर से पानी की बूंदें धीरे-धीरे इस लिंगम पर गिरती हैं। इस गुफा की तीर्थयात्रा में केवल एक दिन लगता है, जिसके अंदर की संकीर्ण जगह में केवल 7 से 8 व्यक्तियों के रहने की जगह है। एक अधिकारी ने बताया कि यात्रा, सुरम्य अरिन-दर्दपोरा बेल्ट के माध्यम से 15 किलोमीटर लंबे मार्ग को कवर करते हुए, शम्पथन से होते हुए पवित्र छोटा अमरनाथ गुफा में समाप्त होगी। स्थानीय निवासियों ने बेहतर बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए इस पहल के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। एक स्थानीय निवासी गुलाम मोहम्मद ने कहा कि हम छोटा अमरनाथ यात्रा को लेकर रोमांचित हैं। यह एक स्वागत योग्य कदम है जो हमारे समुदाय में भक्ति की भावना लाता है। दूसरी ओर कश्मीर में अमरनाथ यात्रा अब अपने अंतिम चरण में है जो 31 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। करीब 62 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा में अब वैकल्पिक दिनों में श्रद्धालुओं को रवाना किया जा रहा है क्योंकि इसकी प्रतीक हिमलिंग के पिघल जाने के बाद इसके प्रति आकर्षण समाप्त हो गया है।

# अभिमत

*एक पूरे समुदाय से उत्पन्न होने वाली रचनात्मक अभिव्यक्ति और कला बाजार द्वारा कला के लिए व्यक्तिवादी कला के व्यवसायीकरण में एक मौलिक अलगाव है। आधुनिक भारतीय कला में लोक संस्कृति के संदिग्ध उपयोग में हम जो देखते हैं वह यह है कि किस तरह से प्रकृति के उत्सव का निजीकरण किया गया है और उसे एक उपभोक्ता वस्तु में बदल दिया गया है जो कला उद्योग का एक हिस्सा बन जाता है। लोक परंपरा में कला प्रथाएं संस्कृति और प्रकृति, समुदाय और पूरे जीवंत ब्रह्मांड को एक साथ लाने का तरीका थीं।*

## कला में उपभोक्तावाद और गांधी का संदेश



ज्योति साही

हमें इन दिनों बताया गया है कि नई वैश्विक व्यवस्था में भारत की प्रगति बहुत शानदार है। अभी 15 अगस्त को ही भारत ने अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया है। आज के राजनीतिक माहौल में हम शायद ही कभी 1948 में दिए महात्मा गांधी के उस 'सूत्र' को याद करते हैं जो उन्होंने हमें भारत की आबादी के सबसे गरीब और सबसे कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के कल्याण की कल्पना करने के लिए यह पूछते हुए दिया था कि 'क्या आप जिस कदम पर विचार कर रहे हैं वह उनके लिए कोई काम आने वाला है?' हमें आज इस सूत्र की पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरत है। भारत को रचनात्मक कल्पना के एक नए संग्रह की आवश्यकता है ताकि यह तय किया जा सके कि जमीन से जुड़े लोगों के रचनात्मक विकास पर सांस्कृतिक हस्तक्षेप का क्या प्रभाव पड़ सकता है। हम खुद को यह भूलने की अनुमति नहीं दे सकते कि जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक संकट उन लोगों की तुलना में गरीबों को अधिक प्रभावित करेगा जो हमारी आधुनिक दुनिया के उपभोक्ता समाज को आकार दे रहे हैं।

एक कलाकार के रूप में लेखक को विशेष रूप से 'गरीबों की संस्कृति और कला' में रुचि है। लेखक की राय है कि जिसे हम 'लोक कला' कहते हैं, उसके बारे में जो विशिष्ट तथ्य है वह भौतिकवाद से इसकी स्वतंत्रता है। लोक सौंदर्यशास्त्र भौतिक धन से जुड़ा नहीं है।

यह ऐसे समय में जब हम स्वतंत्रता का उत्सव मना रहे हैं, तो यह याद रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। किस चीज से आजादी? उपनिवेशवाद ने संस्कृति की समृद्धि को न पहचानते हुए उसे गरीब बना दिया, लेकिन औद्योगिकवाद एक अन्य प्रकार की दरिद्रता है जहां अमीर सोचते हैं कि वे गरीबों की संस्कृति का विनियोजन कर संस्कृति को नियंत्रित करते हैं।

'अपने पास कुछ न रखने' यानी अपरिग्रह में एक मूल्य है जो जमीन से जुड़े रहने वालों की विशिष्ट संस्कृति में है, उसके केंद्र में निहित है। यह अपरिग्रह उस प्रकार की अति सूक्ष्मता और सादगी का सार है। यह एक ऐसी संस्कृति की विशेषता है जो चीजों को रखने के बारे में सोचती नहीं है।

वर्धा के समीप सेवाग्राम में 'मध्यवर्ती प्रौद्योगिकी' पर एक बैठक 1978 में आयोजित की गई थी। 'मैसेज ऑफ बापू'ज हट' (बापू की कुटिया का संदेश) विषय पर आयोजित इस गांधीवादी संगोष्ठी का उद्घाटन इवान इलिच ने किया था। लेखक ने एक बार अपने छात्रों को इवान इलिच के विचारों के बारे में बताते हुए पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि इस तरह 'बापू की झोपड़ी' के संदर्भ में दिए गए संदेश को भारतीय संदर्भ में उपयुक्त माना जा सकता है? लेखक को पता था कि उसके कई छात्र एक आधुनिक संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं जो इस तरह की झोपड़ी को 'अविकसित' के नजरिए से देखकर अस्वीकार करती है। 'वर्नाकुलर आर्किटेक्चर' को नया स्वरूप देने का प्रयास आउटडेटेड और रोमांटिक माना जाता है जो राजनीतिक आजादी के बाद वैश्विक प्राथमिकताओं के लिए प्रयास कर रहे आधुनिक भारत के लिए अप्रासंगिक है।

कोविड महामारी से बहुत पहले ही आधुनिकता की महामारी ने अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई को और चौड़ा करना शुरू कर दिया था। 'अंबानी सांस्कृतिक केंद्र' का उद्देश्य 'भारतीय कलाओं को संरक्षित और बढ़ावा देना' है जो हाल ही में बेंगलुरु में खोले गए कला और फोटोग्राफी संग्रहालय (म्यूजियम ऑफ आर्ट एंड फोटोग्रॉफी- एमएपी) से मेल खाता है। इस तरह की पहल आर्थिक रूप से कॉर्पोरेट उद्योग द्वारा समर्थित है। एमएपी में ज्योति भट्ट (जन्म 1934) की प्रदर्शनी उनके काम को प्रदर्शित करती है। गुजरात के गांवों में पारंपरिक सजावट, जमीन पर बनी और उनके साधारण घरों की मिट्टी से ढंकी दीवारों को दिखाते हुए उनके द्वारा खींचे गए फोटो विशेष दिलचस्प हैं जिनमें धरती से जुड़ी ग्रामीण संस्कृति का उत्सव दिखाया गया है। ज्योति भट्ट ने स्थानीय स्तर पर प्राप्त बुनियादी कच्ची सामग्री का उपयोग कर प्रकृति की लय से जुड़े समुदायों के रोजमर्रा के जीवन का दस्तावेजीकरण किया। कृषक समाज ने एक दृश्य भाषा विकसित की है जो प्राकृतिक परिदृश्य के करीब है। इस तरह की संस्कृति को उपभोक्ता उद्योग संस्कृति द्वारा बाधित किया गया है।

भारत की लोक कलाओं के सौंदर्य ने कई आधुनिक भारतीय कलाकारों को एक निहित शब्दावली प्रदान की है जिसकी जड़ें हमारी परंपराओं में हैं और जो समकालीन प्रश्नों को भी संबोधित कर सकती है। इस कला का उद्देश्य जीवन के पूर्व-औद्योगिक तरीके को 'चित्रित' करना नहीं है बल्कि उन लोगों के दैनिक अनुभव को मूर्तरूप देना है जिनका जीवन मौसम के बदलाव के अनुसार होता है। आनंद कुमारस्वामी ने जब सौंदर्यशास्त्र के लिए 'स्वदेशी' दृष्टिकोण की बात की तो इसने 'बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट' के अवनींद्रनाथ टैगोर और जामिनी रॉय जैसे अन्य छात्रों को प्राकृतिक वातावरण के करीब रहने वाली कहानियों और प्रतीकों पर आधारित लोक कल्पना की सराहना करने के लिए प्रेरित किया। इस 'स्वदेशी' कला ने 'कला के लिए कला' की पश्चिमी परिकल्पना से अलग होकर राष्ट्रवादी आंदोलन में एक स्थान ग्रहण किया। 'कला के लिए कला' की पश्चिमी परिकल्पना आधुनिक संस्कृति को विकसित करने की कोशिश करता है। पारिस्थितिकीविदों का मानना है कि जब उपभोक्तावाद द्वारा प्रकृति नष्ट की जा रही है तब हमारे वर्तमान सांस्कृतिक गतिरोध को दूर करने का एकमात्र उपाय 'स्वदेशी' कला है।

उदार लोकतंत्र में जो लोग सत्ता में रहते हैं वे राजनीतिक उद्देश्यों के लिए पूंजीवादी उद्योग का इस्तेमाल अपने निहित स्वार्थों के लिए करते हैं। उपभोक्ता विचारधारा उत्पन्न करते समय पारंपरिक संस्कृति को महत्वपूर्ण बनाया जाता है। कला रूपों का उपयोग आम विरासत को वैध बनाने और निजीकरण करने के लिए किया जाता है, चाहे वह जैविक हो या सांस्कृतिक। वैश्विक अनुरूपता के जरिए रचनात्मकता को नियंत्रित किया जाता है जो विविधता को कम करता है।

**उदार लोकतंत्र में जो लोग सत्ता में रहते हैं वे राजनीतिक उद्देश्यों के लिए पूंजीवादी उद्योग का इस्तेमाल अपने निहित स्वार्थों के लिए करते हैं। उपभोक्ता विचारधारा उत्पन्न करते समय पारंपरिक संस्कृति को महत्वपूर्ण बनाया जाता है। कला रूपों का उपयोग आम विरासत को वैध बनाने और निजीकरण करने के लिए किया जाता है, चाहे वह जैविक हो या सांस्कृतिक।**

कला समीक्षक संदीप लुइस बताते हैं कि किस तरह आधुनिक भारतीय कला लोक कला की परंपराओं को 'मानव शास्त्र और इतिहास के बीच' के रूप में उपयोग करती है। लुइस चर्चा में इस बात का उल्लेख करते हैं। 1982 में आधुनिक कलाकार जगदीश स्वामीनाथन नवनिर्मित भारत भवन का प्रमुख बन कर भोपाल गए थे। उस समय भारत सरकार ने ग्रामीण उद्योगों के संदर्भ में ग्रामीण और आदिवासी समुदायों की कलात्मक क्षमता को विकसित करने की कोशिश की। बाद में इन समुदायों के हितों को निजी क्षेत्र को सौंप दिया गया। स्वामीनाथन ने भारत भवन से जुड़े रूपंकर कला संग्रहालय के निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्हें युवा गोंड कलाकार जनगढ़ सिंह श्याम को 'ढूंढ निकालने' का श्रेय दिया गया जो पाटनगढ़ के दूरस्थ आदिवासी गांव में काम कर रहे थे। इस बेहद रचनात्मक युवा कलाकार के काम को बेंगलुरु में कला और फोटोग्राफी संग्रहालय सहित दुनिया भर की विभिन्न दीर्घाओं में देखा जा सकता है।

हालांकि एक पूरे समुदाय से उत्पन्न होने वाली रचनात्मक अभिव्यक्ति और कला बाजार द्वारा कला के लिए व्यक्तिवादी कला के व्यवसायीकरण में एक मौलिक अलगाव है। आधुनिक भारतीय कला में लोक संस्कृति के संदिग्ध उपयोग में हम जो देखते हैं वह यह है कि किस तरह से प्रकृति के उत्सव का निजीकरण किया गया है और उसे एक उपभोक्ता वस्तु में बदल दिया गया है जो कला उद्योग का एक हिस्सा बन जाता है।

लोक परंपरा में कला प्रथाएं संस्कृति और प्रकृति, समुदाय और पूरे जीवंत ब्रह्मांड को एक साथ लाने का तरीका थीं। अंत में, जनगढ़ सिंह श्याम द्वारा 38-39 वर्ष की आयु में तोकामाची (जापान) में अपनी जान लेने की त्रासदीपूर्ण मौतों की एक श्रृंखला की परिणति थी जिसकी शुरुआत उस समय हुई जब कला की व्यावसायिक उपयोग करने वाली दुनिया के लिए अपने मूल गोंड गांव को छोड़ दिया, वह 'व्यावसायिक दुनिया' जिसमें 'जंगल के जादू' को भुला दिया गया था।

*(लेखक स्वतंत्र कलाकार, लेखक और कला शिक्षक हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)*

### बीता सप्ताह

**12 अगस्त**

- गृहमंत्री अमित शाह ने ऐलान किया कि राजद्रोह कानून समाप्त होगा। आईपीसी, सीआरपीसी व एविडेंस एक्ट बदला जाएगा।
- 23 दिनों तक चले संसद के मानसून सत्र में लोकसभा में 45 व राज्यसभा में 63फीसदी कामकाज हुए।
- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा स्टालिन ने सोने के 32 सिक्कों से बना 14 लाख का मुकुट श्रीकृष्ण मंदिर में दान किया।
- रूस ने 50 वर्षों बाद यान लूना-25 को चंद्रमा में प्रक्षेपित किया।

**13 अगस्त**

- छत्तीसगढ़ कांग्रेस के विधायक धर्मजीत सिंह भाजपा में शामिल हो गए।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ड्रोन पैराशूट परितियोजन का सफल परीक्षण किया।
- महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने निजी डिजीटल डेटा संरक्षण(डीपीडीपी)विधेयक-2023 को मंजूरी दी।
- पाकिस्तान में अनवर उल हक काकर कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाए गए।

**14 अगस्त**

- छत्तीसगढ़ के कोटला, सरगुजा, गौरेला, पेंड्रा, मरवाही क्षेत्र में 3.6 रियेक्टर के भूकंप के झटके महसूस किए गए।
- चीन ने हाई आर्बिट सिंथेटिक एमर्चर रडार उपग्रह प्रक्षेपित किया।
- अमेरिका के हवाई में माउई द्वीप के जंगलों में आग लग लगने से 89 लोगों की मृत्यु हो गई।
- भारत में विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डालर से घटकर 601.5 डालर पर आया।

**15 अगस्त**

- हिमाचल में भारी बारिश और भूस्खलन से 40 लोगों की मौत हो गई।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-3 के बाद अब सूरज का अध्ययन करेगा।
- जुलाई में खुदरा महंगाई दर 7 फीसदी पार हो गया। एक जून में 4.87 फीसदी थी।
- स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा- देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है।

**17 अगस्त**

- सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले आपत्तिजनक शब्दों पर रोक लगाने के लिए जेंडर स्टीरियोटाइप काम्बैट हैंडबुक लॉन्च की।
- पाकिस्तान के गेंदबाज वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा।
- स्पेन के कार्लोस अतकाराज ने सिनसिनाटी-2023 के दूसरे चरण में आस्ट्रेलिया के जार्डन थाम्पसन को हराकर इस साल की 50 वीं जीत दर्ज की।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल में मौजूदा नेटवर्क में 2339 किमी जोड़ने के लिए 7 रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी।

**18 अगस्त**

- विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में क्रमश: 39 और 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की।
- चंद्रमा पर छोड़े गए चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर मॉडयूल, प्रॉपतरान अलग होकर आगे की यात्रा के लिए रवाना हुआ।
- अफगानिस्तान में तालीवान ने सभी राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध लगाया।
- नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने पर राहुल गांधी ने कहा नेहरू की पहचान नाम से नहीं कर्म से है।

## ताप-विद्युत बनाम 'अक्षय-ऊर्जा' : कोयले की कालिख

■ दीपमाला पटैल

भारत का लक्ष्य 2022 तक 'अक्षय ऊर्जा' यानी रिन्यूएबल एनर्जी (अक्षय ऊर्जा या नवीकरणीय ऊर्जा के उदाहरण हैंङ्कबायोगैस, बायोमास, सौर ऊर्जा इत्यादि) से 175 गीगावॉट बिजली उत्पादन करने का था। भारत सरकार ने भी 2030 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावॉट तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। 'रिन्यूएबल एनर्जी' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को हर साल लगभग डेढ़ से दो लाख करोड़ रुपए के निवेश की जरूरत है, लेकिन अभी इस क्षेत्र में सालाना 75 हजार करोड़ रुपए का ही निवेश हो पा रहा है। यह 'अक्षय ऊर्जा' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नाकाफी है।

भारत के प्रधानमंत्री ने 26 वें 'संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन' (सीओपी- 26) में घोषणा की थी कि भारत 2030 तक अपनी गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक पहुंचाएगा। यही नहीं, 2030 तक अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा की जरूरत 'अक्षय ऊर्जा' से पूरी करेगा और कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी करेगा। भारत, अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता (इन्टेंसिटी) को 45 प्रतिशत से भी कम करेगा और 2070 तक 'नेट जीरो' का लक्ष्य हासिल करेगा। सवाल है कि 'मैदान' में क्या हो रहा है?

**उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के सिंगरौली-सोनभद्र के कुछ इलाकों में लगभग 9 थर्मल-पावर प्लांट हैं। यहां 2019-20 में फ्लाई-ऐश बांध टूटने की तीन घटनाओं ने थर्मल-पावर प्लांट की राख के रख-रखाव पर सवाल खड़े किये थे। उसी क्षेत्र में बार-बार राख-बांध टूटने की घटनाएं और राख का ढेर, सिंगरौली-सोनभद्र में रहने वाले लोगों को कई वर्षों से वायु-प्रदूषण का प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ रहा है।**

इसी माह की शुरुआत में उत्तरप्रदेश सरकार ने सोनभद्र जिले के ओबरा में 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 800 मेगावाट की दो 'अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल ओबरा-डी थर्मल-पावर परियोजनाओं' को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राज्य के लोगों को सस्ती बिजली प्रदान करना बताया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री ने यह भी कहा है कि थर्मल-पावर उत्पादन के मामले में उत्तरप्रदेश की मौजूदा क्षमता 7,000 मेगावाट है और ये दो संयंत्र मौजूदा क्षमता का लगभग 25 प्रतिशत योगदान देंगे।

एक नयी परियोजना- 1600 मेगावाट क्षमता वाली ओबरा-डी को 18000 करोड़ रुपये की लागत की मंजूरी दी गई। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए सरकार द्वारा पहले ही 500 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाई जा चुकी है और यदि आवश्यकता हुई तो और अधिक जमीन आवंटित की जाएगी। सरकार के इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

इस प्रस्तावित परियोजना में राज्य सरकार और केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली बिजली जनरेटर 'एनटीपीसी' के साथ आधी-आधी साझेदार होगी। परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जहां 30 प्रतिशत इक्विटी दी जाएगी, वहीं शेष 70 प्रतिशत राशि की व्यवस्था वित्तीय संस्थानों से की जाएगी। इसका मतलब यह है कि बैंकों में जमा जनता का पैसा इस परियोजना पर लगाया जाएगा, जिससे थर्मल-पावर प्लांट के आसपास रहने वाली जनता का ही नुकसान होगा।

'डाउन टू अर्थ' पत्रिका में छपे एक लेख के अनुसार उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के सिंगरौली-सोनभद्र के कुछ इलाकों में लगभग 9 थर्मल-पावर प्लांट हैं। यहां 2019-20 में फ्लाई-ऐश बांध टूटने की तीन घटनाओं ने थर्मल-पावर प्लांट की राख के रख-रखाव पर सवाल खड़े किये थे। उसी क्षेत्र में बार-बार राख-बांध टूटने की घटनाएं और राख का ढेर, सिंगरौली-सोनभद्र में रहने वाले लोगों को कई वर्षों से वायु-प्रदूषण का प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ रहा है। अतिरिक्त राख के कारण अक्सर ये बांध लीक या ओवरफ्लो हो जाते हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों के लिए तबाही मच जाती है। इससे भूजल और सतही जल प्रदूषित भी होता है। इस क्षेत्र की पहचान 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' द्वारा गंभीर रूप से प्रदूषित क्षेत्र के रूप में की गई है।

इसके बावजूद राज्य में 6600 मेगावाट की पांच परियोजनाएं-ओबरा-सी (1320 मेगावाट), जवाहरपुर सुपर थर्मल-पॉवर स्टेशन (1320 मेगावाट), घाटमपुर थर्मल-पॉवर स्टेशन (1980 मेगावाट), मेजा थर्मल-पॉवर स्टेशन (1320 मेगावाट) और पनकी थर्मल-पॉवर स्टेशन (660 मेगावाट) निर्माणाधीन हैं। यही नहीं, जुलाई 2014 में इलाहाबाद जिले में करछना थर्मल-पावर स्टेशन को स्वीकृति मिली थी जिसकी अनुमानित क्षमता 1320 मेगावाट थी। अभी तक इस पावर-प्लांट का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। 'ओबरा-डी थर्मल-पावर परियोजना' वर्ष 2027 में बिजली उत्पादन शुरू करेगी।

रिजर्व बैंक ने 2022-23 में मुद्रा एवं वित्त पर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें जलवायु से संबंधित अनेक आयामों को शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि अगर भारत को 2070 तक कार्बन के शून्य लक्ष्य को हासिल करना है तो एनर्जी मिक्सिंग का दौर तेजी से लाना होगा, किन्तु कोयला आधारित नए बिजली संयंत्रों का निर्माण शुरू करने से 'रिन्यूएबल ऊर्जा' लक्ष्यों की प्राप्ति में और विलम्ब होगा। यह 'रिन्यूएबल उद्योग' के विकास को भी खतरे में डाल देगा।

देश में 2022-23 में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 8.87त्न की वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023-24 के लिए बिजली उत्पादन का लक्ष्य 1750 अरब यूनिट तय किया गया था, जिसमें से 75 फीसदी से अधिक थर्मल स्त्रोतों, मुख्य रूप से कोयले से होने की उम्मीद है। ऐसे में भारत में बिजली के लिए कोयले पर निर्भरता कम कैसे हो सकती है?

उत्तरप्रदेश की बिजली उत्पादन की बात करें तो अप्रैल 2023 में 'टाइम्स ऑफ़ इण्डिया' में छपे लेख के अनुसार उत्तरप्रदेश सरकार ने दावा किया है कि राज्य के स्वामित्व वाले थर्मल-पावर प्लांट 39,691 यूनिट का उत्पादन करने में कामयाब रहे हैं जो अब तक का सबसे ज्यादा बिजली उत्पादन का रिकॉर्ड है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, राज्य के स्वामित्व वाले बिजली संयंत्रों जैसे अनपरा ओबरा, पारीछा और हरदुआगंज थर्मल परियोजनाओं ने कुल 3,969.10 करोड़ यूनिट बिजली पैदा की जो 2021-22 में 3502.20 करोड़ यूनिट के कुल सकल बिजली उत्पादन से 13.33त्न अधिक है।

राज्य के बिजली संयंत्रों ने 76.44फीसदी 'प्लांट लोड फैक्टर' (पीएलएफ- औसत लोड और पीक लोड का अंश) पर काम किया है। यह 2019-20, 2020-21 और 2021-22 में क्रमश: 68.80फीसदी, 69.71फीसदी और 71.82फीसदी से अधिक था। अकेले अनपरा थर्मल-पावर स्टेशन की इकाइयों ने रिकॉर्ड 95.75फीसदी वार्षिक 'पीएलएफ' पर बिजली का उत्पादन किया। इस इकाई ने 838.80 करोड़ यूनिट का अब तक का सबसे अधिक सकल विद्युत उत्पादन किया।

ओबरा जैसे कई पावर-प्लांट हैं जिनकी वजह से उस क्षेत्र की जमीन, वहां रहने वाले जीव-जंतु और समुदाय को सामाजिक और पर्यावरणीय नुकसान का सामना करना पड़ा है। थर्मल-पावर प्लांट से निकलने वाली राख हवा में घुलकर लोगों व जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य, जल-स्त्रोत, फसल को हानि पहुंचाती है। लोकहित और पर्यावरण सरंक्षण की दृष्टि से ओबरा-डी थर्मल-पावर प्लांट पर किसी भी वित्तीय संस्था/बैंक द्वारा अपना पैसा नहीं लगाना चाहिए। ऐसा करना जनता के साथ विकास के नाम पर खिलवाड़ करना होगा।

*(लेखिका 'सेंटर फॉर फायनेंशियल अकाउन्टेबिलिटी' की शोधार्थी हैं।)*

## आजादी के इंतजार में आधी आबादी

■ कविता त्रिवेदी

देश स्वतंत्रता प्राप्ति की 76वीं वर्षगांठ मनाया है। हमने अपना 'अमृत महोत्सव' भी मना लिया। 'विश्व गुरु' होने को लालायित हम हर क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं। विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था से ऊपर छलांग लगाने की लालसा भी है, लेकिन 'यूनाइटेड नेशंस डेवलेपमेंट प्रोग्राम' (यूएनडीपी) के 'जेंडर सोशल इंडेक्स' की ताजा रिपोर्ट कुछ और बताती है। 'यूएनडीपी' ने चार आयामों :राजनीतिक, शैक्षिक, आर्थिक और भौतिक अखंडता में महिलाओं के प्रति लोगों के नज़रिये को ट्रैक किया। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 90फीसदी लोग अभी भी महिलाओं के खिलाफ कम-से-कम एक पूर्वाग्रह रखते हैं। दूसरे देशों की तुलना में भारतीय महिलाओं के लिए यह कहीं ज्यादा है। यहां राजनीतिक पूर्वाग्रह 68.9 प्रतिशत, शैक्षणिक 38.5 प्रतिशत, आर्थिक 75.1 प्रतिशत और भौतिक अखंडता पर पूर्वाग्रह 92.4 प्रतिशत है।

'यूएनडीपी' की रिपोर्ट को मैदानी अनुभवों से जोड़कर देखें तो तीन महीने से जातीय हिंसा की आग में जलकर खाक हो रहा उत्तर-पूर्व का राज्य मणिपुर दिखाई देता है। वहां की राज्यपाल महामहिम अनुसुइया उइके ने भी स्वीकार किया है कि ऐसी हिंसा उन्होंने अपने जीवन में कभी नहीं देखी। इस जातिगत हिंसा का शिकार कौन बना? दोनों ओर की महिलाएं ही? वे न आतंकवादी थीं, न राष्ट्रवाद विरोधी और न ही खूनी या डकैत। वे किसी की मां, बहन एवं बेटी थीं। एक कारगिल के जवान की पत्नी थीं, तो एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी थीं। ऐसी कई बहन-बेटियां मारी गईं या जला दी गईं। कैसे और किसने? उसी समुदायों के पुरुषों ने जिन्होंने यह मान रखा है कि किसी भी महिला पर अत्याचार करना उनका जन्मजात हक़ है और ऐसा करने में उन्हें न कोई शर्म है, न समाज, शासन, प्रशासन का कोई भय।

**भारतीय समाज में अभी भी यह अवधारणा है कि समाज पुरुषों से चलता है। लड़की का होना ही एक बोझ माना जाता है। उसके जन्म होने के पहले ही उसे खत्म करने की साज़िश शुरू हो जाती है और पैदा हो जाए तो बचपन से अधिकतर परिवारों में वे लड़की होने के अपराध बोध से ग्रस्त रहती हैं। यह मानकर चला जाता है कि वह पराया धन है।**

भारतीय महिलाओं की समाज में उल्लेखनीय भूमिका है। हर वर्ग की स्त्रियां अपने शारीरिक,सामाजिक, व्यावहारिक एवं आर्थिक योगदान से समाज को, परिवार को, देश को परोक्ष या अपरोक्ष रूप से सहायता प्रदान कर रही हैं। बावजूद इसके कश्मीर से कन्याकुमारी हो, या राजस्थान से मणिपुर, महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न एवं अत्याचारों की संख्या 'ट्रिलियन डालर इकानामी' की तरह बढ़ती ही जा रही है और इस मामले में कोई भी वर्ग अछूता नहीं है।

भारतीय समाज में अभी भी यह अवधारणा है कि समाज पुरुषों से चलता है। लड़की का होना ही एक बोझ माना जाता है। उसके जन्म होने के पहले ही उसे खत्म करने की साज़िश शुरू हो जाती है और पैदा हो जाए तो बचपन से अधिकतर परिवारों में वे लड़की होने के अपराध बोध से ग्रस्त रहती हैं। यह मानकर चला जाता है कि वह पराया धन है। दान दहेज दे, एक सुखी जीवन देने की आस में लड़कियों के परिवार के माता-पिता विवाह कर भार मुक्त हो जाते हैं, लेकिन शादी करके अपने पति के घर गई लड़की वैचारिक तौर पर परिवार के हर व्यक्ति से समझौता करती है। उसे यह शिक्षा दी जाती है कि वह निभाना एवं निभना सीखे। वहीं पारिवारिक संप्रभुता का वर्चस्व किसी भी महिला के साथ होने वाले मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक उत्पीड़न का कारण बनता है। बलात जबरदस्ती, दहेज़ प्रताड़ना, गाली देना, भूखे रखना, शराब पीकर महिलाओं को मारना, अपहरण हो लापता होना-ऐसे अनेक मामले हैं जिसने देश में महिलाओं का जीना दूभर किया हुआ है।

आज देश में महिलाओं का कार्य क्षेत्र बढ़ा है। वे हर मोर्चे पर आत्मविश्वास से काम कर रही हैं, लेकिन उनका प्रतिशत काफी कम है। उपयुक्त वातावरण का न मिल पाना उन्हें घर बैठने को मजबूर कर देता है। महिलाओं एवं लड़कियों के प्रति बढ़ रहे दुराचारों के मामले में बढ़ोतरी चिंता का विषय तो है। एक भययुक्त वातावरण में देश की महिलाएं जीने को मजबूर हैं, चाहे वे कितने ही उच्च पद पर आसीन क्यों न हो। राजनीति का क्षेत्र देश का सबसे मुखर क्षेत्र है। कहने-सुनने की आज़ादी एक प्रजातांत्रिक देश होने के कारण सबको मिलती है। उसमें भी सरपंच महिला हो या जनपद अध्यक्ष, यहां तक कि महिला पार्षद तक का प्रतिनिधित्व उनके पति करते हैं, न कि निर्वाचित महिलाएं। वर्तमान में संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 14.4 प्रतिशत है जो महिलाओं की संख्या की तुलना में बहुत कम है।

आर्थिक स्वावलंबन के लिहाज से देश की 60 प्रतिशत महिलाएं खेती जैसे असंगठित क्षेत्रों से जुड़ी हैं, दिहाड़ी पर काम करती हैं एवं उन्हें स्थायी कार्य का अवसर ही नहीं मिलता। ऐसी ही स्थिति शहरी क्षेत्रों में है जहां गांवों से पलायन कर रोजी-रोटी की तलाश में अपने परिवारों के साथ आई महिलाएं हैं जिनमें घरों में काम करने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा है। वे स्वीकार करती हैं कि पति अच्छे आचरण वाला हो तो ठीक, वरना प्राप्त पैसा भी बेकार हो जाता है। यही नहीं वे घर के लिए कोई चीजें खरीदें तो वे कम कीमत बताती हैं, क्योंकि वह घर परिवार में कलह एवं विवाद का कारण बन सकता है। देश में पुरुषों के मुकाबले कामकाजी महिलाओं की हिस्सेदारी 84 प्रतिशत के मुकाबले मात्र 24 प्रतिशत है, जो बांग्लादेश एवं नेपाल से भी कम है।

शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा खानपान जरूरी है, लेकिन अधिकतर घरों में पुरुषों को भोजन कराने के बाद ही महिलाओं के खाने की परम्परा है। सीमित भोजन का पकना भी महिलाओं को पूर्ण आहार नहीं दे पाता। कमोबेश वही स्थिति घर की लड़की की भी होती है। अधिकतर महिलाएं एवं लड़कियां कुपोषण का शिकार होती हैं। यह स्थिति गांवों से ज्यादा शहरों में है। यही कारण है कि स्वास्थ्य एवं जीवन रक्षा इंडेक्स में भारत 150 वें नंबर पर है।

आजादी के 76 सालों में, माना कि महिलाओं की स्थिति में बहुत बदलाव आया है, लेकिन आबादी का आधा हिस्सा होने के बाद भी वे उस वैचारिक, सामाजिक, आर्थिक एवं स्वयं निर्णय लेने की प्रक्रिया में काफी हद तक नीचे और सामान्यत: वंचित हैं। आकांक्षा, इच्छा एवं कुछ कर गुजरने की चाहत हर महिला अपने मन में संजोए रहती है, लेकिन कम ही उस मुकाम तक पहुंच पाती हैं। जहां आबादी का आधा हिस्सा महिलाएं हों और वे हर स्तर पर प्रताड़ित हों तो सबसे बड़ी जरूरत है, सरकार हर स्तर पर महिलाओं को आगे लाए। समाज में व्याप्त असुरक्षा एवं भय के वातावरण से उन्हें मुक्ति मिले। आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से संपन्न महिलाएं ही देश की तस्वीर बदल सकती हैं। वह तभी हो पाएगा, जब देश की महिलाओं को भी आजादी मिले।

*(लेखिका सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं।)*

# देश विदेश

## जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

**टोक्यो।** जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया 23 अगस्त को दक्षिण चीन सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे। जापानी समाचार एजेंसी क्योडो ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में सूत्रों ने बताया है कि जापान सेल्फ डिफेंस फोर्सेज, अमेरिकी नौसेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख जहाज फिलीपींस के पास तैनात किए जाएंगे। जापान की अपने विमान वाहक में परिवर्तित किये जा रहे सबसे बड़े विध्वंसक इजुमो को भेजने की योजना है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य चीन के जहाजों की निगरानी करना है। उन्होंने बताया कि अभ्यास के लिए कोई समय सीमा अभी तक निर्धारित नहीं है।

# भारतीय मूल के थर्मन सिंगापुर राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन पात्र उम्मीदवारों में शामिल

**सिंगापुर,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय मूल के पूर्व मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम और दो अन्य को सिंगापुर में 1 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। चुनाव विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। गुरुवार को पात्रता प्रमाणपत्र के

- सिंगापुर में 1 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया
- ईएलडी ने राजनीति में 22 साल देने के बाद थर्मन ने जून में शहर-राज्य के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के अपने इरादे की घोषणा की

लिए आवेदन करने का समय समाप्त होने तक राष्ट्रपति चुनाव समिति (पीईसी) को कुल छह आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से, पीईसी ने 66 वर्षीय थरमन, पूर्व जीआईसी निवेश प्रमुख एनजी कोक सॉन्ग (75), और पूर्व नेशनल ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस इनकम के प्रमुख टैन किन लियान (75) को योग्य बनाया। लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष ली त्जु



यांग और सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली समिति ने पाया कि तीनों व्यक्ति ईमानदार, अच्छे चरित्र और प्रतिष्ठा वाले हैं। चुनाव विभाग ने एक बयान में कहा, 'समिति उपलब्ध जानकारी के आधार पर संतुष्ट है कि श्री थर्मन ईमानदार, अच्छे चरित्र और प्रतिष्ठा वाले व्यक्ति हैं।' बयान में कहा गया है, 'समिति इस बात से भी संतुष्ट है कि श्री थर्मन ने तीन या अधिक वर्षों तक मंत्री पद पर रहते हुए अनुच्छेद 19(3)(ए) के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की सेवा की आवश्यकता को पूरा किया है।'

थर्मन, जिन्होंने देश की संस्कृति को विकसित करने की प्रतिज्ञा के साथ पिछले महीने औपचारिक रूप से अपना राष्ट्रपति अभियान शुरू किया था, ने 7 अगस्त को पात्रता प्रमाण पत्र के लिए अपना आवेदन दायर किया था। सिंगापुर में यदि उम्मीदवार राष्ट्रपति पद के चुनाव में भाग लेना चाहते हैं तो उन्हें पात्रता प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करना होगा। यह उन लोगों को दिया जाता है जो अन्य मानदंडों के अलावा सार्वजनिक या निजी क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इसके अलावा, एक सामुदायिक घोषणा भी है, जो उम्मीदवारों को यह घोषणा करने की अनुमति देती है कि वे चीनी, मलय, भारतीय या 'अन्य अल्पसंख्यक' समुदायों से हैं। ईएलडी ने कहा कि उसने सभी व्यक्तियों को उनके आवेदनों के नतीजे के बारे में सूचित कर दिया है, और असफल आवेदकों को उन्हें अस्वीकार करने के कारण भी बताए हैं। हालांकि, असफल उम्मीदवारों के नाम और उन्हें अस्वीकार करने के कारणों को प्रकाशित नहीं किया जायेगा। संवैधानिक आयोग 2016 की रिपोर्ट में चिंता व्यक्त किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया कि संभावित आवेदक शर्मिंदगी के डर से चुनाव लड़ने से परहेज न करें इसलिए उनके नाम सार्वजनिक नहीं किये जायेंगे। सक्रिय राजनीति में 22 साल देने के बाद थर्मन ने जून में शहर-राज्य के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के अपने इरादे की घोषणा की।

# मलेशिया राजमार्ग पर निजी जेट दुर्घटनाग्रस्त, 10 की मौत

**मलेशिया,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। मलेशिया में एक राजमार्ग पर निजी जेट विमान एक कार और मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मलेशिया पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। विमान में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई, साथ ही जमीन पर दो मोटर चालकों की भी मौत हो गई। घटनास्थल के वीडियो क्लिप से यह पता चला कि जेट कार से टकराते ही उसमें आग लग गई। यह लैंगकावी के रिज़ॉर्ट द्वीप से राजधानी कुआलालंपुर के पश्चिम में सेलांगोर तक यात्रा कर रहा था। अधिकारियों ने कहा कि बीचक्राफ्ट मॉडल 390 विमान का गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले हवाई यातायात नियंत्रण टॉवर से संपर्क टूट गया था।

हुसैन उमर खान ने कहा, 'कोई आपातकालीन कॉल नहीं थी, विमान को उतरने की मंजूरी दे दी गई थी।' उड़ान घोषणापत्र के अनुसार, छोटे हवाई जहाज के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसमें सवार आठ लोगों में से एक स्थानीय राजनेता भी था। परिवहन मंत्री एंथनी लोके ने स्थानीय अस्पताल में फोरेंसिक परीक्षण के



- विमान में आठ लोग सवार थे

परिणाम आने तक मृतकों की पहचान करने से इनकार कर दिया है।

मलेशिया के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विमान को उड़ान भरने की मंजूरी दे दी गई थी और दोनों पायलट अनुभवी थे। जांचकर्ता विमान के ब्लैक बॉक्स या फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर को खोजने के लिए काम कर रहे हैं। श्री लोके ने कहा, 'फिलहाल हम यह नहीं कह सकते कि दुर्घटना का कारण क्या था क्योंकि जांच अब भी जारी है।'

## सुडोकू 6290

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 9 | 5 | | |
| | 9 | | | | 8 | | 3 | |
| 5 | 4 | 8 | 6 | | | | | 1 |
| | 8 | | 3 | | | | 1 | 2 |
| | 5 | 4 | 1 | | 7 | 3 | 8 | |
| 1 | 6 | | | | 4 | | 9 | |
| 8 | | | | | 5 | 1 | 4 | 7 |
| | 1 | | 7 | | | | 2 | |
| | | 2 | 9 | 4 | | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 19 अगस्त, 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष -आज आप धार्मिक कामों में दिन गुजारने वाले हैं। दान-पुण्य में आपकी रुचि रहेगी। मानसिक रूप से काम का बोझ अधिक रहेगा। हालांकि निर्धारित समय में काम पूरा करने के लिए आप अतिरिक्त मेहनत करेंगे।

वृषभ -आप अपनी वाणी से किसी को मंत्रमुग्ध कर पाएंगे। लोगों से आपके मेल-जोल बढ़ेंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि में बढ़ोतरी होगी। आप का मन प्रफुल्लित रहेगा। आप किसी शुभ काम करने के लिए प्रेरित होंगे।

मिथुन -आज आपके मन में भांति-भांति के विचारों की तरंगे उठेंगी। आप कई तरह के विचारों में खोए रहेंगे। आज किसी के साथ भी वाद-विवाद ना करें। आज आप संवेदनशील रहेंगे।

कर्क -आज का दिन खुशी से भरा रहेगा। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से मुलाकात हो सकती है। काम में मिली सफलता आप के उत्साह में वृद्धि करेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह -आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ आप अच्छी तरह से समय गुजार सकेंगे। दोस्तों का अच्छा साथ मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में आय की अपेक्षा व्यय ही अधिक होगा।

कन्या -आज आपके कोई नए संबंध बनेंगे, जो आपके लिए भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे। वैचारिक रूप से आप समृद्धि बने रहेंगे। शरीर, स्वास्थ और मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन में उल्लासमय वातावरण रहेगा।

तुला -आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रह सकता है। आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। मानसिक रूप से भी आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। आपकी वाणी से किसी का दिल दुख सकता है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। मित्रों के साथ भेंट होगी। घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद में दिन गुजरेगा। नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपकी आय बढ़ेगी। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे।

धनु -आज का आपका दिन शुभ है। आप में परोपकार की भावना रहने से अन्य लोगों की सहायता करने के लिए आप उत्सुक रहेंगे। व्यापार में आज कोई बड़ा काम कर पाएंगे।

मकर -आज का दिन मध्यम फलदायी है। बौद्धिक तथा लेखनकार्य से जुड़े जातक आज ज्यादा सक्रिय रहेंगे। साहित्य में कोई नया सृजन कर पाएंगे। दोपहर के बाद स्वास्थ्य की दृष्टि से कुछ थकान या आलस्य का अनुभव हो सकता है।

कुंभ -आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। ज्यादा सोचने-विचारने से आप परेशान रहेंगे। परिणाम आपको मानसिक थकान का अनुभव होगा। ज्यादा गुस्से से नुकसान हो सकता है। नियम विरुद्ध कामों से दूरी बनाए रखें।

मीन -आज के दिन आपके अंदर छिपे लेखक या कलाकार को अपनी कला दिखाने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में भागीदारी के लिए शुभ समय है। प्रतिदिन की क्रियाकलापों से निकल कर आप अपना समय आमोद-प्रमोद में बीता सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# श्रीलंकाई प्रधानमंत्री, शी चिनफिंग ने उत्कृष्ट नेतृत्व कौशल दिखाया

**बीजिंग,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। चीन-दक्षिण एशिया मेले में भाग ले रहे श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने 16 अगस्त को चाइना मीडिया ग्रुप को एक इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्व आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा संकट के सामने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने उत्कृष्ट नेतृत्व कौशल दिखाया। चीन श्रीलंका का सबसे घनिष्ठ मित्र है। उन्होंने कहा कि शी चिनफिंग के सही मार्गदर्शन में चीन ने विकास की बड़ी प्रगति हासिल की। यह नए युग में विश्व स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। निवेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग आदि व्यापक क्षेत्रों में चीन हमेशा श्रीलंका का समर्थन करता है और श्रीलंका के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाता है। चीन श्रीलंका का घनिष्ठ मित्र है। गुणवर्धने ने आगे कहा कि श्रीलंका सरकार देश के विकास को प्राथमिकता देती है। इसलिए श्रीलंका चीनी बाजार पर बड़ा



ध्यान देता है। चीनी बाजार में प्रवेश की ज्यादा संभावना बढ़ाने के लिए श्रीलंका ने चीन के साथ कई चरणों की वार्ता की और कुछ क्षेत्रों में फलदायक परिणाम मिले।


श्रीलंका चीन के ज्यादा प्रांतों के साथ वाणिज्यिक सहयोग करने की अपेक्षा करता है। इसके लिए श्रीलंका उद्योग का अनुकूलन बढ़ाएगा। गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका को पक्का विश्वास है कि चीनी बाजार मित्रवत और विशाल है। अब चीन दुनिया में महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति बन गया है। चीन के विकास से न सिर्फ चीन को फायदा मिला, बल्कि विश्व समृद्धि के लिए भी अहम अवसर दिए गए।

# अफगानिस्तान में 25 अस्पताल हो सकते है बंद: रेड क्रॉस

**काबुल,** 18 अगस्त (एजेंसियां) रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) अनुदान की कमी के कारण अगस्त के आखिर तक अफगानिस्तान में 25 अस्पतालों का वित्तीय संचालन बंद कर सकती है। आईसीआरसी के प्रवक्ता डिओगो अलकेन्टारा गुरुवार को कहा, 'हालांकि हम अस्पताल क्षेत्र के लिए वैकल्पिक स्थायी सहायता तंत्र खोजने के लिए सरकारी मंत्रालयों, दानदाताओं और संगठनों के साथ जुड़ना जारी रखे हुए हैं, लेकिन अस्पताल कार्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से अगस्त के आखिर में बंद होने उम्मीद है।' प्रवक्ता अलकेन्टारा ने कहा, 'आईसीआरसी के पास लंबे समय तक पूरी तरह से क्रियाशील सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र को बनाए रखने के लिए न तो जनादेश है और न ही संसाधन हैं।'

उल्लखनीय है कि अप्रैल में आईसीआरसी ने कहा कि उसके गवर्निंग बोर्ड ने 2023 और 2024 की शुरुआत में लागत में 430 मिलियन स्विस फ्रैंक की कटौती को मंजूरी दे दी और कुछ स्थानों पर परिचालन वापस ले लिया क्योंकि मानवीय सहायता के बजट में कमी आने की आशंका थी। कार्यक्रम का अंत अफगानिस्तान की मानवीय सहायता में कटौती पर बढ़ती चिंताओं के बीच हुआ, तालिबान के सत्ता में आने के दो साल बाद और अधिकांश अन्य प्रकार की अंतरराष्ट्रीय सहायता जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी, रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि जिनेवा स्थित संगठन अपने अन्य अफगानिस्तान स्वास्थ्य कार्यक्रमों को जारी रखेगा, जिसमें विकलांग लोगों के लिए पुनर्वास सहायता भी शामिल है।

## वर्ग पहेली 6290



**बायें से दायें:-**

१. वाक्य की बनावट, रचना, लिखने का ढंग (उर्दू)
३. ऐसा जीव जो पौधे या प्राणी को अन्य किसी पौधे या प्राणी पर या उसके अंदर रहता है और उसी को अपना आहार प्राप्त करता है
५. प्रश्न (उर्दू)
६. एक लिपि जिससे हिन्दी, संस्कृत, मराठी आदि भाषाएं लिखी जाती हैं
७. एक फल जिसे सब्जी आदि में डाला जाता है, तता चटनी भी बनती है
९. निर्माण, रचना
१०. बद्दुआ, शाप
१२. सुबह, रात की समाप्ति
१३. जिसके पति की मृत्यु हो गई हो
१४. जंगलों में निवास करने वाला
१६. काल, अवसर
१८. भेद, फासला, फर्क
२०. महिना, साल का भाग
२१. सरोवर
२३. आदेश की अवहेलना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अराध्य देव
२. निवास करना, मौजूद होना
३. सेना, फौज
४. साहस, बहादुरी, हिम्मत
५. जमीन पर रेंगने वाले प्राणी
८. सूर्य पुत्र, कर्ण
१०. इकट्ठा करना, कमाना
११. साधुवाद, वाहवाही
१२. घर, मकान, रहने की जगह
१३. जिसका अंत हो गया हो, विरक्त, लीन, मग्न
१४. अधीनस्थ
१५. वेश्या
१७. शंकर, शिव
१८. आकाश, गगन
१९. रात्रि
२२. कुबेर, कुबेर के सेवक

## वर्ग पहेली-6289



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# बिडेन 'बिना किसी पूर्व शर्त' के उत्तर कोरिया के नेता से मिलने को तैयार

**वाशिंगटन,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने कोरियाई प्रायद्वीप पर सुरक्षा और परमाणु निरस्त्रीकरण पर चर्चा के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से 'बिना किसी शर्त के' मिलने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने जापानी समाचार एजेंसी क्योडो के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'उन्होंने (उत्तर कोरिया) उस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**राजनीतिक मामलों की ...**

अग्रवाल, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू, सह-प्रभारी सचिव सप्तगिरी उल्का, चंदन यादव, विजय जांगिड़, राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय, राजेश तिवारी, पारस चोपड़ा, महिला, यूथ और एनएसयूआई अध्यक्ष शामिल हैं।

केजरीवाल और भगवंत मान आज राजधानी में

**केजरीवाल और भगवंत मान...**

अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शामिल हो रहे हैं।

कोमल हुपेंडी ने बताया कि 19 अगस्त को एयरपोर्ट रोड स्थित जैन मानस भवन में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजन प्रस्तावित है। प्रोग्राम में प्रदेशभर के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं जुटेंगे। कार्यक्रम के दौरान अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान

# कोलंबिया में आया 6.1 तीव्रता का भूकंप, 1 की मौत

**बोगोटा,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। कोलंबिया में रिक्टर पैमाने पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजधानी बोगोटा में भी गुरुवार शाम को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। मेयर क्लाउडिया लोपेज ने कहा कि गंभीर नुकसान होने से शहर बच गया है, लेकिन शहर के दक्षिण में अपने अपार्टमेंट की 10वीं मंजिल से कूदने के बाद एक महिला की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महिला को डर था कि इमारत ढह जाएगी।



एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, 'स्यूदाद बोलिवर के मैडेलेना में एक महिला ने शायद घबराहट के कारण 10वीं मंजिल से छलांग लगा दी और उसकी मौत हो गई। यह हमारे साथ हुई एकमात्र गंभीर घटना है। कृपया, शांत रहें, शांत रहें।' लोपेज़ ने निवासियों को अपने घरों या कार्यस्थलों पर लौटने से पहले दीवारों और छतों को हुए नुकसान की जांच करने और भूकंप के कारण होने वाली किसी भी बड़ी दरार की तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी। बोगोटा में लिफ्ट में फंसे सात लोगों को बचाया गया, कुछ ट्रैफिक लाइटें खराब हो गई और रिपब्लिक ऑफ कांग्रेस के एलिप्टिकल हॉल में गुंबद का एक टुकड़ा गिर गया। भूकंप के केंद्र मेटा विभाग में कई घर नष्ट हो गए। कुंडिनमार्का विभाग ने कई भूस्खलन और कुछ घरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी है।

## आज का इतिहास

1796 - स्पेन और फ्रांस ने ब्रिटेन गठबंधन के खिलाफ हस्ताक्षर किये।
1812 - अमेरिका के युद्धपोत ने ब्रिटेन के युद्धपोत गर्रियर को हराया।
1839 - फोटो तत्व की खोज को लेकर रिपोर्ट पेश होने पर विश्व फोटोग्राफी दिवस की शुरुआत हुई।
1895 -जापान के साथ युद्ध में पराजय के पश्चात चीन ने शीमोनोस्की समझौते के अनुसार ताइवान नामक द्वीप जापान के हवाले कर दिया।
1897 - लंदन में पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी का परिचालन किया गया।
1915 - नीदरलैंड में राशन कानून प्रभावी हुआ।
1919 -अफ़ग़ानिस्तान ने ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1939 - गुरुवर रवींद्र नाथ टैगोर ने कलकत्ता में सुभाष चंद्र बोस महाजती सदन का शिलान्यास किया।
1944 - भारत से जापान की अंतिम सैन्य टुकडी को खदेडा गया।
1949 - भुवनेश्वर ओडिशा की राजधानी बनी।
1955 - अमेरिका ने साइकिल पर आयात शुल्को 50 फीदसी बढाया।
1960 - स्पूतनिक 5 अंतरिक्ष यान से दो कुत्तें और तीन चूहे अंतरिक्ष में भेजे गए। बाद में यह पांचों जीवित पाए गए।
1966 - तुर्की में भूकंप की वजह से तकरीबन 2400 लोग मरे।
1970 - दक्षिण अफ्रीका में चीनी समुदाय के लोगों को श्वेत का दर्जा मिला।
1973 - फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
1977 - सोवियत संघ ने सेरी सागान में परमाणु परीक्षण किया।
1978 - ईरान के सिनेमा घर में आग लगने से 422 की मौत।
1998 - सूडान एवं अफ़ग़ानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने मिसाइलों से हमला किया।

**संकट** *हवाई के माउई द्वीप में आग अभी भी पूरी तरह से नियंत्रित नहीं*

# माउई द्वीप को निगल गई आग, सोते रहे अमेरिकी राजनेता

बीजिंग, 18 अगस्त (एजेंसियां)। सैकड़ों लोग मारे गए हैं, हजारों लोग गायब हैं, और हजारों घर नष्ट हो गए हैं, 17 अगस्त को, अमेरिका के हवाई के माउई द्वीप में आग अभी भी पूरी तरह से नियंत्रित नहीं है। पिछले सौ से अधिक वर्षों में यह अमेरिका में सबसे भयानक जंगल की आग है। इस आग के कई प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण हो सकते हैं, जिनमें तेज हवाएं, शुष्क जलवायु और ज्वलनशील वनस्पति शामिल हैं।

हालांकि, अधिक से अधिक विवरणों के प्रकटीकरण के साथ, लोगों ने पता लगाया है कि अतीत में अमेरिका में हुई कई दुर्घटनाओं की तरह, माउई द्वीप की आग दुर्घटना एक प्राकृतिक आपदा है जिसने मानवीय संकट की स्थिति पैदा की है। एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में, अमेरिका में न तो पैसे की कमी है और न ही प्रौद्योगिकी की, इसके बावजूद माउई द्वीप में लगी आग की आपदा राहत क्षमता की आलोचना की गई है। 2021 में फ्लोरिडा में एक इमारत के गिरने से, 2023 की शुरूआत में ओहायो स्टेट में ट्रेन के पटरी से उतरने से, फिर माउई द्वीप की आग की त्रासदी को देखते हुए, अमेरिकी लोगों ने अनुभव किया कि उन्हे अमेरिकी बचाव तंत्र ने निराश किया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हवाई में लगभग 400 अलार्म के साथ एक शक्तिशाली



**सैकड़ों लोग मारे गए हैं, हजारों लोग गायब हैं, और हजारों घर नष्ट हो गए हैं**

सार्वजनिक सुरक्षा चेतावनी प्रणाली है, जिसमें से 80 माउई द्वीप में हैं। हालांकि, जब आग माउई द्वीप पर फैल गई, तो भी कोई अलार्म नहीं बजा।

वाशिंगटन पोस्ट ने बताया कि आपदा के बाद कुशल बचाव अभियान अमेरिकी सरकार द्वारा आयोजित नहीं किया गया था, लेकिन स्थानीय निवासियों की मानें तो विकसित अलार्म सिस्टम विफल हुआ, बचाव टीम देर से आयी, और विशाल अमेरिकी सेना कुछ भी नहीं कर सकी। अमेरिकी आपदा राहत क्षमता की कम संख्या ये दर्शाती है कि अमेरिकी राजनेता लोगों की पीड़ा के बारे में परवाह नहीं करते हैं। जब अमेरिकी सेना 2021 में काबुल से वापस लौट रही थी तो उस समय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन छुट्टी पर थे। अब 2023 में माउई द्वीप को जब आग निगल रही थी तो भी बाइडेन छुट्टी पर थे।

जब पत्रकार ने माउई द्वीप के हताहतों के बारे में पूछा, तो उन्होंने एक मुस्कान के साथ जवाब दिया और कहा, 'कोई टिप्पणी नहीं, जिसकी जनमत की व्यापक आलोचना हुई। कई नेटिज़न्स ने यह कहते हुए आरोप लगाया कि इस तरह के विशाल हताहतों को देखते अमेरिकी राष्ट्रपति कैसे हंस सकते हैं?

## दुनिया को जानें

# वियतनाम का विमानन उद्योग मानव संसाधन की कमी का कर रहा सामना

हनोई, 18 अगस्त (एजेंसियां)। वियतनाम के विमानन उद्योग को पर्यटन क्षेत्र में सुधार और देश भर में हवाई अड्डों के विस्तार की वजह से मानव संसाधन की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय समाचार पत्र वियतनाम न्यूज ने गुरुवार को यह रिपोर्ट दी। अखबार ने वियतनाम एविएशन अकादमी के वायु परिवहन अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख ट्रान थी थाई बिन्ह का हवाला देते हुए कहा कि एयरलाइन कंपनियों और प्रमुख हवाई अड्डों जैसे टैन सोन न्हाट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और हो ची मिन्ह सिटी में निर्माणाधीन लॉन्ग थान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और हनोई में नोई बाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में विमानन पेशेवरों की महत्वपूर्ण मांग है। वियतनाम का विमानन उद्योग परिवहन, बंदरगाह और उड़ान संचालन में लगभग 44हजार व्यक्तियों को रोजगार देता है। उन्होंने कहा, लेकिन कार्यबल उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने में विफल रहता है। अकादमी के उप निदेशक हा नाम खान गियाओ ने सुझाव दिया कि वियतनाम छात्रों को शिक्षा के लिए विदेश भेजने के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग करे।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## ऋण चूककर्ताओं पर लगाए गए जुर्माने का उपयोग धन जुटाने को नहीं कर सकते बैंक : आरबीआई

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि बैंक ऋण चूककर्ताओं पर लगाए गए जुर्माने का इस्तेमाल धन जुटाने के लिए नहीं कर सकते। केंद्रीय बैंक ने यह सुनिश्चित करने के लिए ऋण खातों से संबंधित मानदंडों में संशोधन किया है।

आरबीआई ने कहा कि बैंकों को गैर-अनुपालन के लिए दंड को %दंडात्मक शुल्क% के रूप में मानना चाहिए और इसे %दंडात्मक ब्याज% के रूप में नहीं लगाया जाना चाहिए, जो अग्रिमों पर लगाए गए ब्याज की दर में जोड़ा जाता है। आरबीआई ने कहा कि दंडात्मक शुल्कों का पूंजीकरण नहीं किया जाना चाहिए, दूसरे शब्दों में, ऐसे शुल्कों पर कोई और ब्याज की गणना नहीं की जानी चाहिए।

शुक्रवार को जारी एक सर्कुलर में यह भी कहा गया कि इससे ऋण खाते में ब्याज चक्रवृद्धि की सामान्य प्रक्रियाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह निर्देश यह देखने के बाद जारी किए गए थे कि कई बैंक उधारकर्ता द्वारा उन शर्तों के साथ चूक या गैर-अनुपालन के मामले में, जिन शर्तों पर ऋण सुविधाएं स्वीकृत की गई थीं, लागू ब्याज दरों के अलावा दंडात्मक ब्याज दरों का उपयोग करते हैं।

केंद्रीय बैंक ने कहा, इस तरह के शुल्क का उपयोग अनुबंधित ब्याज दर से अधिक राजस्व वृद्धि उपकरण के रूप में नहीं किया जाता है। आरबीआई की टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ग्राहकों ने अक्सर उन दंडात्मक शुल्क लगाते समय बैंकों की ओर से पारदर्शिता की कमी के बारे में शिकायत की है।

आरबीआई के सर्कुलर में कहा गया है, दंडात्मक शुल्क की मात्रा उचित होगी और किसी विशेष ऋण या उत्पाद श्रेणी के भीतर भेदभाव किए बिना ऋण अनुबंध के भौतिक नियमों और शर्तों के गैर-अनुपालन के अनुरूप होगी।



### विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 99.9 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 534.4 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34 करोड़ डॉलर कम होकर 44.3 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## भारत के टैबलेट बाजार में 2023 की दूसरी तिमाही में 29 प्रतिशत का उछाल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के टैबलेट बाजार में 2023 की दूसरी तिमाही में 29 फीसदी की उछाल आया है। जिसमें 5जी टैबलेट के बिक्री में 7 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की रिपोर्ट के अनुसार वाई-फाई टैबलेट शिपमेंट में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जो 54 प्रतिशत शिपमेंट हिस्सेदारी का दावा करता है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार प्रीमियम टैबलेट सेगमेंट में 48 प्रतिशत (तिमाही-दर-तिमाही) की वृद्धि देखी गई है, वहीं पूरे टैबलेट बाजार पर नजर डालें तो इसमें 2023 की दूसरी तिमाही में 22 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

साइबरमीडिया रिसर्च की विश्लेषक-उद्योग इंटेलिजेंस मेनका कुमारी ने कहा कि टेबलेट्स ने इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रबंधन में अपनी अहम भूमिका निभाई है। टेलीमेडिसिन, रोगी निगरानी में यह काफी प्रयोग किया जा रहा है। 5जी में चल रहा बदलाव अपार संभावनाएं लेकर आया है।

एप्पल ने 25 प्रतिशत, सैमसंग ने 25 प्रतिशत और लेनोवो 23 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ 2023 की दूसरी तिमाही में भारत के टैबलेट बाजार का नेतृत्व किया है। शाओमी ने छोटे आधार से 155 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 8 इंच डिस्प्ले वाले टैबलेट की शिपमेंट भारतीय



बाजार में कुल शिपमेंट का 18 प्रतिशत थी। दूसरी ओर, 10 इंच और उससे अधिक डिस्प्ले वाले टैबलेट ने 73 प्रतिशत शिपमेंट में योगदान दिया।

20,000 रुपये से 30,000 रुपये के बीच की कीमत वाले टैबलेट में 2023 की दूसरी तिमाही में 185 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार पूरे टैबलेट बाजार में 2023 में साल-दर-साल वृद्धि होने की उम्मीद है।

मेनका कुमारी ने कहा कि जैसे-जैसे त्योहारी सीजन नजदीक आ रहा है, हमें टैबलेट के मुनाफे में बढ़ोतरी की उम्मीद है। 5जी टैबलेट में गेमिंग के लिए नई संभावनाएं हैं। लोग नेटवर्क या कनेक्टिविटी की चिंता किए बिना लाइव मल्टीप्लेयर गेम में भाग ले सकते हैं।

## फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल ई-कॉमर्स स्टार्टअप की योजना बना रहे हैं : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल कथित तौर पर भारत में बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र में एक नए स्टार्टअप की योजना बना रहे हैं। मनी कंट्रोल के मुताबिक, बंसल ने हाल ही में फ्लिपकार्ट में अपनी बची हुई हिस्सेदारी बेच दी है और अब वह एक ई-कॉमर्स स्टार्टअप बनाने के प्रयास में हैं। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि बंसल नए ई-कॉमर्स स्टार्टअप में पूरी पूंजी खुद लगाएंगे।

बंसल को फ्लिपकार्ट में अपनी हिस्सेदारी से लगभग एक-डेढ़ अरब डॉलर मिले हैं। बिन्नी ने सचिन बंसल के साथ, फ्लिपकार्ट को 2018 में लगभग 16 अरब डॉलर में वॉलमार्ट के हाथों बेच दिया था। बिन्नी ने एको, एथर एनर्जी, क्योरफूड्स, कल्टफिट, ब्राइटचैम्प्स, अनएकेडमी, युलु और अन्य जैसे लगभग 60 स्टार्टअप का समर्थन किया है।

पिछले साल, बिन्नी बंसल ने घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में अपनी 26.4 करोड़ डॉलर (दो हजार करोड़ रुपये से अधिक) की हिस्सेदारी चीनी इंटरनेट दिग्गज टेनसेंट को बेच दी थी। आईआईटी दिल्ली से 2005 में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में बी. टेक की डिग्री प्राप्त करने वाले सचिन और बिन्नी बंसल ने भारत को सबसे बड़े ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस में से एक बनाया। सचिन ने 2007 में इसकी स्थापना से लेकर 2015 तक सीईओ के रूप में फ्लिपकार्ट का नेतृत्व किया और 2016 में कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला।

## जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंयिसां)। वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन के तौर पर शुरू किये गये प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के नौ वर्ष पूरे होने से पहले ही इसके तहत खुले खातों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंच गयी है और इन खातों में 2.03 लाख करोड़ रुपये जमा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल की शुरूआत में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से वित्तीय समावेशन के लिए योजना शुरू किये जाने की घोषणा की थी और 28 अगस्त 2014 को यह योजना शुरू की गयी। अब इस योजना के लगभग 9 साल पूरे होने वाले हैं।

बैंकों द्वारा दी गयी नयी रिपोर्ट के अनुसार 9 अगस्त 2023 तक जन



धन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ से अधिक हो गई है। इन खातों में से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इन खातों में जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपये है। इन खाता धारकों को लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी किए गए हैं। पीएमजेडीवाई खातों में औसत शेष राशि 4,076 रुपये है और 5.5 करोड़ से अधिक जनधन खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तातंरण (डीबीटी) लाभ हस्तातंरित किये जा रहे हैं।

यह योजना देश के वित्तीय परिदृश्य को बदलने में सफल रही है। पीएमजेडीवाई की सफलता प्रौद्योगिकी, सहयोग और नवाचार के माध्यम से अंतिम व्यक्ति को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का प्रयास है। पीएमजेडीवाई खाताधारकों को कई लाभ मिलते हैं जैसे न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता के बिना बैंक खाता, दो लाख रुपये के दुर्घटना बीमा के साथ मुफ्त रुपे डेबिट कार्ड तथा 10 हजार रुपये की ओवरड्राफ्ट सुविधा मिल रही है।

### सार संक्षेप

#### होंडा ने लॉंच की नई मोटरसाइकिल लीवो

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज ओबीडी2 कम्प्लायन्ट 2023 होंडा लीवो लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि स्टाइल, आराम और परफोर्मेन्स का बेहतरीन संयोजन यह मोटरसाइकिल 110 सीसी सेगमेन्ट में सबसे स्टाइलिश और अडवान्स्ड कम्यूटर मोटरसाइकिल है जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 78500 रुपये है। यह उपभोक्ताओं के लिए राइडिंग के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने और उन्हें मन की शांति प्रदान करने के प्रयासों के तहत लॉंच की गयी है। 2015 में अपनी शुरुआत के बाद से लीवो इस कैटेगरी में महत्वाकांक्षी खरीददारों की पसंदीदा मोटरसाइकिल रही है और अब ओबीडी2 नियमों की शुरुआत के साथ इस अपील को नई ऊँचाईयों तक ले जाने की कोशिश की जा रही है। नई लीवो होंडा के आधुनिक एन्हान्स्ड स्मार्ट पावर से युक्त ओबीडी2 कम्प्लायन्ट पीजीएम एफआई इंजन के साथ आती है।

#### वेतन देने में असमर्थ डंज़ो 100 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए कर रहा बातचीत


**नई दिल्ली।** कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं देने के कारण विवादों में आई घरेलू त्वरित-किराना डिलीवरी प्रदाता कंपनी डंज़ो सीरीज जी राउंड में 80-100 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए उन्नत स्तर पर बातचीत कर रही है। अग्रणी स्टार्टअप कवरेज पोर्टल इंक 42 की रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु स्थित हाइपरलोकल डिलीवरी स्टार्टअप डंज़ो लाइटबॉक्स और लाइटरॉक सहित अपने मौजूदा निवेशकों से धन जुटाने के लिए बातचीत कर रहा है।

## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरा

**मुंबई** 18 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिज़र्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद धूमिल होने से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, पावर और धातु समेत सत्रह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन भी गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 202.36 अंक की गिरावट लेकर 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 64,948.66 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 55.10 अंक उतरकर 19,310.15 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिड कैप 0.41 प्रतिशत टूटकर 30,265.32 अंक और स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत गिरकर 35,283.32 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3748 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2086 में बिकवाली जबकि 1526 में लिवाली हुई वहीं 136 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां गिरावट जबकि 10 तेजी पर रहीं वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 17 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.10, सीडी 0.27, ऊर्जा 0.33, वित्तीय सेवाएं 0.31, हेल्थ केयर 0.60, इंडस्ट्रीयल्स 0.36, आईटी 1.46, दूरसंचार 0.62, ऑटो 0.14, बैंकिंग 0.06, कैपिटल गुड्स 0.24, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.57, धातु 0.88, तेल एवं गैस 0.46, रियल्टी 0.73 और टेक समूह के शेयर 1.26 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतर्राष्ट्रीय बाजार में शेयरों के भाव उतर गए। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.68, जर्मनी का डैक्स 0.52, जापान का निक्केई 0.55, हांकांग का हैंगसेंग 0.55 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 1.00 प्रतिशत कमजोर रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 125 अंक की गिरावट लेकर 65,025.71 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 64,754.72 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद लिवाली होने से यह 65,175.32 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच लेकिन कारोबार के अंतिम चरण में फिर गिर गया और अंत में पिछले दिवस के 65,151.02 अंक की तुलना में 0.31 प्रतिशत उतरकर 64,948.66 अंक पर आ गया।

निफ्टी भी 64 अंक गिरकर 19,301.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,253.60 अंक के निचले जबकि 19,373.80 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,365.25 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत टूटकर 19,310.15 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की 21 कंपनियों में गिरावट रही। टी सी एस ने सबसे अधिक 2.14 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही टेक महिंद्रा 1.80, इंफोसिस 1.59, विप्रो 1.35, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.31, पावर ग्रिड 1.23, सन फ़ार्मा 1.00, टाइटन 0.76, एलटी 0.49, एचडीएफसी बैंक 0.36, एनटीपीसी 0.28, टाटा स्टील 0.26, एचसीएल टेक 0.20, भारती एयरटेल 0.07 और आईसीआईसीआई बैंक ने 0.02 प्रतिशत का नुकसान उठाया। वहीं, मारुति 0.98, नेस्ले इंडिया 0.76, रिलायंस 0.75, ऐक्सिस बैंक 0.67, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.48, टाटा मोटर्स 0.36, आईटीसी 0.24, एस बी आइ 0.17 और अल्ट्रासिमको ने 0.15 प्रतिशत का मुनाफ़ा कमाया।

## खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल के साथ ही दाल-दलहन के भाव में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 39 रिंगिट फिसलकर 3855 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.05 सेंट की तेजी लेकर 63.83 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया जबकि सोया रिफाइंड 147 रुपये और पाम ऑयल में 67 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गुड़ और चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9000-9100, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल :** 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## व्यापार, निवेश पर जी20 की मंत्रिस्तरीय बैठक 24 अगस्त से जयपुर में, आम सहमति बनाने का होगा प्रयास

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। जी20 की व्यापार और निवेश संबंधी मुद्दों पर दो दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक 24 अगस्त को जयपुर में शुरू होगी जिसमें इस समूह की भारत की अध्यक्षता के दौरान समूह के प्रतिनिधियों की बातचीत, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने, वैश्विक व्यापार में छोटे-मझोले उद्यमों को भी पिरोने और विश्व व्यापार संगठन में सुधार जैसे व्यापार एवं निवेश से संबंधित मुद्दों कार्रवाई को लेकर भारत के प्रस्तावों पर आम सहमति बनाने पर केंद्रित होगी। यह जानकारी शुक्रवार को यहां अधिकारियों ने दी।

वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बरथवाल और उद्योग विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इस मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले जी20 के अगले माह होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले इस वैश्विक मंच के व्यापार और निवेश कार्य समूह (टीआईडब्यलूजी) की चौथी तथा आखिरी बैठक 21-22 अगस्त को जयपुर में ही आयोजित की गयी है। इस कार्यसमूह की पहली तीन बैठकें क्रमश: मुंबई, बेंगलुरु और केवडिया में हुई थीं।

वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि जयपुर में होने जा रही दोनों बैठकों में जी 20 के सदस्य देशों, आमंत्रित देशों, क्षेत्रीय समूहों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के व्यापार मंत्रियों/सचिवों और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों सहित 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में बंगलादेश, मिस्र, नीदरलैंड, ओमान , सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात को आमंत्रित देश का दर्जा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जयपुर में इन महत्वपूर्ण बैठकों का विचार-विमर्श जी20 के वर्तमान अध्यक्ष भारत ओर से प्रस्तावित किए गए कार्रवाई-




उन्मुख प्रस्तावों को पूरा करने के साथ-साथ वैश्विक व्यापार और निवेश से संबंधित मुद्दों पर आम सहमति बनाने पर केंद्रित होगा।

व्यापार एवं निवेश पर जी20 के कार्यसमूह की पहली और दूसरी बैठकों के दौरान चर्चा में पांच प्राथमिकता वाले मुद्दे- विकास और समृद्धि के लिए व्यापार, व्यापार और वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) की दृढ़ता, वैश्विक व्यापार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पिरोना, व्यापार के लिए लॉजिस्टिक्स और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियम और प्रक्रियाओं में सुधार लिए गए थे।

सदस्य देशों और विशेषज्ञ भागीदारों की चर्चाओं और सुझावों के आधार पर अध्यक्ष भारत ने मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए वक्तव्य का मसौदा और प्रत्येक प्राथमिकता वाले मुद्दे पर कार्रवाई-उन्मुख ठोस प्रस्ताव तैयार किए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि इस समय वैश्विक व्यापार के समक्ष आ रही चुनौतियों के बीच भारत की अध्यक्षता में तैयार प्रस्तावों में कहा गया है कि जी20 के लिए यह उपयुक्त समय है कि यह समूह समावेशी विकास, नवाचार, रोजगार सृजन और स्वास्थ्य से जुड़े हमारे साझा उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए डब्ल्यूटीओ को केंद्र में रख कर नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में अपनी निष्ठा की पुष्टि पुन: घोषित करें।

अधिकारियों ने बताया कि जी20 की भारत की अध्यक्षता में व्यापार और निवेश के मुद्दों पर कार्यवाई के लिए सुझाए जा रहे प्रस्तावों में कागज रहित व्यापारिक लेन-देन प्रणाली को प्रोत्साहित करने, छोटी मात्रा के वाणिज्यक माल को भेजने की लागत कम करने ,अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के एकीकरण में बाधाओं को दूर करना , वैश्विक मूल्य श्रृंखला को कोविड जैसे भविष्य के किसी भी झटक को झेलने में समर्थ बनाने पर बल दिया जा रहा है।

अधिकारियों के चूँकि विश्व व्यापार का 70 प्रतिशति वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के माध्यम से प्रकट होता है इस लिए इस श्रृंखला को संभावित चुनौतियों की दृष्टि से अधिक जुझारू तथा समर्थ बनाना जरूरी है। इन प्रस्तावों में डब्यूटीओ की आगामी तेरहवीं मंत्रिस्तरीय बैठक में संगठन में सुधार की दृष्टि से सार्थक परिणाम प्राप्त करने पर भी बल दिया जा रहा है।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANISH KUMAR NAGDEV S/O ROCHI RAM NAGDEV resident of L-5 SECTOR-1 AVANTI VIHAR TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) PIN- 492006 have changed my old name MANISH KUMAR NAGDEV S/O ROCHI RAM NAGDEV so in future I should be recognized by my new name that is MANISH NAGDEV S/O ROCHI RAM NAGDEV in all Government and other documents.

MANISH NAGDEV
L-5 SECTOR-1 AVANTI VIHAR
TELIBANDHA RAIPUR (C.G.)
PIN- 492006

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर ( छ.ग. )
राजस्व मामले की नोटिस

रा.प्र.क्र./202308113700001/अ-6/वर्ष 2022-23
रायपुर, दिनांक 16.08.2023
प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर छ.ग., श्रीमती अंजली जैन पति श्री प्रवीण जैन निवासी 34 वर्धमान नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., राजेश भंसाली, तपेश जैन भंसाली दोनों पिता दीपचंद जी भंसाली दोनों निवासी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट ( निजी ) कार्यालय मेघ मार्केट गांधी चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अधिकृत एवं प्रधान न्यासी धनराज बेगानी पिता स्व. मेघराज बेगानी निवासी मेघ मार्केट गांधी चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
द्वारा:- जमादार माल तहसील कार्यालय रायपुर।

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है आवेदक / दानप्राप्तकर्ता प्राण कुमार जैन पिता प्रकाशचंद जैन निवासी 34 वर्धमान नगर न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) द्वारा बैनामा पेश कर लेख किया है कि ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 379/5, 350/9, 379/15 300/7 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत दानपत्र विलेख दिनांक 03.03.2011 के माध्यम से दानकर्ता / अनावेदिका श्रीमती अंजली जैन पति श्री प्रवीण जैन रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से दान में प्राप्त स्वामित्व एवं अधिपत्य प्राप्त किया गया है। दानकर्ता जैन पति प्रवीण जैन के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 21.03. 2007 के माध्यम से क्रेता राजेश भंसाली, तपेश जैन ( मसाल ) दोनों पिता दीपचंद जी भंसाली दोनों निवासी राजेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) से क्रय किया गया है तथा विक्रेता राजेश भंसाली, तपेश जैन ( भंसाली ) दोनों पिता दीपचंद जी माली के द्वारा प्रश्नाधीन भूमि को पंजीकृत दिनांक 09.03.2000 के माध्यम से विक्रेता श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट ( निजी ) कार्यालय मेघ मार्केट गांधी चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अधिकृत एवं प्रधान न्यायाधीश बेगानी पिता स्व. मेघराज बेगानी निवासी मेघ मार्केट गांधी चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से क्रय किया गया है। विक्रेता श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट एवं रायपुर विकास प्राधिकरण के मध्य निष्पादित एग्रीमेंट ऑफ एक्सचेंज दिनांक 14.07.1987 के माध्यम से मेघराज बेगानी धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट को आबंटित भूमि रायपुर विकास प्राधिकरण को विकसित किये जाने हेतु प्रदाय किया गया है। अतएव उक्त पंजीकृत दान पत्र विलेख दिनांक 03.03.2011 एवं क्रय श्रृंखला के आधार पर आवेदित भूमि को आवेदक/दानप्राप्तकर्ता के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। अत उक्त प्रकरण के निराकरण हेतु आप नियत सुनवाई दिनांक 25/09 /2023 को अनिवार्य रूप से स्वत : अथवा अपने अभिभाषण के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तु करे अन्यथा आपकी मौन सहमति मानी जायेगी एवं प्रकरण में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाये। आज दिनांक 16/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

# खेल जगत

## विराट के इंटरनेशनल क्रिकेट में 15 साल पूरे, जय शाह ने दी बधाई

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे करने पर बधाई दी है। 18 अगस्त, 2008 को युवा विराट कोहली, जो उस समय 19 साल और 287 दिन के थे। उन्होंने दांबुला में खेले गए वनडे मैच में श्रीलंका के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया। इसके कुछ ही महीने बाद उन्होंने मलेशिया में टीम इंडिया को अंडर-19 विश्व कप खिताब दिलाया। तब से कोहली सभी प्रारूपों में भारत के लिए रन मशीन बन गए। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे होने बधाई देते हुए अपने ट्वीट में लिखा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस मुकाम को हासिल करने के लिए आपको बधाई। आपके जुनून, दृढ़ता और उपलब्धियों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। आपको आगे भी इस तरह की सफलता मिलती रहे इसकी हम कामना करते हैं।



## एक अच्छे दिन की जरूरत और 90 मीटर के पार कर जाएगा भाला : नीरज



**दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के खिलाफ मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण है। साल की शुरुआत में, मैंने काफी अच्छी तैयारी की थी, लेकिन फिर मैं चोटिल हो गया जिसके कारण मुझे कुछ प्रतियोगिताओं से बाहर होना पड़ा। हालांकि उसके बाद, मैंने वापसी की और लुसाने डायमंड लीग में भाग लिया, जहां मेरा प्रदर्शन अच्छा था। तब से, सब कुछ बेहतर हो गया है और मैं अपने प्रदर्शन और प्रशिक्षण से खुश हूं : नीरज चौपड़ा**

**मुंबई,** 18 अगस्त (एजेंसियां) । भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी और ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा काफी समय से 90 मीटर का आंकड़ा पार करने की कोशिश कर रहे हैं। 30 जून, 2022 को स्टॉकहोम (89.94) में वो इस आंकड़े के बेहद करीब पहुंच चुके थे। ओलंपिक चैम्पियन, डायमंड लीग फाइनल विजेता, राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता चोपड़ा को पिछले कई महीनों से सवालों का सामना करना पड़ रहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 90 मीटर की दूरी कब पार कर पाएंगे।

हंगरी के बुडापेस्ट में 2023 एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप से पहले एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है। चोपड़ा ने कहा कि वह इस उपलब्धि को हासिल करने के करीब हैं और इसे हासिल करने के लिए सिर्फ एक सही दिन की जरूरत है।

जियोसिनेमा के साथ बातचीत में नीरज चोपड़ा ने कहा, निश्चित रूप से, मैं इस लक्ष्य के करीब हूं। मुझे बस अनुकूल परिस्थितियों के साथ बस एक अच्छे दिन की जरूरत है। 25 वर्षीय चोपड़ा ने कहा कि वह बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में कोई लक्ष्य नहीं रख रहे हैं और उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं भी निर्धारित की हैं, चाहे वह ओलंपिक के लिए उनकी तैयारियों के बारे में हो या घी से बने उनके पसंदीदा खाने के बारे में।

हरियाणा के आर्मीमैन ने कहा कि वह किसी भी चीज का दबाव महसूस नहीं कर रहे हैं। मैं कुछ हद तक दबाव से निपटने का आदी हो गया हूं। हालांकि, जब मैं हर दो से चार साल में एक बार होने वाली प्रतियोगिताओं (जैसे विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक) में भाग लेता हूं, तो निस्संदेह जिम्मेदारी की भावना होती है। लेकिन मैं हमेशा अपना बेस्ट देता हूं। चोपड़ा, जो चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण इवेंट मिस करे और बुडापेस्ट इवेंट के लिए उन्हें ज्यादा तैयारी करने का समय नहीं मिला है। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वो अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के खिलाफ मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण है। साल की शुरुआत में, मैंने काफी अच्छी तैयारी की थी, लेकिन फिर मैं चोटिल हो गया जिसके कारण मुझे कुछ प्रतियोगिताओं से बाहर होना पड़ा। हालांकि उसके बाद, मैंने वापसी की और लुसाने डायमंड लीग में भाग लिया, जहां मेरा प्रदर्शन अच्छा था। तब से, सब कुछ बेहतर हो गया है और मैं अपने प्रदर्शन और प्रशिक्षण से खुश हूं। चोपड़ा ने कहा, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात चुनौती के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना है, यह जानते हुए कि विश्व चैंपियनशिप निकट आ रही है और मैं वहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मेरे दिमाग में कोई तय लक्ष्य या मेडल नहीं है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि जब मैं वहां प्रतिस्पर्धा करता हूं - मैं अपने मन में चोट या किसी और चीज का डर नहीं रखना चाहता। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं, और अगर ऐसा होता है, तो मैं पहले से बेहतर वापसी करूंगा।

## स्टोक्स ने एशेज के तुरंत बाद वनडे में वापसी का फैसला किया था : बटलर

**मैंने यह उस पर छोड़ दिया है कि अगर वह वापस आना चाहता है तो मेरे पास आए। इस तरह का शानदार खिलाड़ी टीम में होना काफी अच्छा है। हमें स्टोक्स की वापसी से बेहद खुशी हो रही है। एक बार फिर वनडे टीम में शामिल होना यह बेन का खुद का निर्णय है: वेंकटेश प्रसाद**



**लंदन,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के सीमित ओवर के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने वनडे में वापसी का फैसला एशेज के बाद मुश्किल से सात या दस दिन के अंदर ले लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में, बेन स्टोक्स ने घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की आगामी श्रृंखला के लिए पिछले साल वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले को वापस ले लिया था।

यानी लॉर्ड्स में 2019 विश्व कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे स्टोक्स, एक बार फिर इंग्लिश टीम के लिए भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में एक्शन में नजर आ सकते हैं। बीबीसी ने बटलर के हवाले से कहा, मैंने यह उस पर छोड़ दिया है कि अगर वह वापस आना चाहता है तो मेरे पास आए। इस तरह का शानदार खिलाड़ी टीम में होना काफी अच्छा है। हमें स्टोक्स की वापसी से बेहद खुशी हो रही है। एक बार फिर वनडे टीम में शामिल होना यह बेन का खुद का निर्णय है।

ओवल में एशेज श्रृंखला के अंतिम मैच से पहले टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने कहा था कि वह वनडे से सेवानिवृत्त रहेंगे और विश्व कप में नहीं जाएंगे। लेकिन अब स्टोक्स ने अपने फैसले से यू-टर्न ले लिया। बटलर ने कहा, बेन अपने फैसले खुद लेता है। मैंने उसके साथ बहुत लंबे समय तक खेला है, मैं उसका अच्छा दोस्त हूं। मैं उसे परेशान करता हूं और कहता हूं, वापस आओ, वापस आओ। लेकिन वास्तव में जिस तरह से चीजें बेन के साथ काम करती हैं वो ये नहीं है, क्योंकि वो अपने सभी निर्णय अपनी मर्जी से लेता है।

क्रिस वोक्स, आदिल राशिद के अलावा बटलर और स्टोक्स ही वो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने इंग्लैंड की विश्व कप फाइनल जीत - 2019 वनडे खिताब और 2022 टी-20 विश्व कप जीत में भूमिका निभाई है। ऐसे में स्टोक्स की वापसी इस टीम को मजबूत करेगी। बटलर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आपको यह बताने की जरूरत है कि बेन स्टोक्स का टीम में क्या रोल है। मैं बहुत खुश हूं। अगर वह वापस आने के लिए तैयार महसूस करते हैं, तो मुझे खुशी होगी और किसी भी समय आप टीम में उनका स्वागत कर सकते हैं, यह बहुत अच्छा है। इंग्लैंड अपने विश्व कप-2023 अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करेगा।

## सैमुअल्स को दोषी पाए जाने पर हैरान नहीं हूं : कोपलैंड



**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ट्रेंट कोपलैंड ने कहा है कि वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर मार्लोन सैमुअल्स को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाया जाना निराशाजनक है लेकिन वो इससे हैरान नहीं है। 16 अगस्त को एक स्वतंत्र भ्रष्टाचार निरोधक न्यायाधिकरण की सुनवाई के बाद सैमुअल्स को अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत चार अपराधों का दोषी पाया गया। आरोप अबु धाबी टी10 टूर्नामेंट के 2019 संस्करण से संबंधित हैं, जहां सैमुअल्स कर्नाटक टस्कर्स टीम के सदस्य थे लेकिन उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला। आरोप में भुगतान या उपहार की प्राप्ति का खुलासा करने में विफल रहना, जांच में सहयोग नहीं करना और जांच के लिए प्रासंगिक जानकारी छिपाकर नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी की जांच में बाधा डालना या देरी करना शामिल है। ट्रेंट कोपलैंड ने कहा, मैं जो जानता हूं वह यह है कि यह चीज़ कितनी सामान्य है। ये हर जगह है। हम करोड़ों डॉलर की बात कर रहे हैं। आप ऑस्ट्रेलिया में डब्ल्यूबीबीएल या महिला घरेलू लीग के बारे में सोचें। इन मैचों पर हर साल करोड़ों डॉलर का सट्टा लगता है, खासकर भारत में। जब हम क्रिकेट में भ्रष्टाचार के बारे में बात कर रहे हैं, तो हम विश्व खेल में भ्रष्टाचार के कुछ बड़े स्तरों के बारे में बात कर रहे हैं। वे सबसे कमजोर खिलाड़ियों, जैसे मार्लन सैमुअल्स से संपर्क करते हैं, ऐसे में वह इस तरह की किसी चीज़ के लिए एकदम सही उम्मीदवार है इसलिए ऐसे लोग इस तरह के खिलाड़ियों को टारगेट करते हैं।

## बैजबॉल शैली ने ऑस्ट्रेलियाई को सोचने के लिए मजबूर किया : पोंटिंग

**होबार्ट,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि जैसे-जैसे एशेज सीरीज आगे बढ़ी, ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम इस बात को लेकर सोचने पर मजबूर थी कि इंग्लैंड की बैज़बॉल शैली का मुकाबला कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि 2-2 का स्कोर एक उचित परिणाम था। एजबेस्टन और लॉर्ड्स में रोमांचक जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया एशेज में 2-0 से आगे था। लेकिन बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम ने हेडिंग्ले में जीत हासिल करके वापसी की और मैनचेस्टर में खेल पर नियंत्रण होने के बावजूद, बारिश के कारण मैच ड्रॉ हो गया, जिसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने एशेज बरकरार रखी।

2001 के बाद पहली बार एशेज श्रृंखला जीतने की ऑस्ट्रेलिया की संभावना तब समाप्त हो गई जब इंग्लैंड ने द ओवल में 49 रनों से जीत हासिल की, खासकर गेंद बदलने पर गेंदबाजों को खेल में वापस लाने के बाद, श्रृंखला 2-2 पर समाप्त हुई। खेल की दो विपरीत



शैलियाँ बैठकर देखने के लिए बहुत अच्छी थीं। बैज़बॉल के बारे में बहुत चर्चा हुई थी और इंग्लैंड इससे कैसे आगे बढ़ेंगे, और क्या वह शैली ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण की गुणवत्ता के सामने टिक पाएगी - पीछे मुड़कर देखने पर, शायद यह हुआ। संभवत: कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों, कोचों और कप्तान ने अलग-अलग समय पर अपना सिर खुजलाया होगा कि वे इसका मुकाबला कैसे करेंगे।

पोंटिंग ने एसईएन रेडियो पर कहा, सोचिए 2-2 के परिणाम के बारे में, भले ही गेंद के साथ उस आखिरी टेस्ट में थोड़े से विवाद के कारण थोड़ा पक्षपातपूर्ण रहा हो, जिससे इंग्लैंड को कुछ ऐसी परिस्थितियाँ मिलीं जो शायद उन्हें नहीं मिलनी चाहिए थीं, क्रिकेट के स्तर के बारे में सोचें,पूरी श्रृंखला में, 2-2 का परिणाम शायद उचित था। पोंटिंग ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि बल्ले से इंग्लैंड की आक्रामकता ने एशेज में उनकी वापसी में अहम भूमिका निभाई। मुझे लगता है कि यह उनकी शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी थी, जिससे निपटने के लिए हमें संघर्ष करना पड़ा। जिस तरह से क्रॉली और डकेट हर पारी की शुरुआत में खेलने में सक्षम थे, वास्तव में, उन्होंने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दी और सीधे ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण पर दबाव बनाया।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चार देशों के टूर्नामेंट के लिए तैयार

**डसेलडोर्फ,** 18 अगस्त (वार्ता) भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने चार देशों के टूर्नामेंट 'डसेलडोर्फ 2023' का आगाज 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

टीम का मुकाबला 20 अगस्त को इंग्लैंड से और 22 अगस्त को स्पेन से होगा। फाइनल 23 अगस्त को होगा। यह टूर्नामेंट आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 की तैयारियों का हिस्सा होगा, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच सैंटियागो, चिली में खेला जाएगा।



भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तानी प्रीति करेंगी जबकि रुतुजा दादासो पिसल उपकप्तान हैं। प्रीति ने कहा, हम गहन प्रशिक्षण सत्र कर रहे हैं। तैयारियां वास्तव में अच्छी रही हैं, और हमारा पिछला प्रदर्शन खिलाड़ियों के लिए काफी आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। हमारे पास दिसंबर में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 है, इसलिए यह हमारे लिए उन रणनीतियों को लागू करने और क्रियान्वित करने का एक अच्छा समय होगा जिन पर हम काम कर रहे हैं।

इस बीच, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा, हम इस दौरे का इंतजार कर रहे हैं। एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 की अगुवाई में गुणवत्तापूर्ण टीमों के खिलाफ खेलने से हमें सीखने का अच्छा अनुभव मिलेगा। ये मैच हमारे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि हम महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की तैयारी कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में अपनी ताकत और कमजोरियों पर काम करने के बाद हम इस दौरे में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का लक्ष्य रखेंगे।

भारतीय जूनियर महिला टीम ने जापान के काकामिघारा में महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान जापान को 1-0 से हराकर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने फाइनल में कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार महिला जूनियर एशिया कप जीता।

## श्रीलंका क्रिकेट ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लाहिरू तिरिमाने का इस्तीफा मंजूर किया

**कोलंबो,** 18 अगस्त (आईएएनएस)। श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने वरिष्ठ खिलाड़ी लाहिरू तिरिमाने के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में खेलना छोड़ने के फैसले को स्वीकार कर लिया है। यह उस खिलाड़ी द्वारा श्रीलंका क्रिकेट को भेजे गए त्याग पत्र का अनुसरण करता है जिसमें उसने अपने देश के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने से संन्यास लेने के इरादे की घोषणा की थी। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि कार्यकारी समिति ने हाल ही में हुई एक बैठक के दौरान तिरिमाने का इस्तीफा स्वीकार करने का फैसला किया। श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा, हम इस अवसर पर तिरिमाने को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं और खेल के सभी प्रारूपों को कवर करते हुए श्रीलंका क्रिकेट के लिए उनकी सेवाओं को अच्छी तरह से याद किया जाएगा।

उन्होंने श्रीलंका के लिए 44 टेस्ट मैच, 127 वनडे और 26 टी20 मैच खेले और अपने देश के लिए सभी प्रारूपों में 5500 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। 23 जुलाई को, 33 वर्षीय तिरिमाने ने अपने फैसले के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी दी, जिससे उनके करियर का अंत हो गया। तिरिमाने ने फेसबुक पर पोस्ट किया, पिछले कुछ वर्षों से अपने देश का प्रतिनिधित्व करना पूर्ण सम्मान की बात रही है।

## मैं अपनी टीम में तिलक और सूर्या को रखना पसंद करूंगा : संदीप पाटिल

**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल ने कहा कि अगर वह आगामी एशिया कप और विश्व कप के लिए टीमों का चयन करेंगे तो वह तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव को टीम में रखना पसंद करेंगे। इन दिनों टीम इंडिया अपने कई सीनियर खिलाड़ी की चोटों से परेशान है। टीम के मुख्य खिलाड़ी काफी समय से टीम से बाहर हैं, तो कुछ इंजरी के बाद वापसी करने को तैयार हैं लेकिन उनकी फॉर्म और परफॉर्मेंस पर सवालिया निशान अभी भी बना हुआ है जबकि कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं जिनके बारे में अब तक कोई अपडेट नहीं है।

इसमें सबसे बड़ा नाम है श्रेयस अय्यर और केएल राहुल का, जो चोटों के कारण लंबे समय से बाहर हैं और उनके आगामी दो बड़े इवेंट से पहले पूरी तरह फिट होने पर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच इन दोनों खिलाड़ी के रिप्लेसमेंट के तौर पर सूर्यकुमार और तिलक के चयन के लिए मांग बढ़ गई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 में डेब्यू करने वाले तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया था। इसी परफॉर्मेंस को देखकर भारतीय क्रिकेट फैंस और पूर्व क्रिकेटर उनके वनडे डेब्यू की मांग कर रहे हैं। पूर्व मुख्य चयनकर्ता पाटिल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 100 प्रतिशत (भारत को तिलक वर्मा को डेब्यू कराना चाहिए?) मैं तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव के साथ जाऊंगा। प्लेइंग-11 में कौन होगा, इसका फैसला संतुलन और विपक्ष को देखकर किया जा सकता है। लेकिन तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव दोनों मेरी टीम में होंगे। वहीं भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने बताया कि वह तिलक से कितने प्रभावित हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि तिलक के



टीम में आने से भारत के पास बाएं हाथ के बल्लेबाज का भी ऑप्शन होगा जिसकी टीम में काफी कमी है।

तिलक ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली टी20 सीरीज में पांच पारियों में 57.67 औसत के साथ 173 रन बनाए। 25 लिस्ट-ए मैच में, तिलक का औसत 56.18 है जिसमें पांच शतक और इतने ही अर्द्धशतक शामिल हैं। शास्त्री ने कहा, मैं तिलक वर्मा से बहुत प्रभावित हूं और मुझे टीम में एक बाएं हाथ का बल्लेबाज चाहिए। इसलिए, अगर मैं मध्यक्रम में युवराज सिंह या सुरेश रैना जैसे बल्लेबाज को देखता हूं। तो, वास्तव में तिलक बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। सैंडी और एमएसके चयनकर्ता रहे हैं और अगर मैं अपने पैनल के साथ चयनकर्ता होता, तो मैं उसके मौजूदा फॉर्म को देखता, यह देखता कि वह किस तरह से रन बना रहा है। तो, जब मैं देखता हूं कि पिछले तीन महीनों में उसने किस तरह से रन बनाए हैं, चाहे वह मुंबई इंडियंस के लिए हो भारत के लिए हो, चाहे वह दबाव या खेल की विभिन्न परिस्थितियों से निपटना हो।

### शास्त्री और पाटिल ने की तिलक वर्मा की तारीफ

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री और विश्वकप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे संदीप पाटिल ने एशिया कप और विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में तिलक वर्मा को शामिल करने की वकालत की है। स्टार स्पोर्ट्स से एक्सक्लूसिव बातचीत में शास्त्री ने कहा, मैं तिलक वर्मा से बहुत प्रभावित हूं। बहुत, बहुत प्रभावित हूं। मैं एक बाएं हाथ का खिलाड़ी चाहता हूं। इसलिए अगर मैं मध्यक्रम में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज की तलाश में हूं, जैसे युवराज सिंह और उससे पहले पांचवें नंबर पर सुरेश रैना थे तो उस दिशा में मैं तिलक वर्मा को देखना पसंद करूंगा। सैंडी और एमएसके चयनकर्ता रहे हैं, और अगर मैं अपने पैनल के साथ चयनकर्ता होता तो मै उस मौजूदा फॉर्म को देख रहा होता कि वह अपने रन कैसे बना रहा है। उनके पास सब कुछ है। संदीप पाटिल ने कहा, मैं विश्वकप और एशियाकप के लिये अपनी टीम में तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव को देखना चाहूंगा। अंतिम एकादश में कौन होगा, इसका फैसला संतुलन और विपक्ष को देखकर किया जा सकता है. लेकिन तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव दोनों मेरी टीम में होंगे। गौरतलब है कि इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले संस्करण के अलावा हाल ही में संपन्न वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में तिलक वर्मा ने अपने प्रदर्शन से खासा प्रभावित किया था।

## सार संक्षेप

### भारत में सऊदी प्रो लीग का प्रसारण करेगा सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क

**मुंबई।** भारतीय फुटबॉल फैंस जश्न मना सकते हैं, क्योंकि सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क को देश में सऊदी प्रो लीग का आधिकारिक प्रसारक और सोनी लिव को स्ट्रीमिंग पार्टनर नामित किया गया है। लीग के अगले दो सीज़न के लिए, ब्रॉडकास्टर दुनिया भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ मैचों का सीधा प्रसारण करेगा। सऊदी प्रो लीग ने पिछले सीज़न में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को शामिल किया था और अब नेमार, करीम बेंजेमा, जॉर्डन हेंडरसन, एनगोलो कांटे, सादियो माने और फुटबॉल जगत के दिग्गज शामिल हो गए हैं। लीग के अलावा, किंग्स कप और सऊदी सुपर कप का प्रसारण दोनों सीज़न के लिए क्रमशः क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल से शुरू किया जाएगा।

### हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे रोनाल्ड अराउजो टीम से बाहर

**मैड्रिड (स्पेन)।** एफसी बार्सिलोना के उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण लगभग एक महीने के लिए मैदान से बाहर रहेंगे। क्लब की वेबसाइट ने गुरुवार को इस खबर की पुष्टि की, जिसमें बताया गया कि अराउजो हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं और पूरी तरह ठीक होने तक चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, क्लब ने उनकी वापसी की कोई तारीख नहीं बताई है लेकिन इस प्रकार की चोट और अराउजो की मांसपेशियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वह कम से कम एक महीने के लिए एक्शन से दूर हो सकते हैं। इसका मतलब यह भी है कि वह रविवार को काडिज़ के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर होने वाले मैच के साथ-साथ 27 अगस्त को विलारियल के मुश्किल दौरे और अगले हफ्ते ओसासुना के खिलाफ होने वाले घरेलू मैच में भी नहीं खेल पाएंगे।

### सुडोकू 6290 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 |

# राज्य के सभी रीपा में जल्द ही बैंकिंग सुविधा



■ छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग ने नाबार्ड, अपेक्स एवं अग्रणी बैंकों की ली बैठक

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। नया रायपुर स्थित राज्य योजना आयोग के कार्यालय में आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने नाबार्ड, अपेक्स एवं अग्रणी बैंकों की बैठक ली। बैठक में राज्य में स्थापित सभी 300 रीपा में बैंक की सुविधा उपलब्ध कराने की चर्चा की गई। जिससे रीपा के ग्रामीण व्यवसायियों, स्व-सहायता समूहों को रीपा ग्राम में ही बैंकिंग सुविधा, त्वरित ऋण प्राप्त हो सकें। वर्तमान में 70 रीपा में बैंक सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध है साथ ही अन्य रीपा में बैंक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में योजना आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमण्यम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के संयुक्त सचिव डॉ. गौरव सिंह और योजना आयोग के संयुक्त संचालक डॉ नीतू गोरडिया एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

आयोग के उपाध्यक्ष सिंह ने कहा की रीपा में बैंक लिंकेज करवाना सिर्फ हितग्राहियों के लिए ही नहीं, बल्कि बैंकों के लिए भी लाभदायक होगा। सिंह ने सुझाव दिया की बैंक अपने क्षेत्र के रीपा में जागरूकता शिविर लगवाकर बैंकिंग सुविधाओं की बारे में लोगों को जानकारी दें। साथ ही कहा कि पंचायत विभाग और बैंक प्रतिनिधि समन्वय करके आगे की कार्य योजना तैयार करें।

ख्यमंत्री के सलाहकार शर्मा कहा की आज के गावों के युवा महत्वाकांक्षी हो गए हैं और अपना उद्योग शुरू करना चाहते हैं। जिसमें रीपा एक बड़ी भूमिका निभा रहा है।

बैठक में बैंकों को रीपा में चल रही गतिविधियों और हितग्राहियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गयी। बैंको ने तत्काल रूप से रीपा में से ही हितग्राहियों को चयनित कर उनके साथ सीएससी, माइक्रो एटीएम और बैंक मित्र के द्वारा बैकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि मोबाईल बैकिंग वैन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं दी जा सकती है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास के संयुक्त सचिव डॉ गौरव सिंह ने बैंक प्रतिनिधियों को अपने जिला में कार्यरत अधिकारियों के माध्यम से रीपा हितग्राहियों को बैंकिंग सुविधाओं के प्रति जागरूक करने एवं हितग्राहियों को ऋण आवेदन की प्रक्रिया में सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए।

गौरतलब है रीपा-ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के लिए गौठानों को महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के रूप में विकसित करने के लिए बुनियादी अधोसंरचना, वर्कशेड आदि के विकास हेतु 300 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। राज्य में 300 महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का निर्माण कराया गया है। रीपा के अंदर एक प्रशासनिक क्षेत्र का निर्माण किया गया है, जिसमें बैंकिंग सुविधा हेतु क्योस्क, इंटरनेट सुविधा हेतु वाईफाई कनेक्शन. राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी हेतु हेल्पडेस्क का निर्माण किया गया है।

# ट्रक-कार में भिड़ंत से माँ-बेटे की मौके पर मौत, बेटी गंभीर

**धमतरी,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। धमतरी-नगरी मार्ग में केरेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत 17 अगस्त की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे हुआ, जिसमें ट्रक ने कार को ठोकर मार दी। कार सवार नगरी निवासी मां बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। बेटी गंभीर रूप से घायल है जिसे रेफर किया गया। कार ड्राइवर को मामूली चोट आई है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 अगस्त गुरुवार के रात्रि करीबन 11:45 बजे ग्राम सियादेही अन्नपूर्णा राइस मिल के पास धमतरी से नगरी तरफ जा रही स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 05 एस 6300 को नगरी की तरफ से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 5774 का चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आकर स्विफ्ट कार को सामने से ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया।

स्विफ्ट कार में सवार नीलिमा चोपड़ा पति भावेश चोपड़ा 45 साल, भव्य चोपड़ा पिता भावेश चोपड़ा 12 साल निवासी नगरी जिला धमतरी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बेटी भूमिका चोपड़ा पिता भावेश गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे 108 वहां के माध्यम से जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया वहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कार ड्राइवर को हल्की चोट आई है।

केरेगांव थाना प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह ने बताया कि सियादेही के पास राइस मिल के सामने ट्रक ने कार को ठोकर मार दी। जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई है। एक गंभीर रूप से घायल है जिसे रिफर किया गया है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। ट्रक को जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज एंकर सलमा का कंकाल खोजने की मिली अनुमति, होगी सड़क की खुदाई

**कोरबा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कुसमुंडा थाना क्षेत्र निवासी व न्यूज एंकर सलमा सुल्ताना लस्कर के हत्यारों की गिरफ्तारी पुलिस ने कर ली है, पर अभी तक सलमा का कंकाल नहीं मिल सका है।

आरोपियों द्वारा स्थल चिंहांकित करने के बाद पुलिस ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के समक्ष स्थल पर खुदाई करने आवेदन दिया था। इस पर स्वीकृति मिल गई है और पुलिस अब जब्त ही संभावित स्थल की खुदाई कर कंकाल की तलाश करेगी। न्यूज एंकर सलमा की हत्या कर आरोपितों ने पांच वर्ष पहले 21 अक्टूबर 2018 को शव कोहड़िया के पास दफन कर दिया था। अब आरोपी मधुर साहू, सहयोगी कौशल श्रीवास के पकड़ाने के बाद पुलिस के समक्ष कंकाल बरामद करना चुनौती बन गया है।

शव दफनाने में सहयोग करने वाले अतुल शर्मा की निशानदेही पर पुलिस ने जगह चिंहांकित कर लिया है। इसके बाद खुदाई करने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। दर्री सीएसपी राबिंसन गुड़िया ने बताया कि आवेदन पर स्वीकृति मिल जाने पर अब दो- तीन दिन के भीतर उक्त स्थल पर खुदाई की जाएगी।

NECC

| 19.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.20 | 75 | 160 |
| चिल्हर | 5.50 | 90 | 185 |

डिलीवरी 435 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# मंदिरहसौद में मंत्री डहरिया के रोड शो में दिखा लोगों का उत्साह

■ मंत्री डॉ.डहरिया ने नगर पालिका मंदिरहसौद को 25.17 करोड़ के विकासकार्यो की दी सौगात

**आरंग,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत से नगर पंचायत और अब नगर पालिका बनने के बाद मंदिरहसौद को प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक डॉ.शिवकुमार डहरिया लगातार विकासकार्यो की सौगात दे रहे। आरंग विधानसभा क्षेत्र के नवीन नगर पालिका मंदिर हसौद में भूमिपूजन एवं लोकार्पण का कार्यक्रम रखा गया था। जिसके मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के द्वारा बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे मुलभूत आवश ?यकताओं को प्राथमिकता देते हुवे 2048.41 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से निकाय क्षेत्रांतर्गत 20 विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य लागत 736.76 लाख, गांधी ग्राम नक्टा के विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य लागत 435.00 लाख,शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय भवन निर्माण कार्य लागत 264.84 लाख, वार्ड क्रमांक02 में पुष? वाटिका निर्माण कार्य लागत 100.58 लाख, नवा एवं डबरा तालाब सौन्दर्यकरण कार्य लागत 85.90 लाख, वार्ड क्रमांक 09 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य लागत 38.28 लाख, वार्ड क्र.12 में हॉट बाजार में शेड निर्माण कार्य लागत 30 लाख,शासकीय कन्या उ.मा.वि. में 06 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण लागत 48.42 लाख, धान मंडी के पास शेड निर्माण कार्य लागत 21.58 लाख, जनमाष?टमी सेवा समिति हेतु भवन निर्माण कार्य लागत 20. लाख, कुरूद में मुक्तिधाम निर्माण कार्य लागत 26.37 लाख, वार्ड क्र.8 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 19.66 लाख है। इसी प्रकार 2517.84 लाख के कार्यों का लोकार्पण किया किया जिसमें निकाय क्षेत्रांतर्गत 30 विभिन्न स्थानों में सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य लागत 394 लाख, वार्ड क्र. 03 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य लागत 20 लाख, राष्टीटीय ध्वज तिरंगा 30.50 मी. ऊंचाई फ्लेग मास्ट की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य लागत 18.95 लाख, तहसील कार्यालय के पीछे सुविधा 24 अंतर्गत 10 सीटर शौचालय निर्माण कार्य लागत 18.24 लाख एवं जय स्तंभ चौक में सुविधा 24 अतंर्गत 10 सीटर शौचालय निर्माण कार्य लागत 18.24 लाख है। इस तरह कुल 25.17 करोड़ के विकास कार्यो का मंत्री डॉ. डहरिया ने नगरपालिका मंदिरहसौद को सौगात दिया गया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. डहरिया ने सभा को सम्बोधित भी किया तथा कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का बखान किया। साथ ही पटवारी कार्यालय से लेकर कार्यक्रम स्थल तक रोड शो कर प्रदेश में कांग्रेस की दोबारा सरकार बनाने की अपील भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश यादव पूर्व अध्यक्ष नपा. मंदिर हसौद ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश बघेल पूर्व उपा. नपा. मंदिरहसौद, तारणी पिंटू निर्मलकर ब्लाक अध्यक्ष महिला कांग्रेस चंदखुरी, दिनेश ?वरी टंडन जनपद सदस्य आरंग, गोपाल चतुर्वेदी तत्का. सरपंच नकटा, प्रेमनारायण मिश्रा, शोभित साहू, संतोश सिन्हा, अवधेष मिश्रा, दिलीप जोशी, अंजू बघेल, मोहन साहू, संतोशी ध्रुव, भूमिका ध्रुव, बबलु चन्द्राकर, जोईधाराम साहू, देवनाथ साहू मंडी अध्यक्ष आरंग, धनमत गायकवाड़, आदित्य सिन्हा, नरसिंग अग्रवाल, भूषण साहू, अनुज मिश्रा, जैतराम जांगड़े, सुनील बांधे, सुषील बांधे, सुभांशु साहू, सुरज शर्मा, बलराम सोनवानी, प्रिती मिश्रा, कृष?णा साहू, देवेन्द्र साहू, बंटी मिश्रा, अविनाश मिश्रा, रेखराम पात्रे, प्रवीण सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित थे।









प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## चुनाव तैयारियों में आगे की जंग

दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक होती है और दूसरे ही दिन छत्तीसगढ़ विधानसभा की 21 सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी अपने प्रत्याशी घोषित कर देती है। ये सीटें ऐसी हैं, जहां से प्रत्याशियों के नाम पर संशय की कोई स्थिति नहीं थी। नाम लिए जाने के साथ सभी नेताओं की 'हां' को महत्व दिया गया और पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी के रूप में उनके नामों की घोषणा कर दी गई। चुनाव तैयारियों में आगे निकलने का जो मनौवैज्ञानिक लाभ होता है, उस दृष्टि से भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर यह लाभ उठाने की कोशिश में सफल हो गई। हालांकि इससे पहले बहुजन समाज पार्टी नौ सीटों पर अपने प्रत्याशी काफी पहले घोषित कर चुकी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव की जो स्थिति बनती दिखाई दे रही है, उसमें अनुमान यह है कि यह चुनाव पिछले चुनावों से एकदम अलग होगा। हालांकि असली टक्कर हर बार की तरह कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होना है। पिछले चुनाव के नतीजों को देखकर भाजपा की स्थिति बहुत कमजोर आंकने वाले भी पार्टी की तैयारियों में कुछ सुधार के रूप में देख रहे हैं। प्रत्याशियों की नामों की घोषणा पर पार्टी की अच्छी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर आई है और नेता कह रहे हैं कि इनसे श्रेष्ठ नाम हो नहीं सकते थे। एक दो नाम पर हालांकि संघ की ओर से पहले से विरोध किया जा रहा था। पार्टी के लोगों का कहना है कि इस मामले में जीत की संभावना देखी गई है। सभी वर्गों में यह संदेश भी देने का प्रयास किया गया है कि भाजपा का किसी वर्ग से विरोध नहीं है। हालांकि पार्टियों के टिकट के फैसले तब बदल भी जाते हैं जब तक पार्टी का बी-फार्म जारी नहीं हो जाता। यानी प्रत्याशी के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम समय तक प्रत्याशी बदले जा सकते हैं। चूंकि भाजपा के प्रदेश स्तर के नेता नेतृत्व के समक्ष नामों पर सहमति जता चुके हैं इसलिए 21 सीटों पर घोषित प्रत्याशियों के नामों में कोई फेरबदल होने की संभावना कम ही है। सत्तारूढ़ पार्टी के लिए प्रत्याशियों का फैसला करना थोड़ा कठिन हो जाता क्योंकि दावेदारों की संख्या बढ़ जाती है। कांग्रेस के लिए यही स्थिति है। कांग्रेस में स्क्रीनिंग की प्रक्रिया शुरू हुई है। पहले ब्लाक स्तर पर और फिर जिला स्तर पर दावेदारों की स्क्रीनिंग होगी और उसके बाद प्रदेश स्तर पर उनकी सूची तैयार की जएगी। अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान से होगा। इस प्रक्रिया में अगस्त माह निकल जाने की संभावना है। हालांकि जिनका नाम शीर्ष पर होता हो उसे संकेत मिल जाता है कि उसे चुनाव की तैयारियों में लग जाना चाहिए। ऐसे कितने उम्मीदवार हैं, फिलहाल कह पाना कठिन है मगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयान से साफ है कि सभी विधायकों को पार्टी टिकट देने नहीं जा रही है। इनमें से एक तिहाई विधायकों का टिकट काटा जा सकता है और उनकी जगह नए चेहरों को आगे लाया जा सकता है। इन बयानों ने भी दावेदारों की संख्या कांग्रेस में बढ़ाई है। इस स्थिति को देखते हुए पार्टी की प्रदेश प्रभारी ने पहले ही साफ कर दिया है कि टिकट एक को ही मिल सकती है और बाकी सभी को उसे जिताने के लिए काम करना होगा। विरोध या भितरघात की कोई शिकायत मिलती है तो पार्टी उस पर कार्रवाई करने में देर नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी राज्य विधानसभा सभी 90 सीटों पर और आदिवासी नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविन्द नेताम की हमर राज पार्टी भी चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। अभी इन पार्टियों के अलावा कुछ अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों का ऐलान होना बाकी है।

उल्टा पुल्टा

एक बार सोनू लगातार 4 दिनों से स्कूल में देर से आने पर मैडम ने कहा, तुम इतना लेट स्कूल क्यों आते हो?
सोनू- मैडम, आप मेरी इतनी चिंता मत किया करें बच्चे गलत समझते हैं!

# शराब दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग




सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ ने किया धरना प्रदर्शन

**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ जगदलपुर के द्वारा शहर के मध्य चांदनी चौक में तथा मसीही कब्रिस्तान के सामने स्थित दोनों सरकारी शराब दुकान को हटाकर शहर से बाहर करने की एक सूत्रीय मांग को लेकर शुक्रवार दोपहर 12ः00 बजे कलेक्ट्रेट चौक में समाज की समस्त मातृशक्ति ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर बस्तर को शराब दुकान हटाने संबंधी सौंपा।

सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष नीलम मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सभी शराब दुकानों को शहर के बाहर हाईवे पर स्थानांतरित करने का निर्देश है और सभी जगह शराब दुकान शहर के बाहर कर दिए गए हैं, किंतु जगदलपुर एकमात्र शहर है जहां दो शराब दुकान शहर की बीच में संचालित हो रहे हैं। शहर के बीच में जहां मंदिर भी है, स्कूल भी है, तथा कई दैनिक उपयोगी सामग्री की दुकानें हैं जिससे इस मार्ग पर शहर की महिलाएं एवं युवतियों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा लज्जित भी पड़ता है। शहर की कई दुकानों में महिलाएं एवं युवती काम भी करती हैं तथा दुकान बंद होने पर रात में अपने अपने घरों पर वापस जाती हैं किंतु दुकान व उनमें शराबियों के जमावड़े से उन पर कई बार छींटाकशी भी होती है, और कई बार तो लड़ाई झगड़े की नौबत भी आ चुकी है।

शहर के बीच शराब दुकान से स्कूली बच्चों पर मानसिक रूप से गलत असर तथा मंदिर जाने वाले भक्तों की धार्मिक भावना पर भी ठेस पहुंचती है।चांदनी चौक शहर का प्रमुख चौक है। इस रास्ते का उपयोग कलेक्ट्रेट ऑफिस, अस्पताल, बैंक, स्कूल इत्यादि के लिए होता है किंतु शराब दुकान में शराबियों की भीड़ की वजह से प्रतिदिन यहां आवागमन में जाम की स्थिति बनी रहती है।

महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से तथा स्वच्छ वातावरण की दृष्टि से तत्काल शहर के बीच स्थित दोनों शराब दुकान को शहर के बाहर स्थानांतरित करने का पत्र जिला कलेक्टर बस्तर को दिया गया है। अन्यथा समाज की समस्त महिलाएं मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी। शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने व कलेक्टर को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने प्लास्टिक जार में बिना लेबल के बिक रही मिठाईयों के लिए नमूने, जारी रहेगी कार्रवाई



**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जगदलपुर शहरी क्षेत्र में अमानक मिठाईयों की निर्माण स्थल से राजगीरा चिकी, सोनपापडी, नारियल लड्डू एवं बर्फी, गुलाब जामुन आदि का नमूना लेकर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। यहाँ मिठाईयां प्लास्टिक के जार में भरकर पैक किया जा रहा था किन्तु संबंधित जार में निर्माता फर्म का नाम, निर्माण तिथि, उपयोग एवं अवसान तिथि घटकों के नाम, लाइसेंस नम्बर आदि किसी भी तथ्य को उल्लेखित नहीं किया गया था। अतएव अमानक एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थ होने की आशंका के आधार पर उक्त पदार्थों का नमूना संकलित किया गया है।

उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार जगदलपुर शहर में इस प्रकार प्लास्टिक जार में बिना लेबल वाले अमानक मिठाईयों के विक्रय का बड़ा थोक बाजार है जो ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे दुकानदारों को उक्त मिठाई बेचते हैं। ग्रामीणजन एवं बच्चे चिल्हर में एक या दो रूपए में यह मिठाई खरीद कर खाते हैं। चूंकि जार के लेबल में खाद्य पदार्थ के निर्माण तिथि, उपयोग की तिथि घटकों के नाम एवं निर्माता फर्म के पूर्ण पत्ता का उल्लेख नहीं होता. ऐसे में यह जानकारी उपभोक्ता को नहीं मिल पाती कि ये मिठाई किस चीज से बनी है एवं कब बनी है। जाहिर है कि इस प्रकार की मिठाई का उपयोग सेहत के लिए बहुत अधिक खतरनाक होता है। आगामी रक्षाबंधन त्यौहार में इस प्रकार की अमानक मिठाई का यह बाजार बढ़ने से रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सतर्क है एवं इस प्रकार के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## 29 को पारित होगा भाजपा पार्षदों का अविश्वास प्रस्ताव, जनता की अनदेखी कांग्रेस को पड़ेगी भारी : आलोक अवस्थी



**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी पार्षद दल के द्वारा नगर निगम में कांग्रेस की महापौर सफीरा साहू के विरूद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव। 29 अगस्त को आहूत सम्मिलन में अवश्य पारित होगा। कांग्रेस की महापौर बीते साढ़े तीन साल में शहर की जनता की सेवा करने में पूर्णतः असफल रही हैं। नाराज जनता की भावना अनुरुप महापौर को नैतिकता के आधार पर स्वतः पद का त्याग कर देना चाहिये। मोतीलाल नेहरू वार्ड के भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि अपने अधिक संख्या बल के आधार पर निगम में आसीन कांग्रेस अधिक आशान्वित न रहें, अपनों की व जनता की अनदेखी उन्हें भारी पड़ने वाली है। भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि शहर की तमाम व्यवस्थायें, जो नगर निगम के द्वारा जनता को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये की जाती है, पूर्णतः ध्वस्त हो चुकी है। सबसे प्रमुख मसला स्वच्छता का है। कांग्रेस महापौर की अगुवाई में शहर की स्वच्छता हाशिये पर पहुँच गयी है जो सीधे जनता के स्वास्थ्य व जीवन से जुड़ा गंभीर विषय है। नगर निगम की लचर सफाई व्यवस्था से पिछले वर्ष डेंगू का भयंकर प्रकोप शहर में बरपा था और एक दर्जन से अधिक मौतें हुई थी। आलोक ने कहा कि भाजपा के 19 पार्षदों के वार्डों में लगातार भेदभाव करने की निम्न स्तरीय राजनीति की जाती रही है। कांग्रेस के भी ऐसे कई पार्षद है, जो इस भेदभाव वाली पीड़ा से गुजर रहे हैं। महापौर कृपया बतायें कि भाजपा सहित अन्य पार्षदों के वार्ड व वहाँ के निवासी शहर का हिस्सा नहीं है, क्या उनके प्रति महापौर की ज़िम्मेदारी नहीं बनती है ? पिछले साढ़े तीन साल का कार्यकाल शहर की तमाम व्यवस्थाओं को धराशायी करने वाला रहा है। जनता के मध्य से उठी आवाज़ का मुखर स्वरूप भाजपा पार्षद दल का लाया अविश्वास प्रस्ताव है, जो सावन पूर्णिमा के एक दिन पूर्व 29 अगस्त को महापौर के विरुद्ध जरूर पारित होगा।

## विधायक जैन ने वनाधिकार पट्टा दिलाने की पहल



**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को जगदलपुर ब्लॉक के बड़े बोदल के ग्रामीण बड़ी संख्या में संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन से मुलाकात की। विधायक ने उनकी बातों को सुनने के बाद वनाधिकार पट्टा दिलाने अधिकारियों से चर्चा की। उन्होने ग्रामीणों से कहा कि उनकी प्रत्येक समस्या का आज तक निराकरण किया गया है। गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हरसंभव कोशिश की गई है। सभी ग्रामीणों ने हर्ष जताते भूपेश है तो भरोसा है, का जयकारा भी लगाया। विधायक श्री जैन के साथ नीलूराम बघेल, वीरेंद्र साहनी, तुलाराम कश्यप समेत बड़े बोदल के सुभाष गावड़े, सुखराम, बोंडकू कश्यप, धनीराम कश्यप, बोंदू कश्यप, बलिराम कश्यप, आन्दो कश्यप, चिंगडू कवासी, मोंगू राम कश्यप व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय जैविक किसान मेला सह मिलेट कार्निवल का आयोजन



- अतिथियों ने कोदो की खिचड़ी, हलवा एवं कुटकी खीर का लिया लुफ्त
- स्थानीय बोली में कला जत्था के माध्यम से कर रहे जागरूक

**सुकमा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वधान में जैविक खेती मिशन योजनान्तर्गत जिला स्तरीय जैविक किसान मेला सह मिलेट कार्निवल का आयोजन स्वामी विवेकानंद परिसर सुकमा में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने किसानों को जैविक खेती के महत्व को बताया तथा जैविक खेती एवं लघु धान्य फसलों की खेती करने के लिये प्रेरित किया। जैविक मेला सह मिलेट कार्निवल में कोदो, कुटकी, रागी, सॉवा, मोटे फसल अनाजों का जीवंत स्टॉल लगाया गया। जिसमें महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के महिला स्व सहायता समूह द्वारा रीपा में बनाये गए उत्पाद जैसे आचार, कोदो, कुटकी एवं रागी का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा द्वारा मूंग, उड़द और इंदिरा कोदो और कृषि यंत्र की प्रदर्शनी लगाई गई थी। पशुधन विकास विभाग द्वारा गौमूत्र से बने जैविका खाद एवं अन्य सामाग्रियों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। इस अवसर पर जनपंद पंचायत छिंदगढ़ अध्यक्ष देवलीबाई नाग, जिला पंचायत सदस्य राजूराम नाग, एनआरएलएम अधिकारी चौहान, फेलो कर्महे अत्रेय एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित ट्रिफ के सदस्यगण एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जैविक किसान मेला सह कार्निवल में उप संचालक पी.आर बघेल ने वर्तमान खरीफ फसलों के जैविक कृषि कार्यशाला के संबंध में जानकारी दिया और कोदो कुटकी एवं रागी की खेती के संबंध में एवं मुख्य खरीफ फसलों जैविक धान उड़द, मूंग की खेती एवं जैविक खेती में आ रही समस्याएं एवं निराकरण के संबंध में परिचर्चा करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कृषि उप संचालक ने बताया कि बस्तर संभाग प्रदेश में मिलेट फसलों के नाम से जाना जाता था, समय के साथ किसानों की रूची मिलेट फसलों में कम होने लगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मिलेट फसल के स्वास्थ्यवर्धक गुणों से प्रेरित होकर अब मिलेट फसल की खेती करने हेतु प्रोत्साहित हो रहे है। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने लघुवनोंपज हेतु समर्थन मूल्य निर्धारित होने से किसान मिलेट फसल हेतु प्रेरित हो रहे है। साथ ही जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा मिलेट फसल को बढ़ावा देने के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## श्री बालाजी मंदिर में सोमवार से शुरू होगा पवित्रोत्सव



भगवान की सेवा में हुई त्रुटियों के लिए आयोजित होता है यह विधान

**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। मंदिर में सोमवार से 3 दिवसीय महा पवित्रोत्सव पूजा विधान संपन्न होगा। श्री वैष्णव संप्रदाय के मंदिरों में होने वाले भगवान की नित्य सेवा के दौरान जाने अनजाने में किसी भी तरह की त्रुटियां रह जाती हैं। उनके शुद्धीकरण के लिए पवित्रोत्सव या यज्ञोत्सव किया जाता है। इसी क्रम में 21-22 और 23 अगस्त को श्री बालाजी मन्दिर में 3 दिवसीय पवित्रोत्सव विधान आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम से पहुंचे विद्वान 7 पंडितों की सानिध्य में संपन्न होगा। आगम पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य नित्य आराधना, रक्षासूत्र बंधनम् के साथ पवित्रोत्सव पूजा प्रारंभ होगा। पंचरात्र आगम पद्धति के तहत दाक्षिणात्य मंदिरों में बहुत ही शास्त्रानुसार मनाये जाने वाले इस उत्सव में साल भर भगवान की सेवा में हुई त्रुटियों और अशुद्धियों के शुद्धिकरण के लिए दिव्य प्रबंध पाठ व वेद परायण, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ के साथ 22 अगस्त, मंगलवार को सुदर्शन होम किया जायेगा। श्री बालाजी टेंपल कमेटी दि बस्तर डिस्ट्रिक्ट आंध्र एसोसिएशन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि 11 कुंडों में होने वाले हवन में विभिन्न जड़ी बूटियों के साथ साथ जौ, गेंहू, तिल, धान, पुष्प, चन्दन काष्ठ, अगर समिधा, पलास, पीपल, बेल, शमी, अंगा, खील, गौघृत आदि का प्रयोग किया जाता है। पवित्रोत्सव के दौरान भगवान किसी प्रकार का आभूषण धारण नहीं करते। पवित्रोत्सव विधान हेतु परंपरानुरूप आंध्र प्रदेश के बोब्बिली शहर के कास्तकारों द्वारा ख़ास तौर पर बनाई जाने वाली माला रूपी वस्त्र देव प्रतिमाओं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## मतदान केन्द्रों में विशेष शिविरों का होगा आयोजन आज व कल

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम विलोपन एवं संशोधन की होगी कार्रवाई

**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के विशेष पहल चुनई तिहार 2023 के अंतर्गत जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बूथ लेबल अधिकारियों द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, नाम विलोपन सहित आयु, लिंग, पता इत्यादि संशोधन किया जा रहा है। इस सघन अभियान के माध्यम से 01 अक्टूबर 2023 तक मतदान हेतु अर्हता प्राप्त कर चुके युवाओं सहित नवीन मतदाताओं को जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन और मतदाताओं की जानकारी से संबंधित संशोधन के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त की जा रही है। यह कार्य 31 अगस्त तक चलेगा। इस दिशा में मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर 19 >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बने सुशील मौर्य



**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। युवा नेता एवं बस्तर सांसद प्रतिनिधि सुशील मौर्य के शहर जिला कांग्रेस कमेटी जगदलपुर के नव नियुक्त अध्यक्ष बनने पर जगदलपुर के स्थानीय राजीव भवन में जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए फूला माला पहना कर नव नियुक्त शहर जिला अध्यक्ष का स्वागत किया।

## सीएम बघेल ने कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प दिलाया






जगदलपुर के संकल्प शिविर में उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब

**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। गुरुवार को कांग्रेस के जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन कृष्णा गार्डन धरमपुरा में हुआ। दोपहर बाद आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, मंत्री कवासी लखमा, विधायक रेखचंद जैन व अन्य अतिथियों के साथ छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद खचाखच भरे हाल में विधानसभा क्षेत्र के बूथ, सेक्टर व जोन से आए पदाधिकारियों- सदस्यों को कांग्रेस प्रत्याशियो को सभी सीटों पर जिताने का संकल्प दिलाया। वर्तमान विधानसभा के 90 सीटों में कांग्रेस के 71 विधायकों के होने तथा अगली बार इससे अधिक विधायकों के चुने जाने का भरोसा दिलाया व कांग्रेस सरकार में समाज के सभी वर्गों को राहत- रियायत मिलने की बात कही। श्री बघेल ने विभिन्न सामाजिक संगठनों को सामुदायिक भवनों के लिए कांग्रेस सरकार के द्वारा भूमि उपलब्ध कराने और देवगुडियों - मातागुडियों के मरम्मत- जीर्णोद्धार कराने की योजना को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अनेक मौकों पर अपने संबोधन के दौरान भाजपा पर तीखा प्रहार भी किया। उन्होने भाजपा शासनकाल में मणिपुर में आदिवासियों के विरुद्ध की जा रही कारवाई का भी कार्यकर्ताओं को स्मरण दिलाया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन के दौरान अनेक बार कार्यक्रम स्थल चभूपेश है तो भरोसा है च के नारों से गूंजता रहा। श्री बघेल ने भाजपा शासन के दौरान बस्तर परिवहन संघ के कार्यालय में ताला जड़ने व महारानी अस्पताल को बंद किए जाने का जिक्र करते कहा कि प्रदेश की सत्ता संभालते ही उन्होने इन्हें बहाल किया था।

**बैज ने भाजपा को लिया आड़े हाथः** कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा को जमकर आड़े हाथ लिया। उन्होने कहा कि प्रदेश की सत्ता में 15 साल रहने के दौरान भाजपा के नेताओं ने जनता को लूटने- ठगने का काम ही किया है। यही कारण है कि प्रदेश की मात्र 16 सीटों पर भाजपा सिमट गई थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व की खूब सराहना की। श्री बैज ने कार्यकर्ताओं की सराहना की और कहा कि उनके दम पर न केवल प्रदेश की सत्ता पर कांग्रेस फिर से काबिज होगी बल्कि पिछली बार की तुलना में इस बार अधिक सीटें कांग्रेस जीतेगी।

कार्यक्रम के अंत में जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने संकल्प शिविर में आए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज, मंत्री कवासी लखमा, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष व बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, महापौर सफीरा साहू समेत समस्त बूथों से आए पदाधिकारियों, सेक्टर व जोन प्रभारियों और वरिष्ठ- कनिष्ठ कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सलाहकार विनोद वर्मा, क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, मलकीत सिंह गैदू, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू समेत शहर व ग्रामीण कांग्रेस, सेवादल, महिला >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बेरोजगारी भत्ते से साकार हो रहे युवाओं के सपने



- दंतेवाड़ा के बेरोजगारों को अब तक मिले 40 लाख
- अगस्त के आखिर में जारी होगी पांचवी किश्त
- परीक्षा की तैयारी सहित कई जरूरतें हो रहीं पूरी

**दंतेवाड़ा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार जिले के बेरोजगार युवाओं को राज्य शासन के द्वारा बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इस कड़ी में जिले में अब तक कुल 540 बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत इसकी पांचवी किस्त अगस्त माह के अंत में जारी होगी।

गौरतलब है कि जिले में अब तक 40 लाख रुपये से अधिक की भत्ते की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। योजना अंतर्गत पात्रता रखने वाले युवा आवेदन कर सकते है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा बेरोजगारी युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में सहायता प्रदान करने हेतु संकल्प योजना अंतर्गत 21 अगस्त को लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य में एक अप्रैल से लागू हुई बेरोजगारी भत्ता योजना अनेक युवाओं के कैरियर को एक नया मुकाम देने में मददगार बन गया है। बेरोजगारी भत्ता शुरू किए जाने से जरूरतमंद युवाओं को एक बड़ा सहयोग मिला है। इस संबंध में बेरोजगार युवाओं ने बताया कि उनकी यह सभी जरूरतें अब छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू की गई बेरोजगारी भत्ते की राशि से पूरी हो रही हैं। यूं तो सभी जानते है कि निर्धन परिवार के युवाओं लिए कभी-कभी पैसे का इंतजाम कर पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे आड़े वक्त में बेरोजगारी भत्ता बहुत बड़ा सबंल साबित हो रहा है। फिर चाहे वह परीक्षा की तैयारी हो या फिर पुस्तक खरीदना, फीस इत्यादि इसके अलावा अपनी अन्य जरूरतों में भी भत्तें की वजह से सभी चीजें आसान हो रही है। कुल मिलाकर बेरोजगारी भत्ता योजना युवाओं के सपने साकार करने में खरा उतर रहा है।

# सीएम के युवा संवाद में दंतेश्वरी कारीडोर की तारीफ

**दंतेवाड़ा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में गीदम जावंगा कॉलेज की छात्रा प्राची दुबे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से धारा प्रवाह छत्तीसगढ़ी में संवाद कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री श्री बघेल छात्रा प्राची की इस प्रतिभा से काफी प्रभावित भी हुए। छात्रा ने दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में जारी कारीडोर निर्माण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल को इसका प्रेरणा स्रोत और मार्ग दर्शक बताया।



जगदलपुर में सीएम के युवाओं से भेंट मुलाकात के तहत संभाग के सभी जिलों से युवा पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी जिलों से आए युवाओं के विचार सुने। इसी क्रम में प्राची ने ठेठ छत्तीसगढ़िया अंदाज में अपनी बात रखी। प्राची ने मुख्यमंत्री को बताया कि दंतेश्वरी कारीडोर बनने से दंतेवाड़ा दंतेश्वरी मंदिर के प्रति आस्था और बढ़ेगी। पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही युवाओ को सुविधा मिलेगी। कारीडोर से दंतेवाड़ा को नई पहचान मिलेगी। प्राची ने मुख्यमंत्री को कका कहकर संबोधित किया और कहा कि यह हम लोगों के लिए सौभाग्य की बात है हम अपने छत्तीसगढ़ राज्य को छत्तीसगढ़ी महतारी कहकर संबोधित करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूल से गरीब छात्रों को फायदा मिल रहा है। इससे वे हमारे राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। घरेलु हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सखी सेंटर से काफी राहत मिली है।

- जावंगा की छात्रा प्राची ने अपने छत्तीसगढ़ी संवाद में किया जिक्र
- दंतेश्वरी कारीडोर के लिए मुख्यमंत्री को बताया मार्गदर्शक

प्राची ने मुख्यमंत्री श्री बघेल से अपने संवाद के दौरान यह मांग भी की कि शासकीय महाविद्यालयों में डिजिटल कोड पढ़ाई की व्यवस्था होनी चाहिए। इस मांग का वहां मौजूद हजारों छात्रों ने समर्थन किया। अंदरूनी इलाकों के छात्रों के लिए बारिश के दौरान आवाजाही में तकलीफ होती है, ऐसे में बेहतर पुल-पुलिया और सड़क की सुविधा मिल जाए तो शिक्षा की रोशनी सुदूर अंचलों पहुंचेगी। प्राची ने अपने संवाद के अंत में छत्तीसगढ़ी में कविता भी प्रस्तुत की। इसका भावार्थ यह था कि मुख्यमंत्री श्री बघेल के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता का चहुमुखी विकास हो रहा है। प्राची ने जब अपने संबोधन की शुरूआत जय जोहार से की तो मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भी जय जोहार कहते हुए आदर पूर्वक संबोधन का जवाब दिया। प्राची की धारा प्रवाह छत्तीसगढ़ी ने इस बस्तर अंचल में हल्बी-गोंडी के साथ छत्तीसगढ़ी बोली के प्रति नई पीढ़ी के मन में आत्मीयता और लगाव का भी प्रमाण प्रस्तुत किया।

# वापस कराएंगे चिटफंड में फसे पैसे : अवधेश



- साढ़े 13 हजार निवेशकों के 20 करोड़ जाम
- निवेशकों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष से लगाई गुहार

**दंतेवाड़ा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के 13 हजार 609 लोगों के 19 करोड़ 51 लाख 58 हजार 259 रूपए विभिन्न चिटफंड कंपनियों में फंसे हुए हैं। इस मुद्दे को लेकर निवेशकों ने आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम से मुलाकात कर हितग्राहियो को न्याय दिलाने की मांग की।

श्री गौतम ने बताया कि भाजपा सरकार के समय दंतेवाड़ा के आदिवासियों, मजदूरों, किसानों व अन्य हितग्राहियों से उनके रूपए दोगुना, तीन गुना करने का लालच देकर चिटफंड कंपनियों ने लूट लिया। जिले के 13 हजार से ज्यादा हितग्राहियों के पैसे 32 चिटफंड कंपनियों में फंसे हुए हैं। अब तक निवेशकों को न्याय नहीं मिला है। श्री गौतम ने इस मुद्दे को संज्ञान में लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर निराकरण करने एवं हितग्राहियों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के अन्य जिलों में विभिन्न चिटफंड कंपनियों में फंसे पैसे हितग्राहियों को मिल रहे हैं, लेकिन दंतेवाड़ा में अब तक इसकी कोई शुरूआत नहीं हुई है। सहारा इंडिया कंपनी के पैसे वापस करने के बारे में भी खूब चर्चा हुई। केन्द्र सरकार ने इसका एक पोर्टल भी लांच किया है, लेकिन इसकी प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी नहीं होने के कारण लोगों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। इस वजह से संबंधित एजेंट और उनसे जुड़े निवेशक काफी परेशान हैं। आदिवासी, किसानों, मजदूरों की गाढ़ी कमाई लूटकर ये कंपनियां फरार हो गई, लेकिन इन्हें न्याय दिलाने अब तक पहल नहीं हुई।

# महारूद्राभिषेक आज से शुरू

## 1 हजार परिवार एक साथ करेंगे भगवान शिव का अभिषेक

**जगदलपुर,** 18 अगस्त, (देशबन्धु)। श्रावण मास के दौरान सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) का महारूद्राभिषेक शुक्रवार से स्थानीय सिरहासार भवन में शुक्रवार से शुरू हुआ। इस दौरान जहां सक्षम आद्यनारायणी की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, वहीं विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वेदी पूजन किया गया। शनिवार से महारूद्राभिषेक का शुभारंभ किया जाएगा। पहली बार आयोजित हो रहे इस भव्य आयोजन में 1 हजार परिवार एक साथ भगवान शिव का रूद्राभिषेक करेंगे। इसके लिए सिरहासार भवन में भव्य तैयारियां देर शाम तक जारी रहीं। दो दिनों तक चलने वाले महारूद्राभिषेक में शामिल होने अब तक 700 से ज्यादा लोगों ने पंजीयन करवा लिया है। शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई महादेव घाट से जल लेकर पहुंचीं आद्यनारायणी की महिलाएं



महारूद्राभिषेक के लिए वेदी पूजन से पहले आद्यनारायणी की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। सिरहासार भवन से निकली कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई महादेव घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा स्वरूपा इंद्रावती नदी का जल कलशों में भरकर कलश यात्रा वापस शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस सिरहासार भवन पहुंची। उज्जैन से पहुंचे वेदाचार्यों द्वारा महारूद्राभिषेक का अनुष्ठान संपन्न करवाया जाएगा। इससे पहले कलश यात्रा के बाद वेदी पूजन किया गया, जहां से मुख्य रूप से महारूद्राभिषेक होगा। इसके बाद अलग-अलग 1 हजार परिवार रूद्राभिषेक करेंगे। वेदाचार्यों ने बताया कि पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से महारूद्राभिषेक में शामिल होने वाले भक्तों की मनोकामना भगवान शिव पूर्ण करेंगे, क्योंकि श्रावण मास उन्हें अत्यंत प्रिय है और इस मास में उनकी पूजा, खासकर रूद्राभिषेक का खास महत्व होता है।

## संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी हेतु ऑनलाइन आवेदन 29 तक

**कोण्डागांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 50 अभ्यर्थियों का चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। इस हेतु अनुसूचित जनजाति के 50 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के 30 प्रतिशत एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 20 प्रतिशत अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। जिसमें प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिये आरक्षित है। इस हेतु इच्छुक पात्र अभ्यर्थी से ऑनलाईन आवेदन 29 अगस्त 2023 रात्रि 12 बजे तक विभागीय वेबसाईट पद पर जाकर कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट पद से प्राप्त की जा सकती है।

## छात्रावास व आश्रमों में एएनएम पद की होगी संविदा नियुक्ति

**कोण्डागांव** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रशिक्षित एएनएम एवं नर्स पदों पर संविदा आधार पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन के आधार पर चयन समिति द्वारा परीक्षण पश्चात् उनकी योग्यता एवं निर्धारित मापदण्ड योग्य अभ्यर्थियों से साक्षात्कार अंक का संवीक्षा एवं परीक्षण की कार्यवाही उपरांत अंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन 18 जुलाई 2023 को जारी कर 19 से 25 जुलाई 2023 तक दावा-आपत्ति चाही गई थी। जिसमें प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण उपरांत अन्तिम सूची के आधार पर चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशन किया गया है।

# आंखों की बीमारी से बचने सावधानी जरूरी : देवती



- आस्था विद्या मंदिर में बाल ज्योति नि:शुल्क नेत्र शिविर
- 350 छात्रों का नेत्र परीक्षण, 140 को मिलेगा चश्मा
- जिले के हर ब्लाक में दो दिन लगेंगे शिविर

**दंतेवाड़ा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल के तत्वावधान में स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा एवं जेके नेत्र हॉस्पिटल रेटीना केयर जगदलपुर के सहयोग से बाल ज्योति नि:शुल्क नेत्र शिविर विकासखण्ड गीदम के जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती देवती महेंद्र कर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए आई फ्लू, तथा अन्य संक्रमण रोग से बचाव के के लिए सुरक्षित रहने की अपील की। आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल सीएसआर मुख्य डॉ. तेज प्रकाश ने आरोग्य बाल ज्योति योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नेत्र दृष्टि कमजोर बच्चों को नि:शुल्क चश्मा संस्था के द्वारा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक दंतेवाड़ा एसएल शोरी, एपीसी राजेंद्र पांडे, गीदम विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, खंड स्रोत समन्वय जितेंद्र शर्मा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ देवेंद्र पराशर, आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य गोपाल पांडे, चारों विकासखंड के बीआरपी नारायण साहू, विजय रजक, अनुमेहा तिवारी, पूनम जय सिंघानिया, अधीक्षक रवि प्रकाश ठाकुर, अधिक्षिका सुषमा दास, वरिष्ठ शिक्षक अमुजुरी विश्वनाथ, सर्व संकुल समन्वयक, शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

जेके नेत्र हॉस्पिटल रेटीना केयर जगदलपुर के मेडिकल टीम के डॉक्टर एवं सदस्यों ने नेत्र परीक्षण किया तथा नेत्र समस्या ग्रस्त बच्चों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित किया। नेत्र दृष्टि कमजोर 140 बच्चों को चश्मा के लिए चिन्हांकन किया गया। इस कार्यक्रम में 350 विद्यार्थियों को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। जानकारी दी गई है कि हर ब्लाक में दो-दो दिन इस तरह के शिविर लगाए जायेंगे। छात्रों में नेत्र संबंधी समस्या का इसमें निदान होगा।

# सामूहिक प्रयास से निर्वाचन दायित्व का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए : कलेक्टर

**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि सामूहिक प्रयास से निर्वाचन दायित्व का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संवेदनशीलता के मापदंड के आधार पर ही मतदान केन्द्रों का संवेदनशील केंद्र के रूप में चिन्हांकित किए जाने कहा। साथ ही रूट चार्ट और आपातकालीन परिस्थितियों की तैयारी कर निर्बाध निर्वाचन करवाने की तैयारी करने के निर्देश दिए। सभी सेक्टर अधिकारी भौतिक रूप से मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जाना चाहिए।



इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा ने कहा कि सेक्टर अधिकारियों का आपसी समन्वय कर वनरेबिलिटी के मापदंड की जाँच करें। रिटर्निंग अधिकारी की रिपोर्ट में कोई अंतर नहीं दिखना चाहिए, मतदान केंद्रों का पुन: निरीक्षण कर रिपोर्ट बनाएं। प्रारंभिक होमवर्क बेहतर होना जरूरी ताकि निर्वाचन कार्य निर्बाध रूप से संपादित किया जा सके। विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा तैयार वलेनरबिलिटी की स्थिति, आपातकालीन परिस्थितियों की तैयारी की स्थिति, रूट चार्ट की जानकारी के साथ सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर से चर्चा किया गया। शुक्रवार को कलेक्टर द्वारा आस्था हॉल में नारायणपुर विधानसभा और प्रेरणा हॉल में बस्तर विधानसभा, जगदलपुर विधानसभा, चित्रकोट विधानसभा के सेक्टर अधिकारियों का बैठक लिया गया। कलेक्टर ने बैठक में बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले सेक्टर अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, योगेश देवांगन, सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी और सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम...

विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु नियमित रूप से कान्फेक्शनरी के थोक दुकानों और मिठाई दुकानों में निरीक्षण तथा सैम्पल लेने की कार्यवाही जारी रहेगी। आगामी रक्षाबंधन त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों के मिठाई दुकानों तथा कान्फेक्शनरी के थोक दुकानों में विशेष रूप से निगरानी जारी रहेगी। यदि खाद्य सामग्री के लेबल में निर्माता फर्म का पूर्ण पता एवं खाद्य पदार्थ के निर्माण व उपयोग की तिथि उल्लेखित नहीं पाई जाएगी तो संबंधित विक्रेता की पूर्ण जिम्मेदारी मानते हुए संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### जिला स्तरीय जैविक किसान...

लिए समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डीपीओ संजुला शर्मा ने जिले के कुपोषण दर को बताते हुए सभी लोगों को बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को दैनिक जीवन में गर्म भोजन के अलावा मिलेट्स के फसल शामिल करने बात कही। कृषकों एवं अतिथियों को भोजन में विशेष रूप से बने कोदो चावल की खिचड़ी कोदो हलवा एवं कुटकी खीर परोसा गया, जिसे कृषकों, अतिथियों तथा अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा उक्त मोटा अनाज के व्यंजनों का तारीफ करते हुये लुत्फ उठाया गया। इस दौरान कार्निवल में उपस्थित सभी किसानों को स्थानीय भाषा में कला जत्था के माध्यम से उन्हे मिलेट फसल हेतु प्रोत्साहित किया गया और श्री मौर्य ने अपने कविता के माध्यम से लोकों को मिलेट फसल करने हेतु प्रेरित किया।

### श्री बालाजी मंदिर में सोमवार...

को धारण करवाये जाते हैं। इसी क्रम में बुधवार, 23 अगस्त को चाँदी कलशों में भरे दिव्य द्रव्य से मंदिर के शिखर का महा कुंभाभिश्क किया जायेगा। 23 अगस्त को ही दोपहर में महाभोग प्रसाद वितरण किया जायेगा। पत्रवार्ता के दौरान आंध्र समाज के अध्यक्ष एम जयंत नायडू, टेंपल ट्रस्ट के चेयरमैन ए वीरराजू, रविभूषण राव, सुब्बाराव, सत्यनारायण राजू, के आदिनारायण राव, बी वासुदेव राव आदि उपस्थित रहे।

### मतदान केन्द्रों में विशेष...

एवं 20 अगस्त को विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उक्त विशेष शिविरों में नवीन मतदाता बनने के लिए फार्म-6, आधार से मतदाता पहचान पत्र को जोड़ने के लिए फार्म-6 बी, मृत तथा स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने के लिए फार्म-7 और आयु, लिंग, पता इत्यादि संशोधन सहित नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने के फार्म-8 प्रतिपूरित कर प्रस्तुत किया जा सकता है। वहीं दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हित कराया जा सकता है।

### सीएम बघेल ने कांग्रेस प्रत्याशियों...

कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई तथा कांग्रेस के अन्य संगठन- प्रकोष्ठ के हजारों कार्यकर्ता-पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन मुख्यमंत्री सलाहकार राजेश तिवारी व सांसद प्रतिनिधि सुशील मौर्य ने किया।

# समाज में बढ़ती हिंसा तथा अपराध एक चिंतनीय विषय : भगवान भाई

**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। समाज में बढ़ती हिंसा तथा अपराध एक चिंतनीय विषय है। नैतिक शिक्षा के द्वारा अपराध मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। नैतिक शिक्षा की कमी ही वर्तमान समय अपराधों के मूल कारण है। इसलिए अपराध मुक्त समाज के लिए नैतिक शिक्षा की आवश्यक है। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से आए हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहीं। वे शासकीय बाल सम्प्रेषण गृह में अपराधमुक्त समाज हेतु नैतिक शिक्षा की आवश्यकता विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि कुसंग, व्यसन, सिनेमा, मोबाईल और फैशन से आज की युवा पीढ़ी भटक रही है। इन्हीं कारणों से वर्तमान समय अपराध बढ़ते जा रहे हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार, इर्ष्या, नफरत आदि मनोविकारो के वश होने से अपराध होते है। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा द्वारा इन विकारो पर सयम कर अपराध मुक्त बन सकते है। नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिकता से ही युवा पीढ़ी को सही दिशा मिल सकती है। नैतिक शिक्षा से ही मानवीय मन में रचनात्मक और सकारात्मक चेतना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि हम विकसित देशो के लाइन में जाने की कल्पना कर रहे है। देश को विकसित बनाने में लगे हुए है लेकिन समाज में हो रहे युवा के द्वारा अपराध जिसे भावी समाज, देश व विश्व की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा वर्तमान का युवा भावी समाज है। अगर भावी समाज को अपराध मुक्त बनाना चाहते है तो वर्तमान के युवाओं को नैतिक शिक्षा द्वारा अपराधमुक्त, संस्कारित और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। भगवान भाई ने कहा कि नैतिक शिक्षा से समाज में फैली हुई घृणा, नफरत, बैर विरोध और अहंकार को नष्ट किया जा सकता है। शिक्षा का मूल उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि चरित्रवान बनना, विकार, व्यसन, नशा और बुराइयों से स्वयं को मुक्त करना ही शिक्षा का मूल उद्देश्य होना जरुरी है। जो ज्ञान, अज्ञान रूपी अंधकार से ज्योति या प्रकाश की ओर असत्य से सत्य की ओर ले जाए वहीं सच्चा ज्ञान है। जब तक हमारे व्यवहारिक जीवन में परोपकार, त्याग, उदारता, नम्रता, सहनशीलता, आदि सदगुण नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है।



बाल सुधारगृह में कार्यक्रम

# अधिकारी-कर्मचारियों ने सद्भावना दिवस पर ली भावनात्मक एकता व सद्भावना की शपथ



**जगदलपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्णयानुसार देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सदभावना दिवस के रूप में मनाये जाने के परिप्रेक्ष्य में कार्यालय कमिश्नर बस्तर संभाग जगदलपुर सहित जिला कार्यालय और सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सम्पूर्ण देशवासियों के बीच भावनात्मक एकता और सदभावना के लिए कार्य करने की शपथ ली। वहीं सभी प्रकार के मतभेद को बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यालय कमिश्नर बस्तर संभाग में उपायुक्त बीएस सिदार ने अधिकारियों-कर्मचारियों को भावनात्मक एकता और सदभावना की शपथ दिलाई। वहीं जिला कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर एआर राना ने अधिकारियों-कर्मचारियों को भावनात्मक एकता और सदभावना की शपथ दिलाई। इसके साथ ही अन्य कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी सदभावना दिवस पर देशवासियों की भावनात्मक एकता और सदभावना की शपथ ली।

# 27 युवाओं को मिले 54 लाख के ऋण

**कोण्डागांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। गुरूवार को आयोजित टॉस्क फोर्स समिति की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 27 युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने युवाओं से स्थापित किये जा रहे उद्यमों के संबंध में जानकारी ली। जिसमें भण्डारसिवनी के रामकुमार ने बताया कि वे इससे किराना का व्यवसाय प्रारंभ करेंगे, वहीं अंकुश शुक्ला ने बताया कि वे अग्नि सुरक्षा से संबंधित कार्य पूर्व में भी करते रहे है। ऋण प्राप्त होने से अब वे स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करेंगे। कुम्हारपारा के शंभु नेताम ने बताया कि वे सेंट्रींग प्लेट का व्यवसाय प्रारंभ करेंगे, जिससे उन्हें निरंतर आय प्राप्त होगी। कलेक्टर ने सभी को शुभाकामनाएं दी।



इसके दौरान किराना दुकान हेतु केवटी के बाइसराम नेताम, चैड़ंग के रूपसिंह कोर्राम, सलना के उदय कुमार, सातगांव के वरूण पाण्डे, बंगोली के रामूराम नेताम, सिंगरपुरी की श्यामा प्रधान, केरावाही के अनित कुमार, डीएनके की सपना मजुमदार, ओटेंडा की शंति मरकाम, नहर पारा की पायल, भण्डारशिवनी के राम कुमार मरकाम तथा कपड़ा दुकान हेतु दहिकोंगा के राजेन्द्र साहू, हाड़ीगांव के लक्ष्मण मरकाम, डीएनके की अमृता कोर्राम, बागबेड़ा के पुनाऊ राम मरकाम, पल्ली के मूलचंद मरकाम, बीज भण्डार के लिए जुगानी कैम्प की पूर्णलक्ष्मी विश्वास, ग्रहक सेवा केन्द्र के लिए फरसगांव के दिलीप कुमार, फैंसी स्टोर्स के लिए केवटी

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत

की गीता नाग एवं जुगानी कलार के अरूण कुमार, सिलाई सेवा के लिए चैड़ंग की प्रेमबती नेताम, फोटो कॉपी दुकान हेतु हसलनार की गीता मण्डावी, डेली निड्स के लिए माकड़ी की ज्योति साहू, चप्पल दुकान के लिए गारका के पेमेन्द्र कुमार, स्पोटर्स सामग्री दुकान के लिए लुभा के तीजू राम को 02-02 लाख रूपये का ऋण प्रदान किया गया।

ज्ञात हो कि व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनांतर्गत विनिर्माण एवं सेवा के अतिरिक्त व्यवसाय एवं क्रियाकलाप करने के लिये पहले आओ पहले पाओ तथा बैंक के समव्यवहार पर आवेदन अनुशंसित कर योजनांतर्गत सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख, विनिर्माण उद्योग हेतु अधिकतम 25 लाख तथा व्यवसाय क्षेत्र हेतु अधिकतम 02 लाख परियोजनांतर्गत वित्तीय संस्थानों तथा बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। जिसमें मार्जिन मनी पर उन्हें अनुदान प्राप्त होगा। जिसमें स्वीकृत परियोजना लागत में समान्य वर्ग को 10 प्रतिशत अधिकतम 01 लाख तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, महिला, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावितों को 15 प्रतिशत अधिकतम 1.5 लाख, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को 25 प्रतिशत अधिकतम 1.5 लाख तक मार्जिन मनी पर अनुदान प्राप्त होगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति जानकारी के लिए महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सुमति काम्प्लेक्स डीएनके कॉलोनी कोण्डागांव से प्रत्यक्ष संपर्क कर सकते हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई

**भानुप्रतापपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के द्वारा आज भारत के महान कवि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा और जन कल्याण हेतु समर्पित करने वाले प्रखर राजनीतिक भारत रत्न परम श्रद्धेय भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गी पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि मनाई गई, भारतीय राजनीति के पुरोधा कहे जाने वाले जिनका विपक्ष भी सम्मान करता था ऐसे महान विभूति जो भारत ही नहीं पूरे विश्व में अपनी अलग ही पहचान छाप छोड़ने वाले अटल बिहारी बाजपेई जी को याद करते हुए उनके छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया वाजपेई जी के द्वारा पार्टी में दिए गए योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई !भारतीय राजनीति के अजात शत्रु अटल बिहारी वाजपेई जी का 16 अगस्त 2018 में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा की भारतीय राजनीति के अजातशत्रु परम श्रद्धेय अटल ने विचारधारा व सिद्धांतों पर आधारित राजनीति के सबसे उच्च मानक स्थापित किए। राष्ट्रसेवा की अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से एक तरफ उन्होंने सुशासन की नींव रखी तो दूसरी ओर उन्होंने पोखरण से पूरे विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय कराया। अपने संगठन कौशल से पार्टी को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में अमूल्य योगदान देने वाले ऐसे युगपुरुष को उनकी पुण्यतिथि पर कोटिश: नमन इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान भाजपा जिला कार्यालय मंत्री रत्नेश सिंह युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजा पांडे जिला आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक सतीश श्रीवास्तव भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन डिगेश खपार्डे भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी जितेंद्र पांडे अल्पसंख्यक जिला महामंत्री गुरपाल सिंह रंधावा महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य पार्षद रजिन्दर रंधावा वरिष्ठ भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक हेम प्रकाश शिवहरे पूर्व जिला भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभय पांडे पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री कस्तूरचंद जैन भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष ललित गांधी युवा मोर्चा प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रभारी देवेंद्र टेकाम युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संकेत नसीने महामंत्री आकाश सोलंकी रमल कोर्राम वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश तिवारी और भाजपा जिला जोगी झोपड़ी पोस्ट जुगल किशोर शर्मा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र ध्रुव पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री भागबली जैन सुनाराम गावडे आदि कार्यकर्ता शामिल थे।



# दादा नकुल ढीढी 49वीं पुण्यतिथि मनाया



**कोण्डागांव,** 18 अगस्त (देषबन्धु)। बाबा साहेब सेवा संस्था कोण्डागांव द्वारा दादा नकुल ढीढी जी के 49 वीं पुण्यतिथि मनाया और उपस्थितों द्वारा दादा नकुल ढीढी के किए गए नेक कार्यों को याद किया गया। अंबेडकर चैक कोर्ट के सामने बाबा साहब सेवा संस्था कार्यालय में दादा नकुल देव ढीढी जी की 49 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उनके परिवार के परपोता अनिरूद ढीढी के द्वारा दादा नकुल देव ढीढी जी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कराया गया। इस दौरान दादा नकुल देव ढीढी के द्वारा किए हुए नेक कार्यों को याद किया। इस कार्यक्रम में संस्था के पी.पी.गोंडाने, मंगला गोंडाने, प्रमोद भारती, मुकेश मारकंडेय, ओमप्रकाश नाग, देवानंद चैरे, कुमार देहारी, संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नेहा मरकाम ने किया कोंडागांव जिले का नाम रोशन

**कोण्डागांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के शौर्य भवन में 16 अगस्त 2023 को आयोजित एक सम्मान समारोह 'पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार-2023 के दौरान राज्य के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोंडागांव जिले की बेटी नेहा मरकाम को तीरंदाजी में उनकी बेमिसाल उपलब्धियों के लिए 51 हजार रूपए का चैक और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। नेहा की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है और कोंडागांव जिले के क्षेत्रवासी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। राणा युद्धवीर सिंह डी.आई.जी.क्षेत्रीय मुख्यालय (भुवनेश्वर), आईटीबीपी एवं समस्त पदाधिकारियों द्वारा नेहा मरकाम को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय मुख्यालय (भुवनेश्वर), आईटीबीपी द्वारा साल 2016 से लगातार कोंडागांव जिले के बच्चों को तीरंदाजी, जूडो व हॉकी का प्रशिक्षण देकर जिले की नई प्रतिभाओं को आगे लाने का काम बखूबी किया जा रहा है। आईटीबीपी द्वारा प्रशिक्षित जिले के कई बच्चों ने राज्यों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिला, राज्य एवं देश का नाम ऊँचा किया है। नेहा मरकाम को वर्ष 2016 से लगातार आईटीबीपी द्वारा तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और उन्होंने अभी तक राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी प्रतियोगिता में 1 कांस्य पदक, राज्य स्तर के प्रतियोगितों में 4 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य पदक जीते हैं।





**चारामा।** आजादी की 77वीं वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस और आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर वन विभाग चारामा के द्वारा मेरी माटी-मेरा देश अमृत वाटिका कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सिरसिदा स्थित नर्सरी में सभी वन अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा 75 विभिन्न पौधों का रोपण 10 बजे से किया गया एवं कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में टीआर सिन्हा वन परिक्षेत्र अधिकारी शामिल रहे। इस कार्यक्रम में नगर चारामा के पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### आज पिछड़ा वर्ग समाज ने किया बंद का आव्हान

**भानुप्रतापपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा 19 अगस्त दिन शनिवार को विभिन्न मांगों को लेकर पूर्ण बस्तर बंद का आह्वान किया गया हैं। जिसे भानुप्रतापपुर व्यापारी संघ द्वारा 3 बजे तक बंद करने हेतु अपना समर्थन प्रदान किया गया हैं। नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान शनिवार को बंद रहेंगे।

# कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सद्भावना की शपथ

**कोण्डागांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों को 18 अगस्त 2023 को सद्भावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने और हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की प्रतिज्ञा ली।



# युवोदय कोंडानार चैम्प्स स्वयंसेवकों के लिए कार्यशाला

**कोण्डागांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। युवोदय कोंडानार चैम्प्स स्वयं सेवकों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ और जहां जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन, सोशल मीडिया और संचार पर चर्चा की गई।

जिला प्रशासन और यूनिसेफ के तत्वाधान में जिले में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन, सोशल मीडिया और संचार को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में स्वयं सेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें सामाजिक व्यवहार परिवर्तन सोशल मीडिया एवं संचार को लेकर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर और स्वास्थ विभाग से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.रूद्र कश्यप, डीपीएम भावना महलवार, जनसंपर्क विभाग से पीआरओ अर्जुन पांडे उपस्थित हुए। इस कार्यशाला में लगभग 49 स्वयं सेवकों ने भाग लिया, जिसमें एसडीएम ने प्रभारी स्वयं सेवकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनकों बेहतर कार्य हेतु प्रेरित किया।



स्वास्थ विभाग से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.रुद्र कश्यप के द्वारा टीकाकरण के महत्व को बताते हुए, टीकाकरण को लेकर जन जागरूकता की बात की गई साथ ही मिशन इंद्रधनुष के विषय में भी स्वयंसेवकों को जानकारी दी गई साथ ही डीपीएम भावना महलवार के द्वारा जिले में चल रहे मया मड़ई कार्यक्रम और एनीमिया मुक्त कोंडागांव अभियान, स्तनपान और टीनेजर प्रेगनेंसी के बारे में स्वयंसेवकों के साथ चर्चा की और किस तरह हम इन विषयों को जन-जन तक पहुंचा सकते हैं, उस विषय में भी चर्चा की गई। जनसंपर्क विभाग से पीआरओ अर्जुन पांडे के द्वारा संचार और सोशल मीडिया को लेकर जानकारी दी गई और इन विषयों को लेकर स्वयंसेवकों की राय भी ली गई तथा वे किस तरह इस विषयों को जमीन स्तर पर लेकर जा सकते हैं उसकी योजना भी बनाई गई इस विषय पर चर्चा भी किया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना से शशि भूषण कन्नौजे, भारत स्काउट गाइड से विषभ देव साहू ने भी भाग लिया।

# नगरीय क्षेत्रों में सड़कों से पशुओं को हटाकर, पशुपालकों पर लगाएं अर्थदंड : कलेक्टर

**कोण्डागांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। गुरुवार को कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में रोका छेका अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग एवं महत्वपूर्ण स्थलों से लावारिस रूप से घूम रहे पशुओं को सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखने एवं पशुपालकों पर पशुओं को लापरवाही पूर्वक छोड़ने के लिए अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों को तीव्र से संचालित करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

उन्होंने जिले में किसानों को कृषि कार्यों में कोई समस्या ना हो इसके लिए सभी सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास के कार्यों को तीव्र गति से पूरा करने तथा स्कूल जतन योजना अंतर्गत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत की केजंग, मुंगवाल में कार्य प्रगति की जांच कर इन्हें पूर्ण कराने तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार दिलाने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों के भुगतान के पूर्व विभिन्न विभागों एवं स्थानीय पंचायत द्वारा संतुष्टि प्रमाण पत्र उपरांत ही भुगतान करने हेतु कहा।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में क्षय मित्रों बनाते हुए जिले के अधिक से अधिक क्षयरोग के रोगियों को लाभ दिलाने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने जिले के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के लिए आवेदन लंबित हैं उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देशज दिये। इस बैठक में डीएफओ एन गुरुनाथन, एसडीएम सी के ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्रामसेवक के खिलाफ शिकायत



**भानुप्रतापपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को ग्राम कच्चे, इरागांव, साल्हे, टेकाढोड़ा के किसानों ने भानुप्रतापपुर पहुंचकर तहसीलदार से ग्रामसेवक धनंजय साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, किसानों ने उनके ऊपर आरोप लगाया कि वह कभी ग्राम सभा की बैठक मीटिंग में नहीं आते हैं ना ही शासन की योजनाओं का लाभ बताते हैं और जो शासकीय योजना संबंधित अन्य उपकरण (जैसे मोटर पंप, पाइप आदि) जो शासन से मुफ्त में दी जाती है उसे पैसा लेकर दिया जाता है, ग्राम सेवक द्वारा चिन्हांकित कृषकों का निजी समूह बनाकर उन्हें ही फायदा पंहुचाया जाता है,, इस कारण अन्य किसानों ने रोष व्याप्त करते हुए तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए तहसीलदार के समक्ष बयान दर्ज कराया गया इसमें जनपद सदस्य जीवराखन सलाम चैतूराम आचला निर्मल गावड़े, सुकालु राम भुआर्य, अनिल सिन्हा, गेंदलाल टंडिया, अनिल सलाम, गजेंद्र तुलावी, गेंदलाल चक्रधारी, जगदेव आचला, सुरीत चालकी, इस विषय को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान, महामंत्री डीगेश खापर्डे, ज्वाला जैन, राजीव श्रीवास आदि को बताया जिस पर संज्ञान लेते हुए सभी भाजपाई तहसील कार्यालय पहुंच सहयोग किए।

# केमिस्ट्री प्रोफेसर को भेजा अन्यत्र, परेशान विद्यार्थियों ने किया विरोध

**कोण्डागांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में संचालित अधिकांष प्राथमिक, उच्च प्राथमिक षालाओं से लेकर हायर सेकेन्डरी स्कूलों में से अधिकांष स्कूलों में षिक्षकों की आवष्यकता अनुसार संख्या नहीं होने की शिकायतें मिलनी तो जिले के लिए आम बात थी। लेकिन 18 अगस्त को जिला मुख्यालय कोण्डागांव में संचालित षासकीय गुंडाधुर महाविद्यालय में भी आवष्यकता अनुसार प्रोफेसर नहीं होने के बावजुद यहां पदस्थ केमिस्ट्री प्रोफेसर नासीर अहमद को नवीन कॉलेज मर्दापाल में कार्य सहयोग के लिए भेजे जाने से अपनी पढ़ाई बाधित होने की आषंका से आषंकित महाविद्यालय में अध्ययनरत एमएससी के विद्यार्थियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए, पहले महाविद्यालय के सामने अपना विरोध जताया फिर जिला कलेक्टर कार्यालय तक स्वयं एवं आटो आदि से पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर केमिस्ट्री प्रोफेसर को मर्दापाल न भेजे जाने का आग्रह किया। विद्यार्थियों ने प्रेस को बताया कि महाविद्यालय में पदस्थ केमिस्ट्री के प्राध्यापक नासिर अहमद का हाल में नवीन कॉलेज मर्दापाल में कार्य सहयोग के लिए भेजने का न केवल आदेश जारी हुआ, बल्कि कॉलेज के प्रिंसिपल ने उन्हें रिलिफ भी कर दिया। जिसको लेकर महाविद्यालय में अध्यनरत एमएससी के विद्यार्थीगण, प्रोफेसर के तबादले को लेकर विरोध जताते हुए कहते नजर आ रहे हैं कि प्रोफेसर को अन्यत्र भेजे जाने से उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। एमएससी थर्ड सेमेस्टर की छात्रा पूजा कश्यप का कहना है कि सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद को कार्य सहयोग के लिए मर्दापाल कॉलेज में भेजा जा रहा है और हम इसका विरोध कर रहे हैं, केमिस्ट्री का पूरा कार्य वही संभालते हैं, प्रैक्टिकल से लेकर सभी कार्य देखते हैं, उनके चले जाने से हमारी पढ़ाई प्रभावित होगी।



## परेशान महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

एमएससी फर्स्ट सेमेस्टर के छात्र आशुतोष का कहना है कि सर का तबादला रुकवाने आज एकत्रित हुए हैं, तबादला होने से साइंस के विद्यार्थी प्रभावित होंगे, हमारे संकाय में तीन प्राध्यापक होने थे, मात्र दो प्राध्यापक हैं, नासिर अहमद के भरोसे हमने विद्यालय में एडमिशन लिया है, अधिकारी हमारी बात सुने और प्राध्यापक का ट्रांसफर रुक जाए। वहीं प्रोफेसर नासिर अहमद ने उच्चाधिकारियों के आदेश का पालन करने की बात कही है। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के प्रिंसिपल सी.आर.पटेल के मोबाईल नंबर पर लगातार संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया।

# राजीव जयंती पर अफसर-कर्मियों ने ली शपथ

## अवकाश की वजह से दो दिन पहले सद्भावना दिवस



**दंतेवाड़ा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस मनाया जाता है। आज कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने एकता और सद्भावना की शपथ ली। गौरतलब है कि 19 एवं 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण शासन द्वारा 18 अगस्त को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाने के निर्देश दिए गए थे। इस मौके पर अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे ने अधिकारी-कर्मचारियों को जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना देशवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिये कार्य करने की शपथ दिलाई गई। वहीं अधिकारी-कर्मचारियों ने सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की शपथ ली। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी बफर फरसेगढ़
इ.रा.उ. बफर फरसेगढ़, जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत भैरमगढ़, जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी इ.रा.उ. (बफर) पोलूर
जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बीजापुर, जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
लोक निर्माण विभाग, जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत भोपालपट्टनम

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी आवापल्ली
जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी कुटरु
जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत उसूर(आवापल्ली), जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी पामेड़
जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी बीजापुर
जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी भैरमगढ़
जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी भोपालपटनम
जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी भैरमगढ़
इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान (टाइगर रिजर्व भैरमगढ़) जिला- बीजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ

वन परिक्षेत्र अधिकारी मददेड
जिला- बीजापुर

उल्टा पुल्टा

प्लेटफॉर्म पर टीटी ने पप्पू से टिकट मांगा
**पप्पू-** लेकिन मैं तो ट्रेन से आया ही नहीं
टीटी- अच्छा क्या सबूत है?
**पप्पू-**सबूत ये है की मेरे पास टिकिट नहीं है!!!

# सहायक शिक्षकों का जेल भरो आंदोलन विफल

## अध्यक्ष सहित 10 पदाधिकारी गिरफ्तार कर छोड़े गए, फेडरेशन ने लगाया दमन का आरोप





**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। सहायक शिक्षक फेडरेशन का आज जेल भरो आंदोलन एक प्रकार असफल रहा है पुलिस ने प्रर्दशन से पहले ही बूढातालाब के पास रोक लिया । इस दौरान अध्यक्ष समेत 10 पदाधिकारी को गिरफ्तार कर धरनास्थल तूता ले जाया गया ।जहां से देर शाम उन्हें छोड़ दिया गया । छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षक फेडरेशन अपनी एकसूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहा है। इसके तहत शुक्रवार को संघ ने रायपुर में जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया था। संघ का दावा है कि इस ऐलान के बाद पुलिस ने सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन उनके प्रदर्शन को दबाने में लगा है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन एक सूत्रीय मांग,वेतन विसंगति,जिसमें पूर्ण पेंशन के लिए 20 साल की सेवा किए जाने की मांग है। इसे लेकर ब्लॉक स्तर पर 10 अगस्त 2023 से अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहा है।

शिक्षकों ने बीते 13 अगस्त को रायपुर के बूढ़ा तालाब में आक्रोश रैली की इजाजत मांगी थी लेकिन प्रशासन की तरफसे उन्हें अनुमति नहीं दी गई। अपनी मांगों को पूरा नहीं होता देख संघ ने 18 अगस्त को जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया । इस प्रर्दशन को लेकर प्रदेश के अलग.अलग जिलों से हजारों शिक्षक बूढ़ा तालाब पहुंच रहे थे। लेकिन इसके पहले ही पुलिस ने राजधानी की तरफ आने वाले अलग.अलग रास्तों पर इन शिक्षकों को रोक लिया और इन्हें बसों में बैठाकर तूता धरनास्थल ले आई। पूरे मामले को लेकर सहायक समग्र शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी राजू टंडन ने कहा कि आज प्रदेश के 1 लाख से ज्यादा सहायक शिक्षक सभी जिलों में आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने सरकार से अपनी एक सूत्रीय वेतन विसंगति दूर करने की मांग की है, लेकिन मांगों पर विचार करने की जगह प्रशासन हमारे प्रदर्शन को दबाने में लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस आंदोलन के चलते स्कूलों में बच्चों को पढ़ने वाला कोई नहीं है।

फेडरेशन ने वेतन विसंगति को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत आज जेल भरो आंदोलन का आयोजन किया था जिसे लेकर जिला व ब्लाक स्तर पर हजारों शिक्षक गिरफ्तारी देने के लिये बूढातालाब के पास एकत्रित हुए थे इधर पुलिस ने आंदोलन कारियों के मसूबों को समझते फेडरेशन के अध्यक्ष समेत 10 पदाधिकारी को धारा 151 व 123 के तहत गिरफ्तार किया ।जिसके बाद इन्हें धरनास्थल तूता ले जाया गया जहां हजारों शिक्षक उपस्थित थे उनके दबाव के चलते देर शाम एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत कर छोड दिया गया।

**जेल भरो आंदोलन के पहले ही शिक्षक नेता हुए गिरफ्तार**

प्रदेश में सहायक शिक्षक फेडरेशन अपनी एकसूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहा है। इसके तहत शुक्रवार को संघ ने रायपुर में जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया था। संघ का दावा है कि इस ऐलान के बाद पुलिस ने सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन उनके प्रदर्शन को दबाने में लगा है।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन एक सूत्रीय मांग, वेतन विसंगति, जिसमें पूर्ण पेंशन के लिए 20 साल की सेवा किए जाने की मांग है। इसे लेकर ब्लॉक स्तर पर 10 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहा है। शिक्षकों ने बीते 13 अगस्त को रायपुर के बूढ़ा तालाब में आक्रोश रैली की इजाजत मांगी थी, लेकिन प्रशासन की तरफ से उन्हें अनुमति नहीं दी गई।

अपनी मांगों को पूरा नहीं होता देख संघ ने 18 अगस्त को जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया था। इस प्रदर्शन को लेकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से हजारों शिक्षक बूढ़ा तालाब पहुंच रहे थे। लेकिन इसके पहले ही पुलिस ने राजधानी की तरफ आने वाले अलग-अलग रास्तों पर रास्तों पर प्रदर्शनकारी शिक्षकों को रोक लिया। इन्हें बसों में बैठाकर तूता धरनास्थल ले आई। प्रदर्शनकारी शिक्षकों को पुलिस तूता धरनास्थल ले गई।

पूरे मामले को लेकर सहायक समग्र शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी राजू टंडन ने कहा कि आज प्रदेश के 1 लाख से ज्यादा सहायक शिक्षक सभी जिलों में आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने सरकार से अपनी एक सूत्रीय वेतन विसंगति दूर करने की मांग की है, लेकिन मांगों पर विचार करने की जगह प्रशासन हमारे प्रदर्शन को दबाने में लगा हुआ है। पुलिस ने राजधानी की तरफ आने वाले अलग-अलग रास्तों पर प्रदर्शनकारी शिक्षकों को रोक लिया।

**बसपा का चुनावी ऐलान**

# सरकार बनने पर 4 हजार रु क्विंटल में खरीदेंगे धान



**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव-2023 के मद्देनजर घोषणाओं, ऐलानों और वादों के साथ राजनीतिक पार्टियां चुनावी मैदान में उतर रही है।बहुजन समाज पार्टी चुनाव को लेकर बाकी दलों से एक कदम आगे ही चल रही है।बसपा ने सबसे पहले प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया। पहली सूची में 9 प्रत्याशी की घोषणा के बाद अब बसपा ने चुनावी वादों को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है। राजधानी रायपुर में शुक्रवार को एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया।

बसपा ने किसानों से वादा किया है कि अगर सरकार बनी तो प्रति क्विंटल 4 हजार कीमत पर धान खरीदी होगी ।वहीं 3 हजार रुपये में मक्का की खरीदी होगी ।साथ ही प्रदेश में शराबबंदी को लेकर भी पहल होगी ।बसपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पोयाम ने कहा कि पार्टी की ओर से घोषणा-पत्र जारी नहीं किया जाएगा, लेकिन चुनाव को लेकर हमने कुछ वादे जरूर किए हैं। वहीं पार्टी प्रत्याशियों की ओर से विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से जनता के बीच मुद्दे तय किए जाएंगे।

**फर्जी जाति का मुद्दा**

हेमंत पोयाम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के वादा खिलाफी को लेकर जनता के बीच लेकर जाएंगे। पार्टी की ओर से सबसे बड़ा मुद्दा अनुसूचित जाति-जनजाति पर हो रहे अत्याचार का होगा। छत्तीसगढ़ में फर्जी जाति के सहारे नौकरी का मुद्दा जोर-शोर चुनाव में उठाया जाएगा। शराबबंदी का विषय भी बड़ा है।

**सर्व आदिवासी समाज के साथ**

गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा, इस पर निर्णय पार्टी सुप्रीमो मायावती लेंगी, लेकिन हमारी चर्चा सर्व आदिवासी समाज के साथ चल रही है ।सर्व आदिवासी समाज से सहमति बनने पर कुछ सीटों पर गठबंधन हो सकता है। गठनबंधन हुआ तो निश्चित ही फायदा होगा। बसपा बिलासपुर संभाग से जीतती है, लेकिन इस चुनाव में आदिवासी सीटों पर गठबंधन की स्थिति में जीत संभव है।

# रानू साहू के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश



**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। ई डी ने आई ए एस रानू साहू के खिलाफ विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में चार्जशीट पेश कर दिया है।ईडी के अधिवक्ता डॉ सौरभ पांडे ने बताया कि इसमें रानू के साथ भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को भी आरोपी बनाया गया है।ई डी ने कोर्ट में 5,500 पन्ने की चार्जशीट पेश की है. ।

इस पर अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी।इससे पहले एक वर्ष पूर्व उजागर हुए कोयले पर लेवी वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी क्रिमिनल रिट पिटिशन दायर किया है ।बिलासपुर हाईकोर्ट में दायर रिट में ईडी ने सीबीआई जांच की मांग की है। ईडी के अधिवक्ता डॉ सौरभ पांडे ने बताया कि यह याचिका आज ही दायर की गईहै. ।550 करोड़ रूपए के इस कोल घोटाले में ईडी ने अब तक आईएएस समीर विश्नोई, रानू साहू, राप्रसे अफसर सौम्या चौरसिया जेडी माइनिंग एसएस नाग और कोल कारोबारी कांग्रेस नेता सूर्यकांत तिवारी समेत आधा दर्जन से अधिक गिरफ्तार किया था। ये सभी न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं। रानू को दो माह पहले गिरफ्तार किया गया था। आज इस मामले में रानू के खिलाफ ईडी की चार्ज शीट पेश की गई ।डॉ.पांडे ने बताया कि ईडी ने पिछले सप्ताह ही दो हजार करोड़ के शराब घोटाले की जांच भी सीबीआई को सौंपने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

## विधायक देवेंद्र और चंद्रदेव राय को बनाया गया आरोपी, सीबीआई जांच की रखी मांग

कोल घोटाला केस में 2 कांग्रेस विधायकों का नाम भी सामने आया है।शुक्रवार को विधायक देवेंद्र यादव और चंद्रदेव राय को चार्जशीट में आरोपी बनाया गया है। साथ ही रायपुर की अदालत में रानू साहू के खिलाफ चार्जशीट पेश की गई ।280 पेज की शिकायत के साथ ही 5456 पेज के दस्तावेज अदालत में जमा किए गए हैं। जिसमें कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा शुक्रवार को ही बिलासपुर हाईकोर्ट में भी सुनवाई हुई। वहां ई डी ने कोल मामले की जांच भी सीबीआई से करवाने की मांग रखी है।

# मैदान में उतरी भाजपा घोषणा पत्र समिति, लोगों से संपर्क कर ले रही सुझाव





**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)।भारतीय जनता पार्टी ने आगामी चुनावों के मद्देनजर चुनावी घोषणा पत्र समिति का गठन किया गया है। लोकसभा सांसद विजय बघेल को प्रदेश का प्रभार दिया गया है। जिसके तहत संभाग स्तरीय गठन भी किया गया है। भाजपा के पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल रायपुर संभाग के प्रभारी बनाए गए हैं। अग्रवाल ने गुरुवार रायपुर शहर जिला के विभिन्न वर्गो जैसे व्यापारी, अधिवक्ता , ऑटोचालक कुली संघ और मितानिनों से मुलाकात कर घोषणा पत्र के लिए सुझावों का संकलन किया। अमर अग्रवाल ने जिला अध्यक्ष जयंती पटेल और प्रदेश पदाधिकारियों सहित पंडरी कपड़ा मार्केट पहुंचे। जहां उन्होंने स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे सुझाव एकत्रित किए व्यापारियों ने एकमत होकर कहा कि व्यापारियों के हित में हमारी जो मांगे हैं हमने आपको लिख कर दी है, यदि भाजपा व्यापारियों की मांगों को घोषणा पत्र समिति में शामिल करती है। तो हमारा खुला समर्थन भाजपा के पक्ष में रहेगा।

इसके बाद पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक सौरभ सिंह जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंचे। जहां अधिवक्ताओं के समूह से विस्तृत चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने अपनी सारी समस्याएं और मांग लिखकर घोषणापत्र समिति को दी। अमर अग्रवाल जिला न्यायालय के हर अधिवक्ता हॉल में गए और अधिवक्ताओं से मुलाकात की। शाम 4 बजे रेल्वे स्टेशन स्थित ऑटो स्टैंड और कुली संघ के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने ऑटो चालकों और कुलियों से बात कर उनसे भी सुझाव लिए। साथ ही उन सभी को आश्वस्त किया गया कि भाजपा की सरकार बनते ही आप सभी की मूल समस्यायों का निराकरण किया जाएगा। अंत में दोनों नेताओं ने गुरुनानक चौक स्थित लायंस क्लब में मितानिनों भेंट की। जहां उपस्थित मितान समूहों ने उन्हें अपनी सारी समस्याएं बताई। निजीकरण जैसी तमाम व्यवस्थाओं से मितानिनों में वर्तमान सरकार खासा रोष है और वे अब अपनी समस्यायों के निराकरण के लिए भाजपा की ओर देख रही है।

अमर अग्रवाल ने कहा कि हम लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंच रहे हैं, जहां प्रदेश संबंधित बहुतेरी समस्याएं हमारे पास पहुंच रही है भाजपा घोषणा पत्र समिति द्वारा उसका बारीकी से अवलोकन किया जा रहा है। हम आश्वस्त हैं कि इस बार भाजपा प्रदेश के हर वर्ग के हितों के अनुरूप ही अपना घोषणा पत्र बनाएगी और चुनावी समर में उतरेगी। निश्चित ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। प्रदेश में खुशहाली और सुशासन की सरकार आने वाली है।

भाजपा नेतृत्व दल ने सुबह पंडरी कपड़ा मार्केट में पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, चंदर विधानी, सरल मोदी, अजीत जैन, मूलचंद खत्री, प्रकाश अग्रवाल जयराम राजकुमार पप्पी, नरेश आसवानी सहित अन्य व्यापारियों से मुलाकात की। जिला न्यायालय में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष आशीष सोनी, जयप्रकाश चंद्रवंशी, बृजेश पांडेय, अंजनेश शुक्ला, ऋषिराज पिथावा सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे जहां उन्होंने भाजपा नेताओं का फूलमाला से स्वागत किया। रायपुर स्टेशन में ऑटोचालक संघ और कुली संघ से प्रमुखों से मुलाकात की और शाम 5 बजे लायंस क्लब में मितानिनों से मुलाकात कर सुझाव लिए। विभिन्न स्थानों में आयोजित भाजपा घोषणा पत्र समिति के आयोजन में विशेष रूप से जिला वीभाजपा अध्यक्ष जयंती भाई पटेल , जिला प्रभारी विधायक सौरभ सिंह, प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता, नलीनेश ठोकने, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, विभा अवस्थी, मितुल कोठारी, रमेश सिंह ठाकुर, सुभाष अग्रवाल, वंदना राठौड सिन्हा, उमेश घोरमोड़े सहित अन्य जिला और प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव से लेकर आधा दर्जन आईएएस अधिकारी न्यायालयीन अवमानना के घेरे में

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी शासन स्तर पर अमल करने में विभागीय अधिकारी लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। इसके चलते कोर्ट ने मुख्य सचिव सहित आधा दर्जन आइएएस अधिकारी को अवमानना नोटिस जारी किया है। नाराज कोर्ट ने शासन को नोटिस जारी कर व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश भी जारी किया है ।आइएएस के अलावा विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख को भी कोर्ट ने अवमानना मामले में नोटिस जारी किया है।



हाई कोर्ट के निर्देश का समय पर पालन ना करने के कारण याचिकाकर्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाई कोर्ट के न्यायदान की प्रक्रिया में यह लापरवाही रोड़ा अटकाने का काम कर रही है। इससे याचिकाकर्ताओं को चौतरफा नुकसान उठाना पड़ रहा है। मजबूरी में ही सही आदेश के परिपालन को लेकर हाई कोर्ट में दोबारा याचिका दायर करना पड़ रहा है। दोबारा याचिका दायर करने में वकीलों को फीस से लेकर अन्य सारी औपचारिकताओं को नए सिरे से पूरा करना पड़ता है। समय के साथ ही आर्थिक भार पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के आधिकारिक वेबसाइट पर लंबित मामलों की संख्या पर नजर डालें तो जुलाई महीने में न्यायालयीन अवमानन के एक हजार 775 मामले लंबित है। कुल लंबित मामलों की संख्या 92 हजार 478 है। न्यायालयीन अवमानना के घेरे में आइएएस से लेकर राज्य शासन द्वारा अलग-अलग विभागों के लिए नियुक्त किए गए ओआईसी से लेकर विभाग प्रमुख भी शामिल हैं। सेवानिवृति के बाद भी विभागीय जांच को स्थगित ना करने के आरोप में डा अरुण सिंह रात्रे ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने मामले का निराकरण का निर्देश दिया था। कोर्ट के निर्देश के बाद याचिकाकर्ता को दोबारा नोटिस जारी किया गया। याचिकाकर्ता ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव आईएएस सिद्धार्थ कोमल परदेशी व संचालक स्वास्थ्य सेवाएं आइएएस जेपी मौर्य के खिलाफ न्यायालयीन आदेश की अवहेलना को लेकर याचिका दायर की है। कोर्ट ने दोनों आईएएस को अवमानना नोटिस जारी किया है।

इधर बेसहारा मवेशियों को नेशनल व स्टेट हाइवे से हटाकर गोठानो में सुरक्षित रखने के लिए हाई कोर्ट ने राज्य शासन को निर्देश जारी किया है। इसके लिए नौ सितबंर को मुख्य सचिव को शपथ पत्र के साथ डिवीजन बेंच के समक्ष उपस्थित होना होगा।

# कांग्रेस के कई जिला अध्यक्ष टिकट के दावेदार, विवाद की बनी स्थिति

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी में आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गुरुवार से शुरू हुए आवेदन में प्रदेशभर के करीब 350 दावेदार मैदान में उतरे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि हर सीट से पांच से 14 दावेदार पहले दिन आवेदन करने पहुंचे। हालांकि वर्तमान विधायकों ने अब तक आवेदन नहीं किया है। सबसे ज्यादा दावेदार रायपुर और बिलासपुर संभाग से सामने आ रहे हैं।

कांग्रेस के कई जिलाध्यक्ष टिकट के दावेदार हैं। इसको लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी में आवेदन करने पहुंचे दावेदार निष्पक्षता को लेकर सवाल खड़ा कर रहे हैं। जो जिलाध्यक्ष खुद टिकट की दावेदारी कर रहे हैं, वह निष्पक्ष रूप से कैसे पैनल तैयार करेंगे ।बताया जा रहा है कि दुर्ग ग्रामीण से निर्मल कोसरे, राजनांदगांव शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा,

**कांग्रेस प्रत्याशी बनने पहले दिन जमा हुए 35 आवेदन**

राजनांदगांव ग्रामीण जिला अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। इसके साथ ही बिलासपुर ग्रामीण, मुंगेली, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, बालोद, कांकेर और रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष भी दावेदारी कर रहे हैं। दुर्ग संभाग में दावेदारों की संख्या कम है। जबकि बस्तर और सरगुजा संभाग में एक सीट पर दो से तीन दावेदारों ने पहले दिन आवेदन किया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी में दावेदारों को 17 से 22 अगस्त तक टिकट के लिए आवेदन करना होगा। प्रदेश की 90 विधानसभा सीट में से 71 पर कांग्रेस विधायक हैं। विधायकों वाली सीट पर भी दो से तीन दावेदार पहले दिन आवेदन लेकर पहुंचे। कांग्रेस ने आवेदन के लिए बकायदा एक फार्म बनवाया है। इसमें दावेदारों को अपना पूरा बायोडाटा देना है। बताया जा रहा है जो दावेदार ब्लाक कांग्रेस कमेटी में आवेदन नहीं कर रहा है, वह 26 अगस्त तक जिला कांग्रेस कमेटी में आवेदन कर सकता है। जिला कांग्रेस कमेटी 29 अगस्त तक नाम का पैनल तैयार करके प्रदेश चुनाव समिति को भेजेगा।

# इंडस्ट्रीयल सेक्टर बीरगांव में आज रोजगार मेला

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्लेसमेंट सेल एवं रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, द्वारा 19 अगस्त को अडवानी आर्लिकॉन स्कूल, बीरगांव में इंडस्ट्रीयल सेक्टर के लिए रोजगार सह कौशल मेला आयोजित किया गया है। जिसमें कुल 301पदों में शहर के विभिन्न इंडस्ट्रीयल सेक्टर के लिए भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थी 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आवेदन कर सकते है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के युवाओं से अपील की है कि वे इस रोजगार सह कौशल मेले में शामिल होकर योग्यतानुसार आवेदन करें और रोजगार प्राप्त करें। इसका उद्देश्य बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। सभी पदों के अनुसार योग्यता, अनुभव और वेतनमान तय किया गया है। आवेदकों के लिए रोजगार सह कौशल मेला पूर्णतः निःशुल्क है। साथ ही रायपुर रोजगार संगी पोर्टल https://raipurrozgarsangi.com एवं मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है।

# रायपुर से गुजरने वाली 20 ट्रेनें 13 दिनों के लिए रद्द

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)।ट्रेनों के रद्द होने के सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, रायपुर रेल मंडल से होकर चलने वाली 20 ट्रेनों को रेलवे ने फिर रद्द कर दिया है. ये ट्रेने 17 से 29 अगस्त के बीच चलने वाली है। इसके पीछे की वजह जो रेलवे ने बताई है वो ये है कि अधोसंरचना विकास ईस्ट कोस्ट रेलवे के भुवनेश्वर- मंचेश्वर रेलवे स्टेशनों के बीच एवं हरिदासपुर-धानमन्डल रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य के लिए नॉन इंटर लोकिंग का कार्य किया जाएगा. यह कार्य दिनांक 17 से 29 अगस्त, (13 दिन) तक किया जायेगा, रेलवे का दावा है कि इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी।

रद्द होने वाली गाडियों में 20 अगस्त, को कुर्ला से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12145 कुर्ला-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 22 अगस्त, को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12146 पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 23, 26 एवं 30 अगस्त, को कुर्ला से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12879 कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 21, 24 एवं 28 अगस्त, को भुवनेश्वर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12880 भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 18 एवं 25 अगस्त, को गाधीधाम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12993 गाधीधामङ्कपूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 21 एवं 28 अगस्त, को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12994 पूरी- गाधीधाम एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 20 एवं 27 अगस्त, को बीकानेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 23 एवं 30 अगस्त, को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20472 पूरी-बीकानेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 26 अगस्त, को जोधपुर से रवाना होने वाली



गाड़ी संख्या 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी , 23 अगस्त, को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20813 पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 17, 22, 24 एवं 29 अगस्त, को अजमेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20824 अजमेरङ्कपूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 17, 21, 24 एवं 28 अगस्त, को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20823 पूरी-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 20 एवं 27 अगस्त, को साई नगरसिड़ी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20858 साईनगर सिड़ी-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 18 एवं 25 अगस्त, को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20857 पूरी-साईनगर सिड़ी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 22 अगस्त, को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 24 अगस्त, को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20918 पूरी-इंदौर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 24 अगस्त, को कुर्ला से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22865 कुर्ला-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 22 अगस्त, को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22866 पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 24 अगस्त, को बलसाड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22909 बलसाड-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी तथा 27 अगस्त, को पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22910 पूरी-बलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

वहीं परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियों में 16, 19, 20, 23 एवं 26 अगस्त, को अमृतसर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापटनम हीरा कुंड परिवर्तित मार्ग संबलपुर-टिटलागढ़-रायगड़ा-विजय नगरम होकर चलेगी और 18, 19, 22, 25, 26 एवं 29 अगस्त, को विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम-रायगड़ा-टिटलागढ़-संबलपुर होकर चलेगी।

## निगम सामान्य सभा की कार्रवाई 22 को होगी

**रायपुर,** 18 अगस्त। नगर पालिक निगम रायपुर के अध्यक्ष (स्पीकर) प्रमोद दुबे द्वारा सामान्य सभा की कार्रवाई 22 अगस्त को प्रातः 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी है। इसके पूर्व आज प्रातः 11 बजे नगर निगम सामान्य सभा की विगत 17 अगस्त को स्थगित कार्यवाही प्रारंभ हुई।



# चीनी सामान बहिष्कार का आव्हान, चीन को होगा करोड़ों का नुकसान : अमर पारवानी

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। राखी त्यौहार 30 अगस्त से शुरू होकर दिवाली पर्व 24 नवम्बर को तुलसी विवाह के साथ भारतीय त्यौहार का समापन होगा।इस दौरान चीनी सामान के पूर्ण बहिष्कार का आह्वान कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने किया है। उम्मीद है की इस बहिष्कार से चीन को त्यौहारों सामान के इंपोर्ट न होने से लगभग 1 लाख करोड़ के व्यापार का नुक़सान होगा। पिछले वर्ष यह नुक़सान लगभग 75 हज़ार करोड़ रुपये का था। कैट को उम्मीद है कि इस त्यौहार अवधि में उपभोक्ताओं द्वारा खर्च के माध्यम से अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की पूँजी का प्रवाह हो सकता है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी देश के व्यापारियों एवं आयातकों ने चीन से त्यौहारों सामान का आयात बंद कर दिया है। वहीं दूसरा महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि उपभोक्ता भी अब चीनी सामान खरीदने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं जिसके कारण भारतीय सामान की माँग में वृद्धि हुई है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि कैट की रिसेर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा हाल ही में विभिन्न राज्यों के 20 शहरों को जिन्हे कैट ने च्वितरण शहरज्ज का दर्जा दिया हुआ है, में किए गए एक सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया है इस वर्ष अभी तक भारतीय व्यापारियों या आयातकों द्वारा दिवाली के सामान, पटाखों या अन्य समान वस्तुओं का कोई ऑर्डर चीन को नहीं दिया गया है। इस साल सभी पर्वों को विशुद्ध रूप से च्भारतीय त्यौहारज्ज के रूप में मनाया जाएगा। ये 20 शहर नई दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, नागपुर जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, रायपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, पटना, चेन्नई, बंगलुरू, हैदराबाद, मदुरै, पांडिचेरी, भोपाल और जम्मू हैं।

चीनी सामानों के बहिष्कार का कैट का आह्वान इस वर्ष चीनी व्यापार के लिए एक बड़ा झटका होने वाला है तथा इस मांग की पूर्ती के लिए देश भर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों में भारतीय सामान का पर्याप्त बंदोबस्त कर लिया है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया प्रमुख रिटेल सेक्टर एफएमसीजी सामान, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, खिलौने, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल अप्लायंसेज और सामान, किचन के सामान और एक्सेसरीज, गिफ्ट आइटम, पर्सनल कंज्यूमेबल्स, कन्फेक्शनरी आइटम, होम फर्निशिंग, टेपेस्ट्री, बर्तन, बिल्डर्स हार्डवेयर, फुटवियर, घड़ियां, फर्नीचर और फिक्सचर,वस्त्र, फैशन परिधान, कपड़ा, घर की सजावट के सामान, मिट्टी के दीयों सहित दिवाली पूजा के हस्तशिल्प के सामान इत्यादि।

वस्त्र, शुभ-लाभ, ओम जैसे सौभाग्य के प्रतीक, गृह सज्जा के लिए देवी लक्ष्मी एवं अन्य देवी देवताओं के बनाया गए सामान, सजावटी वस्तुएं आदि प्रमुख क्षेत्र हैं। जहां चीनी सामानों के स्थान पर व्यापारियों ने उपभोक्ता की मांगो के अनुरूप भारतीय सामान को पर्याप्त मात्रा में

# सूची जारी होने से कांग्रेस हताश : केदार

**रायपुर,** 18 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी महामंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद कांग्रेस का खेमा जिस प्रकार प्रलाप कर रहा है, उससे यह आईने की तरह साफ हो गया है कि भाजपा के 21 योद्धाओं की प्रथम पंक्ति को देखकर पूरी कांग्रेस सदमे में चली गई है। श्री कश्यप ने कहा कि गुटबाजी और अंतर्द्वंद्व से जूझ रही कांग्रेस अभी टिकट के दावेदारों से आवेदन ही जमा करने में लगी है और भाजपा ने जनता के आशीर्वाद से अपने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी। हताश और निराश कांग्रेस के पास प्रलाप करने के अलावा अब और कोई काम नहीं बचा है। श्री कश्यप ने कहा कि भाजपा की छाती भेदने के राजनीतिक अहंकार में आकंठ डूबी कांग्रेस अब लोकतंत्र और जनादेश का अपमान करने में लग गई है। कांग्रेस के लोगों को इस बात का जरा भी इल्म नहीं है कि जनता कांग्रेस सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो गई है और बस अपने मताधिकार के प्रयोग की राह देख रही है ताकि प्रदेश की भ्रष्टाचार करने वाली, वादाखिलाफी करने वाली, युवाओं को साथ खुले तौर पर छल करने वाली, महिलाओं की सुरक्षा और उन्नति को पलीता लगाने वाली, गरीबों का हक मारने वाली, किसानों के आत्मसम्मान को लहूलुहान करके आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंके। श्री कश्यप ने कहा कि भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त होने के खयाली पुलाव पकाती कांग्रेस को अपनी नियति का ही पता नहीं है। वैचारिक और राजनीतिक दरिद्रता से जूझती कांग्रेस अपनी खीझ छिपाने के लिए इस तरह के बयानों से अपना दिल बहला रही है। श्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भाजपा सांसद विजय बघेल को बलि का बकरा बता रहे हैं, जबकि खुद तीन महीने के लिए अध्यक्ष बनकर अपनी राजनीतिक हैसियत से अनजान हैं। बलि का बकरा कौन बनेगा, यह तो सांसद बघेल और भाजपा की शानदार जीत के बाद साफ होगा। कांग्रेस की शर्मनाक हार का ठीकरा फोड़ते हुए कांग्रेस अध्यक्ष बैज को ही बलि का बकरा बनाया जाएगा। श्री कश्यप ने कहा कि अपनी इस राजनीतिक बलि के चलते चुनावी हार की जिम्मेदारी लेकर बैज को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ेगा।



## जिलाध्यक्षों की नियुक्ति दिल्ली से होना प्रदेश कांग्रेस की कमजोरी का एक और संकेत : भाजपा

**रायपुर,** 18 अगस्त। कांग्रेस पार्टी को जिलाध्याक्ष के नाम की सूची भी दिल्ली से जारी करना पड़ रहा है, छत्तीसगढ़ कांग्रेस अपनी आपसी खींचतान में इतनी कमचोर हो गई कि जिलाध्यक्षों के नाम को राहुल गांधी से फाईनल करवा रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा कि सत्ता आसीन कांग्रेस पार्टी चुनाव आते बहुत कमजोर नजर आ रही है। भाजपा छत्तीसगढ़ में जहां एक ओर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर रही है वहीं कांग्रेस अभी जिलाध्यक्षों के नाम पर खींचतान कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भाजपा के संगठन में झांकताक करते करते अपने संगठन के लिए काम करना भूल गए। नतीजा यह है कि हम प्रत्याशी की घोषणा कर रहे हैं वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नाम पर खींचतान कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता श्री ठोकने ने भूपेश बघेल जी के ओवर कॉन्फिडेंस के कारण कांग्रेस का संगठन कमजोर नजर आ रहा है उन्होंने कहा कि खुद काम किया नहीं वहीं कांग्रेस ने को काम करने दिया नहीं।

## डॉ. राधाबाई महाविद्यालय में नए मतदाताओं का किया गया सम्मान



**रायपुर** 18 अगस्त। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही महाविद्यालय से मतदाता सूची में जुड़े हुए नवीन मतदाताओं को रिबन पहना कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एच. के. जोशी उपस्थित थे। उन्होंने छात्राओं को मतदान का महत्व बताते हुए मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में बताया गया कि महाविद्यालय में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम नवंबर-दिसंबर 2022 प्रथम चरण में 493 छात्रों ने ऑनलाइन एप में अप्लाई किए थे, उनमें से 203 छात्रों के इपिक कार्ड घर तक पहुंच गए हैं। ऐसे मतदाताओं का मतदाता बंधन बांधकर सम्मान किया गया। वहां छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। सहायक अध्यापक श्रीमती चंचल चतुर्वेदी ने एनएसएस और यूथ रेडक्रास के स्वयंसेवकों को मतदान का महत्व बताया। इसी क्रम में मतदान की अनिवार्यता एवं महत्व को समझाते हुए छात्राओं को मतदान हेतु शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी, डॉ. कामिनी बावनकर ,सहायक जिला परियोजना अधिकारी डॉ. चुन्नीलाल शर्मा जी उपस्थित रहे थे।

# निगम ने 70 से अधिक आवारा पशुओं को पकड़ा

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र की सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त करने सभी 10 जोनों द्वारा तेज गति से सड़क मार्गो में काऊकेचर वाहन एवं कर्मचारियों की विशेष टीम की सहायता से प्रतिदिन निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आज राजधानी शहर के विभिन्न स्थानों में सड़क मार्गो से काऊ केचर वाहन की सहायता से जोनों के कर्मचारियों की विशेष टीमों ने दिन की दोनों पालियों में अभियान चलाकर लगभग 70 से अधिक आवारा पशुओं की सड़क मार्गो में धरपकड़ की। आज दिनभर एवं रात्रि के दौरान आवारा पशुओं की धरपकड़ के अभियान के तहत जोन 4 की टीम ने पेंषनबाडा, राजातालाब, बूढापारा में 4 आवारा पषुओं की धरपकड़ की एवं उन्हें भाठागांव गौठान में छोड़ा। जोन 1 की टीम ने भनपुरी , खमतराई मुख्य मार्ग से 10 आवारा पषुओं की धरपकड़ की। जोन 9 ने कचना जे.डी. कालोनी मुख्य मार्ग में अभियान चलाकर काउकेचर वाहन की सहायता से 16 एवं अनुपम नगर मार्ग से व्हीआईपी रोड राजीव गॉधी मार्ग तक 4 आवारा पषुओं की धरपकड़ कर उन्हें फुण्डहर गौठान भेजा। जोन 9 की टीम ने दिन की दोनो पॉलियों में अभियान चलाकर 33 आवारा पषुओं की धरपकड़ की । वहीं खुले में आवारा पषु छोड़ने पर खम्हारडीह तालाब के समीप पषु पालक श्री प्रेम नारायण यादव पर 5000 रू. एवं दलदल सिवनी में पषु पालक श्री सोनू यादव पर तत्काल 2000 रू. इन 2 पषु पालकों से कुल 7000 रू. जुर्माना वसूल कर वचन पत्र भरवाकर कि वे भविष्य में आवारा पषु खुले में नहीं छोडेंगे एवं उसे बांधकर रखेंगे। चेतावनी देकर उनके आवारा पषुओं को उन्हें वापस किया गया। जोन 10 की टीम ने केनाल लिंकिंग रोड से पुलिस हाउसिंग कालोनी तक 8 आवारा पषुओं की धरपकड़ की जबकि जोन 8 की टीम ने वार्ड क्रमांक 1, 20 , 21, 69, 70 में अभियान चलाकर 8 आवारा पषुओं की धरपकड़ कर उन्हें अटारी गौठान छोडा। जोन 3 ने शंकरनगर सेल्स टैक्स कालोनी खम्हारडीह मार्ग में अभियान चलाकर 17 आवारा पषुओं की धरपकड़ की ।



नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार सभी जोनों द्वारा पशुपालकों को चिन्हित कर उन्हें बैठक लेकर उन्हें आवारा पशुओ को खुले में नहीं छोड़ने एवं बांधकर रखने की निरंतरता से समझाईश दी जा रही है। इसके साथ ही सभी सम्बंधित पशुपालकों को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि यदि खुले में आवारा पशु मिले, तो उन्हें पकड़कर कांजी हाउस गौठान, आउटर क्षेत्र में भेज दिया जायेगा एवं पकड़े गये आवारा पशुओं के सम्बंधित मवेशी मालिकों पर जुर्माना किया जायेगा।

## निधन

### रूपनारायण सिंह

**भिलाईनगर,** 18 अगस्त। भूतपूर्व सैनिक भिलाई इस्पात संयंत्र के फायर ब्रिगेड से सेवानिवृत्त मकान नंबर 1/ए, सडक-1, सेक्टर-2 निवासी रूप नारायण सिंह का 17 अगस्त की रात्रि 8. 30 बजे उपचार के दौरान रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 19 अगस्त को सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में होगा वे भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मी प्रदीप कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह के पिता थे। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।



### पलक सांखला

**रायपुर,** 18 अगस्त। भैरव सोसाइटी, रायपुर निवासी अशोक सांखला की धर्मपत्नी श्रीमती पलक सांखला उम्र 48 वर्ष का निधन शुक्रवार 18 अगस्त को सुबह 10.30 बजे हो गया। वे लक्ष्य, योत्सी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया।



### श्यामरतन पटेल

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 18 अगस्त। ग्राम अमेरा निवासी श्यामरतन पटेल का निधन शुक्रवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन ग्रामवासीयों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे कचराबाई के पुत्र, रामरतन, रामकुमार के भैया, भरत, रामप्रसाद के पिता थे।



### मनोहर लाल पारवानी

**बलौदाबाजार,** 18 अगस्त। शहर के सिंधी कालोनी नहर पारा निवासी मनोहर लाल पारवानी 64 वर्ष पिता स्व. लोकूमल का शुक्रवार को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भोपत राम व गोपाल दास के छोटे भाई तथा सुरेश, रवि के पिता थे।



### श्रीमती नगीना बाई साहू

**महासमुंद,** 18 अगस्त। स्थानीय पिटियाझर निवासी 85 वर्षीय श्रीमती नगीना बाई साहू का गुरुवार की रात 11 बजे निधन हो गया। वे लेखराम साहू की माता थी। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



# रोटरी क्लब के पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में हेल्थ चेकअप कैंप

**रायपुर,** 18 अगस्त। रोटरी क्लब ऑफरायपुर एवं हियरिंग केयर सेंटर के सहयोग से पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटे. प्रदीप गोविंद शितूत (अध्यक्ष), रोटे. श्रीमती अंजली शितूत , रोटे. जयंत कुमार थोरात (सचिव), वरिष्ठ एडवोकेट रोटे. शेखर अमीन , पूर्व विधायक रोटे. स्वरूपचंद्र जैन , रोटे. एन. सी. मोरयानी , संस्था के चेयरमेन सुशील शुक्ला (कार्यक्रम अध्यक्ष) एवं रोटे. डॉ. राकेश पांडेय , डॉ. नम्रता सिरमौर (प्रसूति रोग विषेशज्ञ), डॉ. शषिकांत दुबे (नेत्र रोग विशेषज्ञ) विषेश रूप से उपस्थित रहे। सरस्वती पूजन एवं अतिथि स्वागत के पश्चात् कार्यक्रम का आरंभ रोटे प्रदीप गोविंद शितूत के उद्बोधन से हुआ। शितूत ने सभी विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। रोटे. थोरात ने आपके द्वार आपके डॉक्टर को कामयाब बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। चेयरमेन एवं कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि स्वास्थ्य का ध्यान रखकर ही हम अपने जीवन में खुशियां भर सकते हैं। अतः हमें समय-समय पर हेल्थ चेकअप करवाते रहना चाहिए। इस हेल्थ चेकअप कैंप के आयोजन से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उनके स्वास्थ्य की जानकारी उपलब्ध करवायी गई। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में महाविद्यालय की एनएसएस एवं एसएचजी ईकाइयों के सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। कैंप में विद्यार्थियों के साथ-साथ संस्था के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपना हेल्थ चेकअप करवाकर कैंप को सफ्ल बनाया।



## प्रदीप कौर मुद्दड़ (प्रीति) रामगढ़िया सेवक सभा महिला विंग की अध्यक्ष नियुक्त



**रायपुर,** 18 अगस्त। रामगढ़िया सेवक सभा (महिला विंग) को 2023-24-25 के लिए प्रदीप कौर मुद्दड़ (प्रीति) अध्यक्ष नियुक्त किया गया । रामगढ़िया सेवक सभा ( महिला विंग ) जिसने महिला विंग की बोर्ड ऑफ डारेक्टर बलविंदर कौर भामरा , हरशरण कौर राणा,कमलजीत कौर भामरा, कुलदीप कौर विरदी , बलजीत कौर बच्चू,मिनी विरदी,तेजेंद्र कौर भुई , नरिंदर कौर मिस्सन,संजीत कौर संधूद्वारा सर्व सम्मति से प्रदीप कौर मुद्दड़ (प्रीति) को अध्यक्ष चुना गया ।इसके अलावा उपअध्यक्ष - अंशु राणा, सचिव - सिमरन कौर ननैर, सह सचिव - जसविंदर डडियाल , मनदीप कौर सग्गू, स्टेज सचिव - कवल जीत कौर (सोनू), मोना विरदी , कोषाअध्यक्ष - नीतू भुई , सांस्कृतिक सचिव - जीत कौर सोखी ,मंजू भामरा ,जनसंपर्क - रोमा विरदी ,स्वीटी सग्गू को मनोनीत किया गया ।

# श्रीनिवास राव सहकारिता मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के गैर-सरकारी सदस्य नामित

**रायपुर,** 18 अगस्त। गृह एवं सहकारिता मंत्री,अमित शाह द्वारा सहकारिता मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के गैर सरकारी सदस्य के रूप में श्रीनिवास राव, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), बीईएल कार्पोरेट कार्यालय का चयन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं जिनमें गैर सरकारी सदस्यों को संसदीय कार्य मंत्रालय, संसदीय राजभाषा समिति, केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, अखिल भारतीय हिंदी संस्था संघ, माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा नामित किया जाता है। इसके अलावा समिति में 07 सरकारी सदस्य होते हैं। समिति का कार्य भारत के संविधान में राजभाषा के बारे में की गई व्यवस्था, राजभाषा अधिनियम, नियमों तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा सहकारिता मंत्रालय और उसके संबद्ध / अधीनस्थ कार्यालयों के कामकाज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के बारे में सलाह देना है। इस समिति का कार्यकाल इसके गठन की तारीख से तीन वर्षों का होता है। इससे पहले राव को राजभाषा गौरव पुरस्कार (वर्ष 2018-19) से सम्मानित किया जा चुका है और वे राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कंठस्थ प्रतियोगिता (मशीन अनुवाद टूल) में देश के प्रथम 10 अनुवादकों में चुने गए थे। उनकी पहली पुस्तक 'परिधान' पिछले वर्ष प्रकाशित हुई। वे केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग के संकाय सदस्य हैं और उनके शतकाधिक हिंदी लेख प्रतिष्ठित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।



## अवैध रूप से हड़ताल पर गए सहायक शिक्षक संवर्ग के विरूद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग में अनाधिकृत रूप से हड़ताल पर गए सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक (एलबी) के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करने कहा है। गौरतलब है कि प्रदेश के सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक (एलबी) छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के आव्हान पर 10 अगस्त से (पूर्ण सेवा की गणना कर सही वेतन निर्धारण/वेतन विसंगति) को दूर करने के लिए अनाधिकृत रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। उनके द्वारा 18 अगस्त 2023 को ' जेल भरो आंदोलन' की रणनीति बनाई गई है। इस हड़ताल से स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। विद्यालयों में तालाबंदी की स्थिति भी निर्मित हो रही है। इसे राज्य शासन (स्कूल शिक्षा विभाग) ने गंभीरता से लेते हुए कड़ाई से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से कहा है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक कार्य को छोड़कर हड़ताल पर गए शिक्षकों, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों को सर्वप्रथम अपने स्तर से व्यवहारिक रूप से समझाइश दी जाए। समझाइश के पश्चात भी यदि शिक्षकगण 24 घंटे (आगामी कार्य दिवस) में कर्तव्य स्थल (शाला) में अध्यापन कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी करें कि राज्य के विद्यार्थियों, पालकों और मूलतः जनहित में क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

## बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की रायपुर में मिटिंग हुई

**रायपुर,** 18 अगस्त। 41 में स्थापित, बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) निर्माण कंपनियों ठेकेदारों, इंजीनियरों, बिल्डरों, डेवलपर्स और रियलटर्स आदि का शीर्ष प्रतिनिधि निकाय है जो बुनियादी ढांचे के विकास की रीढ़ हैं। 1,50,000 से अधिक व्यवसायों के साथ अपनी 220 शाखाओं के माध्यम से पूरे भारत में फैले बीएआई का मूल उद्देश्य निर्माण क्षेत्र में सर्वागीण सुधार लाना है, साथ ही परिचालन के साथ-साथ नीतिगत स्तर की समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रयास करना है। निर्माण उद्योग द्वारा इसमें नीति निर्माताओं और अधिकारियों से उस स्तर का ध्यान प्राप्त करने का प्रयास करना शामिल है जो निर्माण उद्योग को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में इसके जबरदस्त योगदान और महत्व को देखते हुए मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ में, बीएआई अंबिकापुर बिलासपुर दुर्ग-भिलाई, जगदलपुर, काकेर, रायपुर और राजनादगांव में केंद्रों के साथ बहुत सक्रिय है। इसमें हमारा उद्देश्य ठेकेदारों को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के लिये प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता निर्माण। राज्य के बेरोजगार शिक्षित एवं अशिक्षित युवाओं को प्रशिक्षण देकर ठेकेदारो के कार्यस्थल पर रोजगार उपलब्ध कराना। श्रमिको के बच्चों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना। ये हमारी संस्था का बिल्डर्स एशोसिएशन ऑफ इंडिया का मूल उद्देश्य है। निर्माण व्यवसायों के बुनियाद प्रशिक्षण हेतु 20000 वर्ग फिट भूमि नया रायपुर में कम दर पर उपलब्ध करके स्थापित करना। जिससे बिल्डर्स एशोसिएशन ऑफ इंडिया उपरोक्त कार्य को मूर्तरूप दे सके। लोक निर्माण विभाग छ.ग. व अन्य निर्माण विभाग के स्थापना समय से ही निर्माण कार्य में उपयोग गिट्टी, मुरूम, रेती आदि के खनिज रॉयल्टी का होने वाले सामग्री मूल्य सरकारी दर पर काटकर खनिज विभाग में जमा करते हुए ठेकेदारो को अंतिम देयक का भुगतान दिया जाता था। लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग के स्थापना दिवस से ही अनुबंध में उपरोक्त प्रावधान है जो आज भी है। परन्तु अचानक कुछ वर्षों से रॉयल्टी क्लियरेन्स खनिज विभाग से लाने पर अंतिम देयक दिया जायेगा कहते हुए करोड़ो का भुगतान रोक दिया गया है।इस मिटिंग कंवलजीत सिंह ओबेरॉय, रूपेश सिंघल, आलोक शिवहरे, हरसिमरन सिंह ओबेरॉय, के.चन्द्रशेखर राव, सुशील अग्रवाल शामिल हुए।



# राजभवन में सद्‌भावना दिवस के अवसर पर ली गई शपथ



**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सद्भावना दिवस के अवसर पर शांति, सद्भाव एवं एकता स्थापित करने की शपथ ली। राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, ने शपथ दिलाई। विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, उपसचिव दीपक अग्रवाल, नियंत्रक संजय विश्वकर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने इस अवसर पर शपथ ली। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्मदिवस 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेद-भाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने की शपथ ली गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किसी भी प्रकार की हिंसा से दूर रहने और मतभेदों को शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से सुलझाने की शपथ ली।

# फरार सटोरिया गोवा से गिरफ्तार





## कस्टडी में लेकर जल्द रायपुर पहुंचेगी पुलिस

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। आनलाइन गेमिंग महादेव सट्टा ऐप के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ से फरार सटोरिया नवीन बत्रा को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सटोरिया नवीन लंबे समय से फरार चल रहा था। गोवा पुलिस को सूचना मिली कि नवीन बत्रा समेत दर्जनभर लोग द मेंट्री गोवा होटल में मौजूद है। इसके बाद गोवा पुलिस ने वहां छापा मारा और नवीन बत्रा समेत देशभर के दर्भजभर सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। अब रायपुर पुलिस की टीम गोवा के लिए रवाना हो गई है। जिसके बाद पुलिस नवीन बत्रा को लेकर रायपुर आएगी।

**सट्टे का सरगना है नवीन बत्रा:** नवीन बत्रा छत्तीसगढ़ का बड़ा सटोरिया है। नवीन महादेव आनलाइन ऐप की चार पैनल संचालित कर रहा था। नवीन के खिलाफ सूरजपुर में कारोबारी के सुसाइड मामले के अलावा रायपुर में मामला दर्ज है। जानकारी के अनुसार गोवा के पोरोरिन थाना पुलिस की टीम ने कल रात द मेंट्री होटल में छापेमार कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में खाईवाल नवीन बत्रा समेत 12 सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन लैपटाप में आनलाइन सट्टे भी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि नवीन बत्रा महादेव आनलाइन बेटिंग ऐप में बड़ा सरगना है जिसका कनेक्शन दुबई तक है। रायपुर पुलिस नवीन बत्रा को देर शाम तक अपनी कस्टडी में लेकर रायपुर पहुंच सकती है।

**पुलिस ने इन सटोरियों को किया गिरफ्तार:** संजय शुब्बा नई दिल्ली करन राजेश पाटिल अकोला नवीन बत्रा रायपुर विरेंद्र सिंह बिलासपुर अमित मोरे अकोला अंकित कुमार धनबाद सूरज नागदेव रायपुर किशन पोप्टानी रायपुर टिकेश कुमार कुर्रे सक्ती छत्तीसगढ़ श्रेय शर्मा ;रायपुर आशीष मंत्री जयपुर रितेश जायसवाल ;वेस्ट दिल्ली

**यूसुफपोट्टी की तलाश में पुलिस:** आनलाइन सट्टा का बड़ा सटोरिया यूसुफ पोट्टी की तलाश भी रायपुर पुलिस पिछले कई दिनों से कर रही है लेकिन अब तक हाईटेक पुलिस की पहुंच से ये खाईवाल दूर है। पुलिस ने यूसुफ के कई संभावित ठिकानों में दबिश भी दी लेकिन वो पुलिस के छापे से पहले ही अपना ठिकाना बदल लेता है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस पोट्टी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी कर चूकी है। वहीं पोट्टी के कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाए जाने की भी खबर है।

## महादेव ऐप से जुड़े दो फरार आरोपियों के जारी होंगे लुकआउट सर्कुलर



### पुलिस ने विदेश मंत्रालय को लिखा पत्र

आनलाइन महादेव सट्टा ऐप मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। दो फरार शातिर आरोपियों के लुकआउट सर्कुलर जारी करने के लिए विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है। सिमर्स क्लब संचालक नितिन मोटवानी उर्फ चीकू और युसुफपोट्टी के खिलाफ एलओसी जारी करने के लिए पत्र लिखा है। शातिर आरोपियों के विदेश भागने की आशंका के चलते पासपोर्ट कार्यालय से जानकारी एकत्र की जा रही है। बाकी फरार आरोपितों की पासपोर्ट आफिस से जानकारी मांगी गई है। गिरफ्तार शातिर आरोपितों से पूछताछ में मिले करीब 250 बैंक खाते मिले हैं। बैंक खातो के बारे में संबंधित बैंको से जानकारी मांगी जा रही है। बैंक कर्मचारियों को भी नोटिस जारी कर जल्द पुलिस बुलाएगी।

**नितिन और यूसुफसीधे जुड़े हुए हैं:** पुलिस ने पिछले दिनों नितिन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद वह जमानत पर रिहा हुआ उसके बाद से वह फरार है। उसके बारे में जानकारी मिली कि वह सिमर्स क्लब के बहाने वहां से महादेव ऑनलाइन सट्टा चलता था। दिल्ली में इसकी एक ब्रांच का संचालन उसके द्वारा ही किया जा रहा था। वही युसूफमोडापारा क्षेत्र का रहने वाला है और वह एक बड़ा कबाड़ी है। कई दिनों से ऑनलाइन सट्टे से जुड़ा हुआ है। थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद वह यहां से भाग गया था।

**रवि और सौरव के खिलाफपहले ही जारी हो चुका है लुकआउट नोटिस:** महादेव ऐप के मुख्य संचालक रवि उप्पल और सौरभ चंद्र चंद्राकर के खिलाफरायपुर पुलिस ने पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी किया हुआ है। बता दें कि रवि और सौरभ इसके मुख्य सरगना है वह दुबई में बैठकर सट्टे का संचालन कर रहे हैं। देश भर में इनका नेटवर्क फैला हुआ है। राजधानी में अब तक 200 से ज्यादा लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी पति गिरफ्तार



**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। अलग रह रही पत्नी पर पति द्वारा चाकू से किए गए जानलेवा हमलें के मामलें में पुलिस आरोपी को हिरासत में ले लिया हैं। बताया गया कि कल रात को मिशन अस्पताल तिल्दा से अस्पताली मेमो प्राप्त हुआ जिसमें एक महिला को चाकू मारकर घायल अवस्था में भर्ती होना लेख था कि सूचना पर मिशन अस्पताल तिल्दा पहुँचकर घायल महिला से पूछताछ करने पर जो बतायी कि यह अपने मम्मी पापा के बनाये हुये घर में अपने दो बच्चों के साथ रहती है तथा विगत 05 वर्ष से इसका पति अलग रहता है जो इसके चरित्र के उपर शंका करता है। यह मिशन अस्पताल तिल्दा में खाना बनाकर घर आयी थी कि रात्रि 8.30 बजे इसका पति चरित्र शंका कर अचानक इसके उपर प्राणघातक हमला कर धारदार किसी चीज से इसके गर्दन पर वार किया यह देखकर पलटने से इसके मुँह जबड़ा एवं कान में चोट लगा है बतायी कि रिपोर्ट पर धारा 307 भादवि का जुर्म घटित होना पाये जाने अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। दौरान विवेचना के घटनास्थल निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार कर भौतिक साक्ष्य खून आलूदा मिट्टी सादी मिट्टी जप्त किया जाकर प्रार्थिया मुतर्जर व गवाहो से पूछताछ कर कथन लिया गया। प्रार्थिया मुतर्जर का घटना समय पहना कपड़ा कुर्ती व चुनरी जिसमें खून जैसा दाग लगा है जप्त किया गया। आरोपी निर्मल सिंग उर्फभुरू का पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया जिसका कथन लेखबद्ध किया घटना में प्रयुक्त एक नग स्टील का चाकू धारदार टूटा हुआ जिसमें खून जैसा दाग लगा है को जप्त किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखतें हुए तत्कालिक आरोपी को विधिवत् समय सदर में गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को देकर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है जहाँ आरोपी पति को जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा प्रत्याशियों की 21 को बैठक, प्रचार की बनेगी रणनीति

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा ने सभी 21 विधानसभा प्रत्याशियों की 21 अगस्त को बैठक रखी है। इस बैठक में चुनाव प्रचार की रणनीति पर चर्चा होगी, और पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रत्याशियों को मार्गदर्शन देंगे।

विधानसभा चुनाव आचार संहिता प्रभावशील होने से पहले ही पार्टी ने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। चुनाव आचार संहिता अक्टूबर के पहले सप्ताह में संभावित है। ऐसे में प्रचार पर के लिए काफी समय मिला हुआ है।

पहली सूची में 15 नए चेहरे हैं जो पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 5 महिलाएं हैं। पार्टी ने सभी प्रत्याशियों की 21 तारीख को बैठक रखी है। बैठक में चुनाव प्रचार के तौर-तरीकों पर विस्तार से चर्चा होगी।

सूत्रों के मुताबिक पार्टी के रणनीतिकार सभी प्रत्याशियों को चुनाव की अधिकृत घोषणा होने तक बिना किसी तामझाम के डोर-टू-डोर संपर्क करने का सुझाव दिया है। बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सहप्रभारी नितिन नबीन समेत संगठन के तमाम प्रमुख नेता और मौजूदा विधायक रहेंगे।

सभी विधानसभा सीटों पर प्रचार प्रसार के लिए पार्टी चुनाव कार्यालय खोलने जा रही है। इसकी मॉनिटरिंग खुद प्रदेश के नेता करेंगे।

# संगठन की मजबूती, सरकार के कामों के बल पर फिर सरकार बनाएंगे : बैज



**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। भरोसे का सम्मेलन और संभागीय सम्मेलनों के बाद विधानसभा स्तर पर होने वाले सम्मेलनों को पूरा करने के बाद पार्टी अब अपने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन संकल्प शिविर कर रही है। रायपुर, बस्तर संभागों में संकल्प शिविर कार्यक्रम प्रगति पर है। संकल्प शिविरों में कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी नीतियों और योजनाओं का प्रशिक्षण देकर जनता के बीच भेजेगी।

दीपक बैज ने कहा कि हमारी तैयारी बूथों तक पूरी हो चुकी है। हमारे संगठन की मजबूती और सरकार के जनकल्याण कार्यों का मुकाबला करने में विपक्ष पूरी तरह नाकामयाब है। आने वाले चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनाएं कांग्रेस सरकार का ब्रह्मास्त्र होगी। भाजपा के पास कांग्रेस का मुकाबला करने के लिये कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा हवाहवाई और काल्पनिक मुद्दों पर प्रदेश में राजनीति करना चाह रही जिसके कारण वह जनता से और दूर होते जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और बढ़ते गया, 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

**कांग्रेस की आज दो महत्वपूर्ण बैठकें, प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल लेंगे मीटिंग:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की दो महत्वपूर्ण बैठकें 19 अगस्त को राजीव भवन में आयोजित की गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल इन बैठकों को लेंगे। पहली बैठक सुबह 10 से 12 बजे पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की है। दूसरी बैठक दोपहर 12 बजे से लोकसभा के पर्यवेक्षकों की होगी। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी सचिव गण डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, विजय जांगिड़, चुनाव के लिये बनाये गये पर्यवेक्षक गण तथा स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यगण भी शामिल होंगे।

# इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला, 2 कंपनियों ने जमा कराए 65 लाख



## लगातार रकम डिपॉजिट कर रहे संचालक

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। बहुचर्चित इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले में पुलिस ने गुरुवार और शुक्रवार को दो कंपनी से 65 लाख रुपये वापस करवाए स्नेहा फिनवेस्ट प्रालि ने 15 लाख रुपये जमा किए वहीं सुनंदा विनिमय प्रालि ने 17 और 18 तारीख के बीच कुल 50 लाख रुपये जमा किए हैं लगातार कंपनी के संचालक पैसे जमा कर रहे हैं दरअसल पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की थी इन लोगों ने पूछताछ में बताया था कि उन्होंने इस गबन के पैसों से कई कंपनियों के शेयर खरीदे थे पुलिस ने दोबारा फाइल खोली और उन कंपनियों को तलब किया इसमें बैंक से पैसे जमा किए गए हैं तो कारोबारी और कंपनी तुरंत पैसे लौटाने राजी हो गए अब तक एक करोड़ 43 लाख 50 हजार रुपये जमा किए जा चुके है पुलिस ने कुछ दिन पहले 28 लाख फिर 50 लाख रुपये जमा करवाए थे उद्योगपतियों को यह पैसे आरोपितों ने बैंक से घोटाला कर दिए थे

**बरामद पैसे बैंक के पीड़ितों को लौटाए जाएंगे :** 525 खाताधारकों को पैसा वापस नहीं मिल पाया ह इनके 15 करोड़ बैंक में डूबे है घोटाले के पैसों को आरोपियों ने छत्तीसगढ़.महाराष्ट्र के 42 उद्योगपतियों की 35 से ज्यादा कंपनियों में शेयर खरीदकर निवेश किया है घोटाले का भंडाफोड़ होने पर आरोपियों ने की शेयर बेच दिए पुलिस ने उन सभी कंपनियों की कि जानकारी निकाल ली है कंपनी के मालिक और डायरेक्टरों को नोटिस जारी किया गया है एक.एक कर सब पैसे लौटा रहे हैं

**सीए नीरज जैन की याचिका खारिज:** बैंक घोटाले में फंसे सीए नीरज जैन को हाइ कोर्ट से बड़ा झटका लगा है याचिका खारिज कर दी गई है पुलिस की जांच पर रोक लगाने याचिका बिलासपुर हाइ कोर्ट में लगाई गई थी कोर्ट ने खारिज कर दिया।

# धरसीवा से चंद्रशेखर शुक्ला ने कांग्रेस प्रत्याशी बनाने किया दावा



**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। धरसीवा विधानसभा क्षेत्र से आज प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने विधायक प्रत्याशी बनाए जाने के लिए अपना दावा पेश किया। ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा के पास अपने समर्थकों के साथ जाकर विधिवत दावेदारी प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर कुम्हारी सरपंच बालाराम पाठक, ग्राम कन्हेरा के सरपंच सुखनंदन जांगड़े, पठारीडीह सरपंच हरिशंकर बंजारे, तेंदुवा सरपंच छुगानु साहू , बाना के टीकम साहू , आकोली सरपंच हरीशचंद्र वर्मा , हतबंध सरपंच मनीराम निषाद , आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद नेताम , किसान नेता हीरालाल साहू एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुरा नगरपंचायत के पूर्व अध्यक्ष मदन गोयल , धरसिवा के उप सरपंच साहिल ख़ान सहित अन्य मित्र उपस्थित थे।

# आधा दर्जन सायकल की चोरी, 2 युवक गिरफ्तार



**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में मौदहापारा थाने की सायकल चोरी के मामले में आरोपी युवक को पकड़ा जिससे अलग अलग स्थानों से चोरी की गई 6 सायकल को बरामद किया गया है साथ ही पुलिस ने चोरी की सायकलों को खरीदने वाले दुकानदार को भी पकड़ा हैं। बताया गया कि प्रार्थी शोभित सोनी ने थाना मौदहापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह छोटा अशोक नगर बौद्ध विहार के पास गुढ़ियारी रायपुर में रहता है। 25 जुलाई के प्रात: 11 बजे बैंक के काम से फूल चौक स्थित बैंक आफमहाराष्ट्र गया था जहां अपनी सायकल नीचे पार्किंग में खड़ी कर बैंक के अंदर चले गया था। प्रार्थी जब बैंक से वापस आकर सायकल लेने खड़े किये हुए स्थान पर गया तो देखा कि उसकी सायकल खड़े किये हुए स्थान पर नही थी कोई अज्ञात चोरी प्रार्थी की सायकल को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मौदहापारा के नेतृत्व में थाना मौदहापारा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुए घटना में संलिप्त धरसींवा निवासी दिनेश डहरिया को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा सायकल चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। सायकल चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा अलग.अलग स्थानों से अन्य 06 नग सायकल भी चोरी करने के साथ.साथ चोरी की सायकलों को मोईन खान साईकल स्टोर के संचालक सिराज खान को बिक्री करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपी सिराज खान की पतासाजी कर पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 7 नग सायकल जुमला कीमती लगभग 25,000 रूपये जप्त किया गया।

# सामूहिक अवकाश के साथ लिपिकों का धरना 22 को



## आंदोलन के लिए सघन संपर्क अभियान शुरु

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन के आगामी आंदोलन 22 अगस्त को जिले के सभी लिपिक 1 दिन का सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर के मध्यम से ज्ञापन सौपेंगे। इसके पश्चात भी लिपिकों की मांगे नहीं मानने पर 4 सितंबर से छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी गई है। गत दिवस आंदोलन को सफल बनाने जिला पदाधिकारियों एवं तहसील अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से चर्चा कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई।

लिपिकों के वेतनमानों में सुधार एवं पदनाम परिवर्तन करने हेतु- विभागाध्यक्ष कार्यालयों, इंद्रावती भवन एवं रायपुर शहर के विभिन्न कार्यालयो में लिपिक पदाधिकारियों द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी कडी में 18 अगस्त को अटल नगर नवा रायपुर के विभागाध्यक्ष कार्यालयों सहित इंद्रावती भवन के विभिन्न कार्यालयों व रायपुर शहर के स्थित विभिन्न कार्यालयों का लिपिक पदाधिकारियों द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन के बैनर तले होने वाले 22 अगस्त के आंदोलन हेतु लिपिक साथियों से आंदोलन को सफल बनाने सहयोग की अपील की गई।

छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवं इंद्रावती भवन में विगत 2 दिनों से लगातार लिपिकों को 22 अगस्त के आंदोलन में शामिल होने निर्धारित सामूहिक अवकाश प्रपत्र भरकर अपने-अपने कार्यालयों में अविलंब जमा कराये जाने प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही प्रांताध्यक्ष के द्वारा अपने लिपिकों को स्वत:स्फूर्त इस लिपिक फेडरेशन के आंदोलन में बिना किसी भेदभाव के शामिल होने कहा गया है। यह आंदोलन केवल लिपिकों के लिये किया जा रहा है, और लिपिकों के द्वारा ही किया जायेगा, इसमें किसी प्रकार का कोई अन्य संघ या संगठन शामिल नही है। यह केवल लिपिकों का आंदोलन है। अटल नगर के विभिन्न कार्यालयों के जनसंपर्क अभियान में मुख्य रुप से भोलाराम कीर, आर.एन.पटेल, राजकुमार सोंधिया, आशीष ठाकुर, देवाशीष दास, अजय देशमुख, रफीक, डीकेन्द्र खूंटे, योगेश निषाद, सुनील साहू, मनेश यादव, हीरालाल पोर्ते, मानूराम टंडन एवं युगल चंद्राकर मुख्यरुप से शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष रोहित तिवारी एवं छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सोनी के नेतृत्व में रायपुर शहर के विभिन्न कार्यालयों के लिपिकों को 22 अगस्त के आंदोलन को सफल बनाने की अपील की गई। रायपुर के सघन जनसंपर्क अभियान में मुख्यरुप से गौतम हाजरा, बी.के. शुक्ला, मनीष अहिरवार, परिवेश ठाकरे, अतिश शर्मा, डी.एस.चंद्रवंशी, संतोष लहरी, राजकुमार साहू, शंकर मानिकपुरी, विजय पांडे सहित अन्य कर्मचारी शामिल हुए।

# जिंदगी न मिलेगी दुबारा ज्ञान गंगा स्कूल में आयोजित की गई



**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवम रायपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिंदगी न मिलेगी दुबारा पर कार्यशाला ज्ञान गंगा स्कूल में रखी गई। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया ज्ञान गंगा स्कूल में कक्षा ग्यारवीं और बारवी के बच्चे भाग लिए। साथ में बहुत ही रोचक प्रश्न पूछे गए जिसमे दो बच्चो को मिस जीनियस एवम मास्टर जीनियस का अवार्ड दिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने अपने उद्बबोधन में कहा बच्चो को रामायण और गीता का ज्ञान होना चाहिए। साथ में जितना परिश्रम आपके माता पिता आपके लिए कर रहे है आपको उनका ध्यान रखते हुए किसी भी प्रकार की गलत दिशा में नहीं जाना चाहिए। आप आने वाले दिन में देश के भविष्य है। आपको अपना लक्ष्य निर्धारित करना है और उसको हासिल करना है।

ट्रैफिक पुलिस से टी के भोई ने विस्तार से ट्रैफिक नियम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया 18 उम्र के बच्चो का ड्राइविंग लाइसेंस बन सकता है और 16 उम्र के बच्चो का बिना गियर की गाड़ी का लाइसेंस बन सकता है। ट्रैफिक के साइन बोर्ड के बारे में जानकारी दी। रोड में जब आप जाते है आप अच्छे से पड़े नो पार्किंग वन वे नो हॉर्न स्टॉप ये सब को आपको रोड में देखकर उसका पालन करना चाहिए। मोटिवेशनल स्पीकर मोगरे ने बताया जीवन चलने का नाम है हर बच्चे को जीवन में एक नियम बनाकर उसका पालन करना चाहिए। अभी सबसे खराब नशा मोबाइल का है

उससे हर बच्चे को बचना होगा। हेल्थ एंड हाइजीन की एक्सपर्ट मानसी ने बताया सुबह बच्चो को हेल्थी फूड खाना चाहिए जिससे बच्चा छह घंटे तक भूख न लगे और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन अच्छे से करे। दोनो टाइम टूथ ब्रश करे और रात को सोते समय दूध जरूर पिए।

# चुनाव पूर्व युवा कांग्रेसियों के प्रभार में फेरबदल

## मोनू अवस्थी को सरगुजा और खेरानी को राजधानी का प्रभार

**रायपुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के यूथ विंग की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। जिसे देखते हुए प्रदेश पदाधिकारियों के प्रभार बदले गए हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस की प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव पलक वर्मा और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने संगठन के पदाधिकारियों के प्रभार की सूची जारी कर सभी को नई जिम्मेदारी सौंपी है।। संगठन ने कुल 132 प्रदेश पदाधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया जिसमें महासचिवों को ज़िले व सचिवों को विधानसभावर जिम्मेदारी दी है । जारी की गई लिस्ट में आशीष मोनू अवस्थी को सरगुजा की जिम्मेदारी दी गई है। विधि नामदेव को बस्तर लोकसभा, चंद्रशेखर गढ़पाले को रायपुर लोकसभा, आदिल खेरानी को रायपुर शहर और गुलजेब अहमद को बिलासपुर का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा अनिमेश सिंह को संगठन प्रभारी और कोमल अग्रवाल प्रशासन प्रभारी बनाए गए है। सूची में शामिल सभी 132 पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। ये सभी पदाधिकारी विधानसभावार चुनाव को लेकर दी गई जिम्मेदारी सम्भालेंगे।

**युवा मतदाताओं पर नजर**

प्रदेश में चार महीने बाद विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। जिसे देखते हुए प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक दल भजोआ और कांग्रेस दोनों की नजर यूथ वोट बैंक पर हैं। प्रदेश में लगभग 46 लाख ऐसे युवा मतदाता हैं, जिनकी उम्र 18 से 29 साल के बीच है। युवा मतदाता प्रदेश में किसी भी पार्टी की जीत-हार का गणित बदल सकते हैं। इसलिए दोनों ही पार्टियां यूथ पर फोकस कर रही हैं। युवाओं का दिल जीतने की पूरी कोशिश की जा रही हैं।

देशबन्धु | रायपुर, शनिवार, 19 अगस्त 2023 | 3
# प्रादेशिकी
दुर्ग-भिलाई-बालोद-कवर्धा-बेमेतरा-राजनांदगांव

**उल्टा पुल्टा**

प्लेटफॉर्म पर टीटी ने पप्पू से टिकट मांगा
**पप्पू-** लेकिन मैं तो ट्रेन से आया ही नहीं
**टीटी-** अच्छा क्या सबूत है?
**पप्पू-**सबूत ये है की मेरे पास टिकिट नहीं है!!!

# कांग्रेस का पिछला चुनाव घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा : शिवरतन शर्मा

**दुर्ग,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश चुनाव घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक, विधायक शिवरतन शर्मा ने आज यहां पत्रवार्ता लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर एक भी चुनावी वादा पूरा न करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा ठहराया है। उन्होंने पत्रवार्ता में पत्रकारों से भी चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किये जा सकते योग्य प्रस्ताव पर सुझाव मांगें। उन्होंने बताया कि भाजपा पूरे प्रदेश के जन जन से सुझाव लेकर उसे घोषणा पत्र में शामिल करेंगी।



पत्रवार्ता में श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश की सभी 35 जिला इकाइयों के सुझाव पेटिकाएं सौंपकर सुझाव संग्रह किये जा रहे है। इसके अलावा कार्यकर्ता घर घर जाकर सुझाव एकत्रित कर रहे है। विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि 50 हजार से ज्यादा सुझाव प्राप्त हो चुके है। विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के गत विधानसभा चुनाव में जनता से 36 वादे किये थे। एक भी पूरा नहीं किया। उन्होंने प्रदेश की भूपेश सरकार पर धान खरीदी में भी भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र सरकार लगातार समर्थन मूल्य बढ़ाकर धान खरीदी कर रही है। राज्य सरकार जनता को इस मामले में भ्रमित कर रही है। उन्होंने शराबबंदी, बिजली बिल हाफ करने सहित तमाम वादों का उल्लेख करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार पर ताबड़तोड़ हमले किये।

पत्रवार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी, मधुसुदन यादव, पूर्व विधायक रमशीला साहू, दयालराम बघेल, डी.एल.कोर्सेवाड़ा, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर, डॉ. राहूल गुलाटी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# महापौर ने दिलाई सद्भावना दिवस की शपथ

**दुर्ग,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने की वजह से नगर निगम में आज ही सद्भावना कायम रखने समस्त निगम परिवार ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम मना लिया। महापौर कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर धीरज बाकलीवाल ने पार्षदों के साथ ही सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

आज के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सभापति राजेश यादव, पार्षद एमआईसी हमीद खोखर, बृजेन्द्र भारद्वाज, एल्डरमेन अजय गुप्ता ने शपथ ली। इनके साथ ही अधिकारियों में उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आर.के.पाण्डेय, जितेन्द्र समैया, बी.पी.मिश्रा, आर.के.पालिया, जावेद अली, आर.के.बोरकर, दुर्गेश गुप्ता, थान सिंह यादव, शुभम गोईर, पूर्णिमा तिवारी, किरण अग्रवाल, सत्यनारायण



शर्मा, संजय मिश्रा, योगेन्द्र वर्मा, विनीत वर्मा सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# गिरधारी नगर के मकान के बाथरूम में मिली लाश का रहस्य गहराया

**दुर्ग,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। गिरधारी नगर वार्ड क्रमांक 9 के एक मकान के बाहरी हिस्से में निर्मित बाथरूम में पाई गई जली लाश का अभी तक रहस्य नहीं सुलझ पाया है। पूर्व में संबंधित परिवार की जिस महिला की लाश होने के संदेह व्यक्त किया जा रहा था वह सुरक्षित है। इस परिवार के सभी सदस्य सकुशल और सुरक्षित है तो मृतक कौन है ? यह भी अभी तक पुलिस व संबंधित परिवारवालों के लिये पहेली बनी हुई है।

मोहन नगर पुलिस के अनुसार लाश इस कदर जल गई है कि यह तय किया जाना मुश्किल हो रहा है वह स्त्री या पुरूष की लाश है। लाश की किसी भी दृष्टि से पहचान नहीं हो पा रही है। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव को मरच्यूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गिरधारी नगर वार्ड के उक्त मकान से लगे बाथरूम जिसे स्टोर की तरह उपयोग किया जाता था। उसमें गत रात्रि करीब 1 बजे से डेढ़ बजे के बीच आग की लपटें उठने लगीं। आज कैसे लगी यह भी कोई नहीं जानता। किसी तरह आग बुझा ली गई। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में मदद की। बाद में वहां एक जली हुई लाश देखी गई। शुरू शुरू में परिवार की एक महिला दिखाई न पड़ने के कारण उसी के जलने की आशंका व्यक्त की जानी लगी। बाद में जब उक्त महिला सहित परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित पाये गये तब अब यह पहेली बन गयी है कि उक्त आग में जलने वाला कौन था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## शिवनाथ नदी में मिली अज्ञात युवक की लाश

**दुर्ग,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। शिवनाथ नदी के पुराने पुल के पास आज एक अज्ञात युवक उम्र अनुमानित 32 वर्ष की लाश पानी में उफनती पाई गई है। पुलगांव पुलिस ने लाश नदी से निकालकर पंचनामा के बाद जिला अस्पताल स्थित मरच्यूरी में भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार आज करीब 12 बजे जब मछुवारा श्याम ढीमर रोज की तरह नदी घाट पहुंचा तो वहां उसने पानी में एक लाश को उफनते देखा। मृत युवक ने लाल टी शर्ट, नीली जीन्स पहन रखी है और रंग सांवला तथा हाईट लगभग साढ़े 5 फुट है।

# दुर्ग ग्रामीण, शहर व पाटन में 18 विकास कार्यों के लिए 98 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण), दुर्ग नगर एवं पाटन क्षेत्र में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर की अनुशंसा पर 18 निर्माण कार्यो के लिए 98 लाख 49 हजार 332 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिसमें वि.स. क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण) हेतु 1 लाख 19 हजार 776 रुपए, वि.स. क्षेत्र दुर्ग नगर हेतु 30 लाख 63 हजार 556 रुपए वि.स. क्षेत्र पाटन हेतु 66 लाख 66 हजार रुपए के विकास कार्य शामिल है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पुरैना में उत्कल चौक वार्ड क्रमांक 40 के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन में स्टोर रूम निर्माण हेतु 1 लाख 19 हजार 776 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र दुर्ग नगर अंतर्गत वार्ड क्र. 52 बोरसी शीतला मंदिर के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 5 लाख, वार्ड क्र. 53 मिनाक्षी नगर केडी पब्लिक स्कूल पोटिया मुख्य मार्ग में सी.सी. रोड निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 230 रूपए, वार्ड क्र. 49 विद्युतनगर पंचशील सेक्टर ए सोनी जी के घर से हेमलता के घर पटरीपार तक सी.सी. रोड निर्माण हेतु 9 लाख 98 हजार 461 रूपए, वार्ड क्र. 53 मरारपारा पोटियाकला दुर्ग में सार्वजनिक भवन में बाउण्ड्रीवाल कार्य हेतु 5 लाख 66 हजार रूपए एवं वार्ड क्र. 16 सिकोलाबस्ती कर्मचारी नगर दुर्ग मे सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 865 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

विधानसभा क्षेत्र पाटन अंतर्गतग ग्राम बठेना के सतनामी पारा वार्ड क्र. 12 में लक्ष्मी मंच से शीतला पारा तक सी.सी. रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत बोदल के आदिवासी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम पंचायत भरर के मुक्तिधाम में प्रतिक्षालय निर्माण हेतु 4 लाख 79 हजार रूपए, ग्राम पंचायत मर्रा में नेमसिंह वर्मा के घर के पास 02 युनिट सी.सी. रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत मोतीपुर के मुख्य सड़क से जाने पाटिल के घर तक 02 यूनिट सी.सी. रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत रानीतरई के बस्ती पारा में सी.सी. रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम रीवागहन ( ब ) के निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा व झाडमोखली के आदिवासी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम पंचायत लोहरसी छोटे में सार्वजनिक युवा सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम आमापेंड्री व ग्राम पंचायत सावनी में मुख्य मार्ग से शमशान घाट तक 02 यूनिट सी.सी. रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम आमालोरी व ग्राम पंचायत गुढ़ियारी के पंचायत भवन में संधारण कार्य हेतु 3 लाख रूपए, ग्राम पंचायत बेलौदी में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निषाद पारा में ( पूर्व में सामुदायिक भवन विधायक निधि से निर्मित है) सार्वजनिक किचन शेड निर्माण हेतु 6 लाख 87 हजार रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

# राज्य स्तरीय शतरंज चैपियनशीप 21 से भिलाई में

**दुर्ग,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश शतरंज संघ के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग एवं अग्रवाल जनकल्याण समिति व अग्रवाल महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में 21 अगस्त से 24 अगस्त तक आयोजित किया गया है इसमें राज्य भर के रिकॉर्ड 200 से अधिक शतरंज खिलाड़ी शह और मात की जोर आजमाइश में अपनी किस्मत आजमाएंगे।

प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एवम जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्विस लीग पद्धति से 7 चक्रों में खेली जाएगी। चैंपियनशिप में चारो आयु वर्ग के 4-4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा । चैंपियनशिप मे सभी आयु वर्गो के चयनित खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं समस्त भाग लेने वाले खिलाड़ियों को मेडल व ई सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

# दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**दुर्ग,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए दिव्यांगों ने जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। दिव्यांगों ने आज समाज कल्याण से मानस भवन तक रैली निकालकर नागरिकगणों को मतदान कर मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। एडीएम अरविंद एक्का ने कार्यालय कलेक्टर परिसर में हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया।

जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली में 50 से अधिक दिव्यांगों ने हिस्सा लिया। दिव्यांगों ने ट्रायसिकल में बैठकर रैली निकाली।

# शहीद चौक में प्रतिमाएं पुन: लगाई जाएं
## युवा संघर्ष समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। युवा संघर्ष समिति ने आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्रीन चौक में चारों क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद चंद्रशेखर आजाद, एवं शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पुर्नस्थापित करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि उक्त स्थल पर इन चारों क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं लगी थीं जिन्हें संधारण के नाम पर निकाल लिया गया था । इन प्रतिमाओं को वापस नहीं लगाया गया है।




ज्ञापन में मूर्तियों की पुर्नस्थापना के साथ ही दुर्ग जिले के सभी ब्लाक व शहरों के चौक चौराहों में क्रांतिकारियों की मूर्ति स्थापना करने क्रांतिकारियों के जन्मदिवस व शहादत दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करें। इन सभी क्रांतिकारियों की गाथाओं को पाठ्यक्रमों में शामिल किया जायें। ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश चौरे, तुलेश मानिकपुरी, शेख मुजीव, देववर्थ यादव, वेदप्रकाश साहू, डॉ. मेघराज साहू, विश्वनाथ कुंभकार मौजूद रहें।

# फ्लाईओवर के नीचे आधे से ज्यादा लाइट बंद निगम आयुक्त रात में दौरा कर देखें : शिव वर्मा

**राजनांदगांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा ने निगम की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि निगम आयुक्त रात में घूम कर फ्लाईओवर के नीचे लगे लाइट तथा शहर के बाहरी हिस्से में लगे सेंटर लाइट का नजारा देखें।



श्री वर्मा ने आगे कहा कि इन दिनों शहर के सभी क्षेत्रों में लाइट व्यवस्था पूरी तरह लचर हो गया है। शहर के आखिरी छोर में लगे सेंटर लाइट बसंतपुर महामाया चौक से फरहद चौक तक, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# लो ओल्टेज एवं अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान, दिया अल्टीमेटम

**डोंगरगढ़,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। लाल बहादुर नगर क्षेत्र के भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा के नेतृत्व में 20 गांव के किसानों ने बिजली विभाग लाल बहादुर नगर में आज ज्ञापन सौंपकर कनिष्ठ अभियंता अनुराग कोरीम जी को समास्याओं से अवगत कराया। हेमलाल वर्मा ने बताया कि लगभग 15 दिनों से लो ओल्टेज और बिजली कटौती से किसान एवं आम जनता त्रस्त है, किसी भी गांव में ठीक से बोर पंप नहीं चल



रहा है और ना ही पंखा चल रहा है,दिन भर किसान मेहनत करके शाम को घर आता है बिजली बंद रहने से चैन से आराम तक नहीं कर पा रहा है। किसानों के खेत सुख रहे हैं फसल को तुरंत पानी की आवश्यकता है बोर पंप नहीं चलने से किसान दुखी हैं। हेमलाल वर्मा ने किसानों के साथ ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह का अल्टिमेटम दिया है और कहा है कि इससे पहले लो ओल्टेज और बिजली कटौती को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ओलंपिक खेल हुआ फेल, व्यवस्था की खुली पोल
## देशबन्धु प्रतिनिधि ने आयोजन समिति से किए चार सवाल

**गुरुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। जनपद पंचायत गुरुर के तत्वाधान में ओलंपिक खेल का आयोजन ग्राम कंवर की खेल भूमि में किया गया परंतु इस ओलंपिक खेल के आयोजन में दर्जनों नहीं सैकड़ो खामियां पाई गई, खेल के नाम पर कार्यक्रम पूरा फेल रहा।

दबी जुबान में ओलंपिक खेल में पहुंचे खिलाड़ियों ने कहा कि किसी भी तरह की कोई भी व्यवस्था उचित नहीं थी, यहां तक की खेल सामग्री, सुरक्षा व्यवस्था सामग्री भी नहीं था, सिर्फ खेल के नाम पर खेल खेला गया ।




खेल के प्रति कोई भी जनप्रतिनिधि सचेत नहीं है जिसका खामियाजा खिलाड़ियों को उठाना पड़ रहा है इसलिए कहा गया है ओलंपिक खेल हो गया है पूरा फ़ैल। ग्राम कवर में ओलंपिक खेल वह पूरा फेल व्यवस्था की खुली पोल जिसे लेकर देशबंधु के संवादाता ने आयोजक समिति के जिम्मेदार लोगों से 4 सवाल दागे परंतु सवालों का जवाब देने के बजाय जिम्मेदार लोगों ने टाल दिया,, प्रश्नों के जवाब नहीं मिलने से स्पष्ट हो गया की खेल पूरी तरह हो गया है फेल। जनप्रतिनिधि सिर्फ बोलने लगे बड़े बोल और कहने लगे की छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी छत्तीसगढ़िया खेल योजना को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, मूलभूत सुविधा देंगे परंतु सुविधा के नाम पर शून्य रहा और शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सपना ही रह गया हकीकत में धरातल में कुछ भी नहीं है। ब्लॉक स्तरीय छत्तीसगढ़ी ओलंपिक का दो दिवसीय आयोजन आज ग्राम कंवर में आयोजित किया गया। प्रथम दिन में ही खेल की व्यवस्था चरमरा गई।

महिला खिलाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा खास तौर पर कुश्ती जैसे खेल पर फ्लोर में मेट जैसे महत्वपूर्ण सामग्री की व्यवस्था नहीं करने से खिलाड़ी चोटिल हुए साथ ही कुश्ती जैसे खेल के लिए खास तौर पर महिला खिलाड़ियों के लिए उचित ड्रेस कोड भी नहीं मिलने हर वर्ग के खिलाड़ी को परेशानियों का सामना करना पड़ा ।

आगामी समय में विधानसभा चुनाव होना है और चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल की खुल गई है पोल,, जिसे लेकर जनप्रतिनिधियों को आगामी चुनाव में नुकसान का खामियाजा उठाना पड़ सकता है।



# कांग्रेस भवन में शहर अध्यक्ष कुलबीर ने किया ध्वजारोहण



**राजनांदगांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के 76वीं वर्षगांठ पर स्थानीय जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन में सुबह 8.30 बजे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चद्रवंशी ने किया।

सर्वप्रथम कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल द्वारा शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, अल्प संख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान, महापौर हेमा देशमुख, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पदमा सिंह कोठारी, पंकज बांधव, नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, शहर जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष माया शर्मा, उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत को तिरंगा गमछा एवं गांधी टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा राष्टपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व्दारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात सेवादल एवं कांग्रेसजनो द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई तथा राष्ट्रीय गीत गाया गया। माल्यार्पण के पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी का संदेश वाचन महेन्द्र शर्मा ने किया।

ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के सभी विंगों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी का यह पर्व हमारा गौरवशाली पर्व है। आज स्वाधीनता दिवस पर हम उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोस्व न्यौछावर कर दिया। उपरोक्त राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम निम्न वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, नरेश डाकलिया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, सविता ठाकुर, महामंत्री फिरोज अंसारी, झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, हनी ग्रेवाल, पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, रूबी गरचा, रौशनी सिन्हा, योगेन्द्र प्रताप, मोहनी सिन्हा, रईस अहमद, मनीष गौतम, मजहर खान, एल्डरमेन मामराज अग्रवाल, प्रतिमा बंजारे, पार्षद संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, अमिन हुद्दा, पूर्णिमा नागदेवे, चंद्रकला देवांगन, अनिता बक्सेरिया, खिलेश्वर पाल, महेश यादव, अतुल शर्मा, राजा यादव, अरशद खान, भरत सोनी, खैरूनिशा, चेतन सिन्हा, आरबी मिश्रा, मनीष गौतम, अब्बास खान, पोषण यादव, शकिल रिजवी, मुस्तफा जोया, मयंक सोनी, प्रज्ञा गुप्ता, गंगा साहू, शर्मा बानो, महेश यादव, दयावान देवांगन, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने किया।

# असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के सदस्य ने किया ध्वजारोहण

**राजनांदगांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य वीरेंद्र चौहान द्वारा विगत 15 अगस्त को गुरु घासीदास पूर्व माध्यमिक शाला बाबू टोला जिला राजनांदगांव में ध्वजारोहण कर बच्चों के साथ मिठाई एवं फल वितरण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया द्य ज्ञात हो कि वीरेंद्र चौहान गुरु घासीदास पूर्व माध्यमिक शाला बाबू टोला में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित हुए जहां उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है आदरणीय आर एल काडे द्वारा विगत 27 वर्षों से यह पूर्व माध्यमिक शाला का संचालन करते हुए यहां बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है बच्चों को शिक्षा देने के क्षेत्र में यह अपने आप में एक सरहनी पहल है क्योंकि प्राथमिक शाला में सभी क्लास के बच्चों को शिक्षा दे रहे शिक्षकों का मानदेय स्कूल भवन का देखरेख एवं स्कूल संचालन से संबंधित विभिन्न खर्चों के बावजूद यह स्कूल प्रबंधन द्वारा निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है स्कूल के प्रबंधक एवं अन्य शिक्षकों से दी गई जानकारी के अनुसार आज तक इस स्कूल को किसी भी प्रकार की शासकीय योजना का लाभ अथवा प्रोत्साहन राशि नहीं प्रदान की गई है इस संबंध में वीरेंद्र चौहान द्वारा कहा गया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय भूपेश बघेल जी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आत्मानंद स्कूल एवं विभिन्न योजनाएं संचालित हो रही है जो इस बात का प्रतीक है कि आदरणीय मुख्यमंत्री जी शिक्षा के क्षेत्र में कितने संवेदनशील हैं जल्द से जल्द इस स्कूल को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री जी से निवेदन किया जाएगा। वीरेंद्र चौहान द्वारा शाला विकास समिति को ? 5100 की नगद राशि प्रदान की गई है तथा शाला के विकास का आश्वासन दिया गया



इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक प्रधान पाठक एवं अन्य शिक्षक गण के अलावा वीरेंद्र चौहान के साथ कुलदीप कुंरजेकर जी, सत्तू सिंह जी, भोला शर्मा जी, फरमान अली जी, पुरुषोत्तम सिंह, सत्यम सिंह, विक्की पटेल जी, कुमार सिंह चंदेल, पार्थ चौहान, आयांश करंजेकर, आदि मौजूद रहे।

उक्त दिशा में पहल करते हुए वीरेंद्र चौहान द्वारा कल 16 अगस्त को कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं छत्तीसगढ़ माइनिंग डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष गिरीश देवांगन जी के के लोधी समाज द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में प्रवास के दौरान उक्त स्कूल की व्यवस्था के बारे में अवगत कराया गया इसके संबंध में देवांगन जी द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द इस स्कूल को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा एवं मध्यान भोजन भी प्रारंभ कराया जाएगा।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित



**बेमेतरा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल परेड ग्राउण्ड बेमेतरा में माननीय मुख्य अतिथि महोदयरविन्द्र चौबे, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री छ.ग. शासन के द्वारा संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ माननीयगुरूदयाल सिंह बंजारे, विधायक बेमेतरा माननीयआशीष छाबडा एवं जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारीपदुम सिंह एल्मा (भा.प्र.से.) एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) व जिले के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बेमेतरा पुलिस के अधि./कर्मचारियों निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, सउनि विष्णु सप्रे, प्रधान आरक्षक ऐश्वर्य सिंह क्षत्री, रामेश्वर मांडले, विजय शुक्ला, आरक्षक पुकेश्वर दिल्लीवार, रतन श्रीवास, महिला आरक्षक निकिता वैष्णव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# स्वामी आत्मानंद शा अंग्रेजी माध्य. विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस संपन्न

**डोंगरगढ़,** 18 अगस्त। 77वें स्वतंत्रता दिवस स्वामी आत्मानंद शा अंग्रेजी माध्य. विद्यालय डोंगरगढ में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अवसर पर शाला परिसर में शाला के प्राचार्य वाय. एस. राव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। शाला के मुख्य द्वार पर शिशुपाल भारती अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के द्वारा विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल, विधायक प्रतिनिधि एडविन हैदर रामजी तराने रिम्मी भाटिया की उपस्थिति में ध्वजारोहण के बाद प्राचार्य सहित उपस्थित समस्त अतिथियों ने शहीद स्मारक पर शहीदों के तैलचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। ध्वजारोहण -उपरांत टी. के. वर्मा एवं श्री तरुण साहू के नेतृत्व में एन.सी.सी. एन.एस.एस स्काउट गाइड रेडकास के साथ ही शाला के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। तत्पश्चात विधायक भुनेश्वर बघेल व शिशुपाल भारती ने शहीदों को नमन करते हुए आजादी की - महत्ता बताई। शाला को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री सुदेश मेश्राम अध्यक्ष न.पा.परिषद डोंगरगढ श्री अनिल मेश्राम, श्रीमती सध्या देशपांडे, श्री आशीष सिंह, श्री हरीश भंडारी, श्रीमती नलिनी मेश्राम, श्रीमती किरण मेश्राम, श्रीमती रेखा खोब्रागढे श्री इंदरपाल सिंह राजा श्री गणेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पालकगण यशाला परिवार सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का संचालन श्री देवेश कुमार वर्मा एवं सुश्री दिव्या देवांगन द्वारा किया गया तथा प्राचार्य श्री वाय. एस. राव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। अतिथियों की उपस्थिति में शाला में आयोजित नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को विधायक द्वारा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसकी अतिथियों द्वारा काफी सराहना की गई।



# सरकार की योजना का लाभ उठा रहे सभी वर्ग के लोग : मंडावी



**मानपुर,** 18 अगस्त। मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी गंवई बइठका के माध्यम से मानपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेड़गांव के आश्रित ग्राम हिड़कोटोला पहुँचे जहां गंवई बइठका के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से शासन के योजनाओं पर विस्तार से गोठ बात किया उन्होंने ग्रामीणों की बातों को भी गंभीरता से सुना, ग्रामीणों ने बइठका के माध्यम से विधायक को बताया कि वे सभी छत्तीसगढ़ शासन के योजनाओं का लाभ ले रहे है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना का लाभ ले रहे है। बैगा, गुनिया, सिरहा को 7000 की राशि मिल रहा है, सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीण उठा रहे है। विधायक ने कहा कि छग सरकार द्वारा 2660 रुपए में धान खरीदी किया जा रहा है साथ ही 65 प्रकार के लघु वनोपज की समर्थन पर खरीदी की जा रही है। मोटे अनाज के तौर में कोदो, कुटकी, मड़िया, रागी को समर्थन मूल्य में खरीदने वाला छग पहली राज्य है। ग्रामीणों के इस दौरान विधायक से सीसी रोड, स्कूल आहता, आंगनबाड़ी नवीन भवन निर्माण का मांग किया। इस अवसर पर महामंत्री राजेंद्र जुरेशिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लच्छू राम साबले, जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, मंडी अध्यक्ष अवध चुरेंद्र, कुमार कोरेटी, जवाहर बोगा, अजीत खान, दशरथ हिड़को, नेहरू हिड़को, धरम लाल हिड़को, सोनू राम, हिड़को, आशाराम, राधेश्याम पटेल, बीर सिंह, असारो बाई, राजा राम हिड़को, सिरमो बाई तुलावी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## निधन

### रूपनारायण सिंह



**भिलाईनगर,** 18 अगस्त। भूतपूर्व सैनिक भिलाई इस्पात संयंत्र के फायर ब्रिगेड से सेवानिवृत्त मकान नंबर 1/ए, सडक-1, सेक्टर-2 निवासी रूप नारायण सिंह का 17 अगस्त की रात्रि 8. 30 बजे उपचार के दौरान रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 19 अगस्त को सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में होगा वे भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मी प्रदीप कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह के पिता थे। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

### पलक सांखला



**रायपुर,** 18 अगस्त। भैरव सोसाइटी, रायपुर निवासी अशोक सांखला की धर्मपत्नी श्रीमती पलक सांखला उम्र 48 वर्ष का निधन शुक्रवार 18 अगस्त को सुबह 10.30 बजे हो गया। वे लक्ष्य, योत्सी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया।

### श्यामरतन पटेल



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 18 अगस्त। ग्राम अमेरा निवासी श्यामरतन पटेल का निधन शुक्रवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन ग्रामवासीयों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे कचराबाई के पुत्र, रामरतन, रामकुमार के भैया, भरत, रामप्रसाद के पिता थे।

### मनोहर लाल पारवानी



**बलौदाबाजार,** 18 अगस्त। शहर के सिंधी कालोनी नहर पारा निवासी मनोहर लाल पारवानी 64 वर्ष पिता स्व. लोकूमल का शुक्रवार को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भोपत राम व गोपाल दास के छोटे भाई तथा सुरेश, रवि के पिता थे।

### श्रीमती नगीना बाई साहू



**महासमुंद,** 18 अगस्त। स्थानीय पिटियाझर निवासी 85 वर्षीय श्रीमती नगीना बाई साहू का गुरुवार की रात 11 बजे निधन हो गया। वे लेखराम साहू की माता थी। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# झिरिया में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बेमेतरा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। को पूरा देश आजादी का 77 वां वर्षगांठ मना रहा है इसी क्रम में ग्राम पंचायत झिरिया में भी बड़े ही धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें सरपंचराम विशाल मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत भवन, स्कूल प्रांगण का ध्वजारोहण कर समस्त ग्राम पंचायत वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। जिसमे प्रमुख रूप से उपसरपंच अश्वनी साहू, पंच -ताराचंद पाल, हेमंत साहू, मंजू साहू, रोहणी साहू, झुनिया साहू, प्रेम साहू, इंदिरा बाई यदु, रामायण पाटिल, प्रेम सिंग गोड़, सचिव विनोद दिवाकर, शाला समिति के अध्यक्ष गयाराम पाल, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर को विधायक बघेल ने पत्र लिख विद्युत समस्या को दुरुस्त कराने की रखी मांग



**डोंगरगढ़,** 18 अगस्त। क्षेत्र में लगभग 1 सप्ताह से हो रही विद्युत लो वोल्टेज सप्लाई बंद की समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक व अनुसूचित जाति प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर शोभाराम बघेल ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर समस्या निराकरण कराने का आग्रह किया है। विधायक श्री बघेल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1 सप्ताह से विद्युत आपूर्ति की समस्या बनी हुई है जिसके चलते क्षेत्र की जनता को विद्युत की लो वोल्टेज सहित विद्युत कटौती की समस्या की समस्या होने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों को खेतों में पानी देने पंप चलाने के लिए भी दिक्कतों हो रही है। जिला राजनांदगांव/खैरागढ़ छुईखदान गंडई कलेक्टर से विधायक श्री बघेल ने अपने निजी सहायक रामजी साहू व कार्यकर्ता शिवानंद यादव सहित अन्य के माध्यम से पत्र भेज क्षेत्र की विद्युत कटौती की समस्या को प्राथमिकता में रखते क्षेत्र में हो रही विद्युत की समस्या को दुरुस्त कराने का आग्रह किया है तथा संबंधित विभाग को विद्युत कटौती रोकने हेतु तत्काल निर्देशित फोन पर चर्चा की गई है।

# भाजपा ने लालटेन लेकर विद्युत कटौती का किया विरोध, समस्या दूर करने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़,** 18 अगस्त। क्षेत्र में विगत महीने भर से हो रही विद्युत कटौती से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके विरोध में ग्रामीण भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ग्राम ढारा स्थित विद्युत विभाग पहुंच अनोखा प्रदर्शन किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग कार्यालय पहुँच लालटेन लेकर विद्युत कटौती का विरोध किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सोप जल्द ही समस्या का निराकरण करने की मांग की है। जिसमे विधानसभा प्रभारी अजय तिवारी जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मगे सुरेंद्र सिंह बन्नोआना तुलसी मिश्रा शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन ग्रामीण अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम महामंत्री लखन जंघेल अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र गेन्ड्रे जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर नपा नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा शहर युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ग्रामीण अध्यक्ष राघवेंद्र वर्मा नागेंद्र परिहार हेमिन लाउतरे प्रेमलाल वर्मा हेमकुमार साहू मानिक सेन जयंत साहू, हिमांशु सेन, मनीष चक्रवर्ती, डिंपी महापात्र, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। ज्ञापन में बताया कि लगभग एक दो महीनो से 4 - 5 घण्टे बिजली कटौती की जा रही है। जो कि दिनांक 14.08.2023 को अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन दिये थे तो 2 - 3 दिन मे पूरी बिजली देने का आश्वासन मिला था जो अभी तक इस समस्या का समाधान नही किया गया है और पूरा डोंगरगढ़ ग्रामीण क्षेत्र मे अभी भी बिजली कटौती की जा रही है जिससे आम जनता व किसान बहुत परेशान है। अगर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान नही किया गया तो आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी विद्युत विभाग के खिलाफ विद्रोह प्रदर्शन करेगी जिसके लिये शासन प्रशासन स्वयं जिम्मेदार रहेगी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### फ्लाईओवर के नीचे आधे से ज्यादा...

जी रोड से रेवाड़ीह तक, क्रिश्चियन हॉस्पिटल से पेंडी तक, रायपुर नाका से बाईपास चौक तक, नदांई नाका से सिदंई चौक तक, चिरवली चौक से गठुल नाला तक अग्रवाल पेट्रोल पंप से नदांई चौक तक सिदंई से मोहड तक अटल आवास पेंडी, तथा अटल बिहार कॉलोनी तक लगे सेंटरलाइट बंद पड़े हुए हैं। दूसरी तरफ फ्लाई ओवर के नीचे महावीर चौक से पुराना बस स्टैंड तक जहां पर मुसाफिर भी रात्रि विश्राम करते हैं बड़े मात्रा में है जहां घटना दुर्घटना की संभावना बना है ऐसे स्थानों पर भी निगम प्रशासन लाइट बनवाने के बजाय हाथ में हाथ धरे बैठे हैं। कुंभकरण की नींद में सोई हुई निगम प्रशासन को जगाने के लिए अनुरोध है कि निगम आयुक्त रात्रि में एक बार शहर का आउटर क्षेत्र फ्लाई के नीचे भ्रमण कर देख ले इससे शहर की समस्याओं के पता चल जाएगा। वर्मा ने कहा कि निगम प्रशासन इस बात को संज्ञान में लेते हुए इस पर तत्काल पहल करें।

### लो ओल्टेज एवं अघोषित बिजली कटौती...

ठीक नहीं किया गया, तो अगले सप्ताह क्षेत्र के 20 गांव के किसानों के साथ डोंगरगढ़ नागपुर सड़क पर चक्काजाम करेंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन और बिजली विभाग की होगी। हे। जिसमे भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा, पूर्व सरपंच देवेन्द्र कुमार साहु, रामाधार ओझा, राजकुमार ताम्रकार, घनश्याम वैष्णव, कुशल साहु, अवध राम साहु, टेकचंद अग्रवाल, संतोष धरमगुड़े, पुरानिक साहु, संतोष बंजारे, जितेन्द्र सिन्हा, लखन साहु, चुन्नी पढ़ारे, उत्तम कुमार, योगेश कुमार, गणेश साहु, बित्तू लाल सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# प्राइमरी में छत्तीसगढ़ी एक विषय के रूप में सराहनीय कदम

**भाटापारा,** 18 अगस्त। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक अजय अमृतांशु ने मुख्यमंत्री के द्वारा छत्तीसगढ़ी को आगामी सत्र से कक्षा पहली से पांचवी तक एक विषय के रूप में पढ़ाये जाने की घोषणा का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ी भाषा और भी समृद्ध होगी। विदित हो कि छत्तीसगढ़ी भाषा को एक विषय के रूप में लागू करने की मांग कई वर्षों से चली आ रही थी। समय-समय पर साहित्यकारों ने इसके लिए कई बार शासन से गुहार लगाई थी।

राजकाज की भाषा भी बने छत्तीसगढ़ी

अजय अमृतांशु ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि छत्तीसगढ़ी को राजकाज की भाषा बनाई जाए। चूंकि सन 2007 से ही छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा मिल चुका है, लेकिन आज पर्यंत छत्तीसगढ़ी राजकाज की भाषा नहीं बन पाई है। इसके कारण शासकीय कार्यालयों, मंत्रालयों एवं विधानसभा में भी कार्यवाही हिंदी में ही की जा रही है। राजकाज की भाषा बन जाने से इन सभी जगहों पर छत्तीसगढ़ी में काम काज होंगे।

**छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी सम्मान स्वागतेय**

15 अगस्त के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी सम्मान की घोषणा की है जिसके तहत तीन सम्मान दिए जाएंगे - 1 आंचलिक साहित्य के लिए, 2- हिंदी में पद्य साहित्य 3. हिंदी में गद्य साहित्य के लिए। उपरोक्त तीनों सम्मान के लिए पांच-पांच लाख रुपए की सम्मान राशि साहित्यकारों को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए अजय अमृतांशु ने कहा कि निश्चित रूप से इससे साहित्यकारों को उचित सम्मान मिलेगा तथा उत्कृष्ट साहित्य का सृजन भी होगा। मुख्यमंत्री की घोषणा ने साहित्यकारों के लिए संजीवनी का काम किया है।

# आवारा पशुओं को विस्थापित करने आज विशेष महाअभियान

**राजनांदगांव,** 18 अगस्त। कलेक्टर डोमन सिंह ने 19 अगस्त को आवारा पशुओं को विस्थापित के लिए विशेष महाअभियान की तैयारियों के संबंध में कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में पशुधन विकास विभाग, अनुविभाग राजस्व, जनपद पंचायतों के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में पशुओं के कारण दुर्घटनाजन्य सड़कों का चिन्हांकन करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्ग में पशुओं के कारण दुर्घटना हो रही हैं। इसके लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने इसकी रोकथाम के लिए आवारा पशुओं को कांजी हाउस में विस्थापित करने, रेडियम बेल्ट एवं रेडियम पेंट लगाने तथा टैगिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में आवारा पशुओं को विस्थापित करने 19 अगस्त को विशेष महाअभियान चलाया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। विशेष महाअभियान के अंतर्गत पशु मालिकों एवं चरवाहों की बैठक आयोजित कर उन्हें पशुओं को सड़कों पर नहीं छोडने की समझाईश देने कहा। इसके लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराने के निर्देश दिए। बैठक में पशुधन विभाग के अधिकारियों, पशु मित्र, पशु सखी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, कोटवारों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के मवेशियों के कारण होने वाले दुर्घटनाजन्य सड़कों का चिन्हांकन कर पालतू एवं आवारा मवेशियों के मालिकों पर जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मवेशियों को पकड़कर रेडियम बेल्ट लगाएं, टैगिंग करें और उन्हें कांजी हाउस में विस्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु मालिकों पर जुर्माना, वसूली एवं पशु नीलामी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सड़क यात्रीगण, जनसामान्य से चिन्हांकित सड़कों पर पशुओं के आने से संबंधित प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम श्री अरूण वर्मा, उप संचालक पशुधन विकास डॉ. अनूप चटर्जी, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा, पशु चिकित्सा सहायक सर्जन डॉ. प्रियंका साव सहित पशुधन विभाग के अधिकारी, डॉक्टर उपस्थित थे। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी विकासखंडों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ, पशुधन विकास विभाग के अधिकारी जुड़े रहे।



उल्टा पुल्टा

एक बार सोनू लगातार 4 दिनों से स्कूल में देर से आने पर मैडम ने कहा, तुम इतना लेट स्कूल क्यों आते हो?
सोनू-मैडम, आप मेरी इतनी चिंता मत किया करें बच्चे गलत समझते हैं!

# संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री ने लोगों को संकल्प दिलाया

## कहा- सांप्रदायिक, जातिवादी ताकतों को हराने व सामाजिक समरसता व भाईचारा बनाए रखने पूरी ऊर्जा के साथ काम करूंगा

**धमतरी,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस का संकल्प शिविर 18 अगस्त को धमतरी जिले के तीनों विधानसभा नगरी, धमतरी एवं कुरूद में आयोजित किया गया। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संकल्प शिविर में पहुंचे। सबसे पहले हेलीकॉप्टर से मुख्यमंत्री नगरी पहुंचे जहां पर संकल्प शिविर में लोगों को संबोधित किया। बारिश तेज होने की वजह से वहां से सड़क मार्ग से धमतरी पहुंचे जहां पर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उनका स्वागत किया।



समय अधिक होने की वजह से सीधे भूपेश बघेल उद्बोधन के लिए पहुंच गए। उन्होंने कहा कि यहां के मतदाता जागरूक हैं और कुछ साथी ओवरचार्ज भी हो गए हैं। भाजपा ने उम्मीदवार की घोषणा शुरू कर दी है कांग्रेस में भी 17 अगस्त से आवेदन देना शुरू हो चुका है। आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है ब्लॉक स्तर पर आकर अध्यक्ष को अपना आवेदन देना है। जिसे जिला फिर प्रदेश में फॉरवर्ड किया जाएगा। अपने उद्बोधन में उन्होंने सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि देश में मंदी हो सकता है लेकिन छत्तीसगढ़ में नहीं। सरकार हर परिस्थिति में खड़ी रही है। आम जनता के जेब में पैसा डालने का काम हमारी सरकार ने किया है।

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में सबसे पहले भाजपा के टिकट वितरण पर कहा कि पूर्व गृह मंत्री की टिकट कट गई, ओपी चौधरी भी बड़ी उम्मीद में से उनकी भी टिकट कट गई है। विक्रांत सिंह रमन सिंह के रिश्तेदार हैं उनके नेता परिवारवाद का विरोध करते हैं इससे रमन सिंह की टिकट अब खतरे में है। भाजपा हिंसा और नफरत की बात करती है वह हमेशा लड़ाने का ही काम करती है। आज मणिपुर जल रहा है नफरत फैलाने वालों को सबक सिखाना है। संकल्प लेना है कि चाहे मोदी आ जाए या अमित शाह सब का डटकर सामना करना है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राजिम भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने वरिष्ठ नेताओं से लिया आशीर्वाद



**राजिम,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा संगठन द्वारा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद राजीव नगर में राजनीतिक माहौल बदल गया है. भाजपा प्रत्याशी द्वारा रोहित के समर्थक प्रात: से ही मैं बधाई देने पहुंचने लगे हैं. आजकल आता श्रीसाहू राजीव लोचन मंदिर कुलेश्वर महादेव के दर्शन कराएं अपने ग्रह ग्राम सेम्हरतरा पिपरछेड़ी गए. जहां उन्होंने अपने माता-पिता बजरंगबली का चरण वंदन कर अपने समाज समर्थकों से मिलने मिलते हुए दोपहर रायपुर भाजपा कार्यालय पहुंचे. जहां वे डॉ रमन सिंह, अजय चंद्राकर, संगठन महामंत्री पवन साय, बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, चंदूलाल साहू, रामकुमार साहू, रेखा सोनकर एवम् समस्त महिला मोर्चा कार्यकर्ताओ से मुलाकात की और वरिष्ठ नेताओ से आशीर्वाद लिया। श्रीसाहू के साथ जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, बोधन साहू, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन, मनीष हरित, राजू साहू, रिकेश साहू, किशोर साहू थे.

# भाजपा के घोटाले का कांग्रेस जांच कराकर निवेशकों को दिला रही न्याय: राशि

**महासमुंद,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले मामले में शासन को दूसरी बड़ी सफलता के रूप में बैंक को 50 लाख रुपए की मिली वापसी पर महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने हर्ष जताया है। श्रीमती महिलांग ने कहा कि भाजपा शासनकाल में राजधानी रायपुर में हुए प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले के मामले में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने फाइल खुलाकर निवेशकों को न्याय दिलाने और अपनी घोषणा को पूरा किया है। सप्ताहभर के भीतर ही बैंक के खाते में 50 लाख रुपए की वापसी हुई है जो सरकार की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अब तक बैंक को साढ़े 78 लाख रुपए की वापसी हो चुकी है। गणपति स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने जांच के बाद बैंक के खाते में 50 लाख रुपए जमा कराया है। इससे पूर्व नर्मदा इंफोटेक एंड विधुत प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने बीते 11 अगस्त को बैंक के नाम साढ़े 28 लाख रुपए का चेक जारी किया था। श्रीमती महिलांग ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा कराई जा रही इस जांच से घोटालेबाज भाजपा नेताओं का भ्रष्टाचारी >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले मामले में 50 लाख की वापसी, सप्ताहभर में दूसरी बड़ी सफलता**

# नया चेहरा और नगर प्रत्याशी की थी नगरवासियों की मांग, भाजपा ने दिया नया चेहरा

**नवापारा-राजिम,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा द्वारा प्रत्याशी घोषित करने के बाद नगर में राजनीतिक चर्चाएं प्रारंभ हो गई है इस बार भाजपा ने इंद्र कुमार साहू को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद नगर में चर्चा जोरो से होने लगी है भाजपा ने गोबरा नयापारा के नगर वासियों को फिर छला है अगर नगर के प्रत्याशी चयन किया जाता तो नगर के लोग शायद एक तरफा वोट भाजपा को देते और प्रत्याशी को विजयी बनाते। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव में हार जीत का फैसला गोबरा नवापारा के मतदाताओं पर ही निर्भर होता है अब देखो मतदान के दौरान क्या समीकरण बनता है इस चुनाव में नगर वासियों ने स्थानीय व्यक्ति और नए चेहरे की मांग की थी मगर एक मांग भाजपा ने मान ली और जनता की मांग पर भाजपा ने नया चेहरा दे दिया है अब जनता इसे कितना स्वीकार करती है यह तो मतदान के बाद ही मालूम चलेगा।

**कांग्रेस क्या देती है, इसका नगर वासियों को रहेगा इंतजार**

**भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का फैसला क्षेत्र के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को शिरोधार्य : विजय गोयल**



नगर पालिका गोबरा नवापारा के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने एक चर्चा के दौरान बताया कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा ग्राम पंचायत बेंद्री के सरपंच इंद्रकुमार साहू को प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जो फैसला किया है, उसे क्षेत्र के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को शिरोधार्य करना चाहिए। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने हर तरह के सर्वे और मापदंड में खरा पाये जाने के बाद ही इंद्रकुमार साहू को प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा के प्रत्येक सिपाही का एक ही लक्ष्य है, अभनपुर क्षेत्र में कमल खिलाना, और यह केवल तभी संभव है जब हम सब एकजुट होकर पूरी इमानदारी से इंद्रकुमार साहू को स्वीकार कर उनके पक्ष में काम करें। उन्होने आगे कहा कि मै ऐसे लोगों से अपील करना चाहता हूं कि भाजपा ने एक सीधे-सादे किसान पुत्र पर भरोसा जताया है और हमें भी भाजपा के भरोसे को कायम रखते हुए इंद्रकुमार साहू को विजयी बनाना होगा। मुझे पूरा यकीन है कि विधायक बनने के बाद इंद्रकुमार साहू नवापारा नगर में अपेक्षित विकास करेंगे। अंत में श्री गोयल ने कहा कि इंद्रकुमार साहू के प्रत्याशी घोषित होने के बाद वर्तमान कांग्रेस विधायक के समर्थक, भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में फूट डालने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों से मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेसी चाहे जितना भी प्रयास कर लें, अंग्रेजों की तरह उनकी फूट डालो और राज करो की नीति को भाजपाइयों के साथ-साथ अभनपुर क्षेत्र की जागरूक जनता भी विफल कर देगी। इस बार अभनपुर क्षेत्र में कमल खिलकर रहेगा।

# श्री सीमेन्ट प्लांट में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**बलौदाबाजार,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। श्री सीमेन्ट प्लांट बलौदाबाजार में गरिमामय तरीके से स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। प्रात: 9:00 बजे ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान एवं मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में कम्पनी के कर्मचारी, श्रमिक, यूनियन पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



क्लस्टर हेड मनोज कुमार श्रीवास्तव ने समारोह में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी को स्वतंर्तता दिवस की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात् उन्होंने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों से अपने समाज और देश की एकता और अखण्डता को अक्षुण बनाये रखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन के साथ एकजुट होकर कार्य करने से ही हमारे संस्थान और देश का विकास तीव्र गति से हो रहा है। संस्थान को सहयोग प्रदान करने हेतु उन्होंने शासन-प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं यूनियन पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने संस्थान के क्षमता विस्तार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी साझा की और कहा की हम सभी को पूरी लगन व मेहनत के साथ काम करते हुए क्षमता विस्तार के लक्ष्य को प्राप्त करना होगा। उन्होंने पूर्ण विश्वास के साथ कहा कि शीर्ष प्रबंधन के मार्गदर्शन में हम सभी एक जूट होकर कार्य करें तो कम्पनी को नई ऊँचाईयों तक पहुँचा सकते है।

इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष रवि तिवारी, ने भी उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया एवं सभी से देश की प्रगति हेतु आगे बढ़कर काम करने का आह्वान किया। उन्होंनें आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले देशभक्तों को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र को एकजुट होकर प्रगति के मार्ग पर ले जाना ही देशभक्तों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंनें संयंत्र >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कसडोल में बिलाईगढ़ विधायक कार्यालय का शुभारंभ

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय के द्वारा शुक्रवार को नगर कसडोल में बिलाईगढ़ विधायक कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक समेत क्षेत्र के कांग्रेस नेतागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



बता दें कि बिलाईगढ़ विधानसभा में कसडोल ब्लॉक के 71 पंचायत भी शामिल है। इन ग्राम पंचायतों के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए नगर पंचायत कसडोल के पीछे में विधायक कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। बता दें कि सप्ताह में दो से तीन दिन बिलाईगढ़ विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्र देव राय कसडोल के विधायक कार्यालय में उपस्थित होकर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान भी करेंगे।




## आज गंगा आरती में शामिल होंगे संसदीय सचिव

**महासमुंद,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। बम्हनी से सिरपुर जाने वाले कांवरियों के लिए बम्हनी स्थित श्वेतगंगा में भोजन प्रसादी की व्यवस्था श्वेतगंगा आरती आयोजन समिति द्वारा किया गया है। यहां प्रतिदिन सावन माह में मां गंगा की संगीतमय आरती की जा रही है। शनिवार को होने वाले गंगा आरती में मुख्य जजमान के रूप में संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए समिति के रामेश्वर वैष्णव, खिलावन यादव, गोपाल साहू, भुवन साहू ने बताया कि कांवरियों की सेवा के साथ भजन संध्या का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें आरबी म्युजिकल ग्रुप द्वारा भजन-संध्या की प्रस्तुति की जाएगी। समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से भजन-संध्या में शामिल होने की अपील की है।

## सरसों के तेल से हुआ गंधेश्वरनाथ का अभिषेक, भव्य गंगा आरती 27 को

**महासमुंद,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव का शुक्रवार को सरसों के तेल व दुग्ध से अभिषेक किया गया। जानकारी देते हुए पुजारी अमन धर्मेन्द्रगिरि गोस्वामी ने बताया कि शनिवार को 3 लीटर सरसों के तेल से पुन: अभिषेक किया जाएगा। इसी तरह सोमवार को कपुरयुक्त जल से बाबा गंधेश्वरनाथ का रूद्राभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां श्रावणी पूजा प्रतिदिन दोपहर में की जा रही है। अधिमास के बाद श्रावण माह का अंतिम पखवाड़ा शुरू हो गया हैअब दो सोमवार में भक्तों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसी तरह यहां 25 अगस्त को सहस्त्रजलधारा अभिषेक बोलबम सेवा समिति द्वारा किया जाएगा। मुख्य जजमान जिपं सभापति अमर अरूण चंद्राकर होंगे। इसी तरह 27 अगस्त रविवार को शाम साढ़े 6 बजे भव्य चित्रोत्पला गंगा आरती किया जाएगा।



# शा. उमावि बरपानी में स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल बरपानी गीत का विमोचन



**बिलाईगढ़** 18 अगस्त (देशबन्धु)। शा. उमावि बरपानी में स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल बरपानी गीत का हुआ विमोचन स्वतंत्रता दिवस पावन पर्व में स्कूल प्रांगण को शिक्षकों और विद्यार्थियों के सहयोग से तोरण से सजाया गया। प्रात: प्रभातफेरी में भारतमाता की वेशभूषा में विद्यार्थी को तैयार किया गया इस दिवस हेतु बच्चों की उत्सुकता देखते ही बनती है। बरपानी स्कूल पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम संस्था बरपानी पर के संयुक्त रूप से आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में प्राचार्य रघुनन्दन पटेल ने भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी, सरस्वती मां की पूजा-अर्चना के पश्चात झंडा तोलन कर झंडा सलामी के साथ ही राष्ट्रगान गाया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालते व नारा लगाते हुए ग्राम पंचायत बरपानी में सरपंच रेशमलाल मैत्री जी व आगनबाड़ी बरपानी में निर्मल सिंह ठाकुर जी के द्वारा झंडा फहराया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने उमंग व पुरे जोश के साथ पुरे ग्राम बरपानी का नारे व जयकारा लगाते हुए भ्रमण किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति व छत्तीगड़ी लोकनृत्य पर नृत्य प्रस्तुत किया.

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर जिला बलौबाजार से छ. ग. के संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय जी ने बरपानी स्कूल के गीत च्आओ आओ पढ़े ल स्कूल बना लो अपन जिंदगानी 7 नाम रौशन करौ मां बाप के चलो पढ़े स्कूल बरपानी 77 का विमोचन किया जिसे आप यूट्यूब के चैनल 7000 पर सुन सकते है जिसे छ. ग. के मशहूर सिंगर कंचन जोशी, दीपक साहू व रोहितानंद सागर ने अपनी सुमधुर आवाज़ से संजोया है।

इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष सिंह ठाकुर, सरपंच रेशमलाल मैत्री, उपसरपंच निर्मल सिंह ठाकुर, भूतपूर्व सरपंच यमलदास बर्मन, सचिव ललित पारेश्वर बाबूलाल नायक, अदालत सिंह नेताम, दयाराम साव, नरेश, गुणसागर नायक सहित समस्त पंच शाला विकास समिति के समस्त सदस्य संस्था के भूतपूर्व शिक्षक मेला राम श्रेय,शिक्षक व्ही तांदुलाने, के एस ठाकुर,जे के नायक, के के वर्मा,बी एल सिदार,एल एस भोई,संदीप साहू,लोचन पटेल,पवन पटेल, इंद्रा पटेल ,टी सी भोई,विनीता नायक ,सुषमा पटेल, हरीश पारेश्वर,व्ही के नाग, सुखराम बरिहा,मिडिल स्कूल स्टाफ ए के सांड,दीपक नायक,,के बी नायक,दीपक साहू ,द्वारिका चौहान,प्रायमरी स्कूल स्टाफ ,यू एस ठाकुर मैडम, मनीराम मैत्री सुषमा ठाकुर के साथ ही बड़ी संख्या में गांव व आसपास गांव के नागरिक मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया व कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी लोगो का प्राचार्य आर. एन. पटेल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अभनपुर विस क्षेत्र के लिए प्रत्याशी घोषित कर भाजपा ने चौंका दिया

**नवापारा-राजिम,** 18 अगस्त (देशबंधु)। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने अचानक छत्तीसगढ़ में 21 प्रत्याशियों की घोषणा कर सबको चौका दिया आश्चर्य उस समय हुआ जब हमेशा विवाद में रहने वाला अभनपुर और राजिम विधानसभा की भी घोषणा कर दी गई। अभनपुर से इन्द्रकुमार साहू जो ग्राम बेन्द्री मे दो बार के सरपंच है उन्हे चुनाव के तीन महिने से भी अधिक समय पूर्व भाजपा आलाकमान ने फैसला लेकर राजनीतिक महकमा को अचरज में डाल दिया. देखना यह है कि क्षेत्र में पिछले चार वर्षा से भाजपा और कांग्रेस दोनों खेमा में नए चेहरा की चर्चा हो रही थी उसे भाजपा आलाकमान ने अमलीजामा पहनाकर सबको चौंका दिया । अब कांग्रेस नया चेहरा लेकर आती है या पुराना चेहरा रिपीट करती है।




### धनेंद्र साहू दूसरी बार हैट्रिक लगाएंगे या नया चेहरा मैदान में उतारेंगे

बहरहाल ऐसा कुछ नहीं लग रहा है क्योंकि 1993 से लगातार एक चुनाव 1990 को छोंड़ दे तो 2003 तक वर्तमान विधायक धनेन्द्र साहू अपनी जीत दर्ज करा हैट्रीक लगाए थे 2008 में चन्द्रशेखर से हार कर फिर दो बार 2013 एवं 2018 मे चुनकर आए. तो क्या इस बार भी दोबारा हैट्रीक बनाने की तैयारी मे हैं या फिर नये प्रत्याशी के सामने अपने पुत्र को लाकर राजनीतिक मार्ग प्रशस्त करेंगे. वैसे एक नजर यहाँ के पूर्व प्रत्याशी पर दृष्टि डाले तो साहू बाहुल्य क्षेत्र होने का दावा कर दोनों प्रमुख पार्टी से साहू प्रत्याशी ही रहे हैं जबकि 2022 के मतदाता सूची के अनुसार पूरे विधानसभा में साहू लगभग 30 प्रतिशत है शेष अन्य है। विदित हो कि 1962 में पहली बार कांग्रेस से लखन लाल गुप्ता जीते थे तब विपक्ष से कमलनारायण शर्मा थे पर जनसंघ से नहीं थे. 1967 में कांग्रेस से नारायणराव आंबिलकर जीते थे जो साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष थे, जनसंघ से विट्ठलराव मस्के थे. 1972 और 1977 में चैतराम साहू क्रमश: जनसंघ, जनता पार्टी से विजयी हुए थे, कांग्रेस से गुप्ता ही थे. 1980 में कांग्रेस से टेटकू राम साहू जीते थे जबकि जनता पार्टी से रिखीदास वैष्णव बाबाजी थे.

1985 में चन्द्रशेखर साहू भाजपा से इंदिरा लहर के बावजूद कांग्रेस के डॉ. सोमनाथ साहू से विजय प्राप्त कर अविभाजित मध्यप्रदेश जैसे 320 सीट वाले सदन में जागरुक विधायक की उपाधि से विभूषित हुए थे.

1990 में चन्द्रशेखर और धनेन्द्र आपस में फिर टकराए और लगभग 20 हजार मतों से चन्द्रशेखर ने जीत दर्ज की. 1893 में पहली बार कांग्रेस से धनेन्द्र जीते और चन्द्रशेखर हारे. 1998 में दूसरी बार धनेन्द्र जीते और अशोक बजाज भाजपा से हारे इस दौरान चन्द्रशेखर महासमुन्द से सांसद निर्वाचित हो गये थे. 2003 में धनेन्द्र और चन्द्रशेखर फिर आपस में टकराए और महज 227 मत से धनेन्द्र तीसरी बार हैट्रीक लगा विधायक बने. 2008 में चन्द्रशेखर ने फिर जीतकर कृषिमंत्री का दायित्व सम्भाला और प्रदेश सरकार के लिए कृषि कर्मण पुरूष्कार लाया, जबकि धनेन्द्र साहू प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होकर पराजित हुए थे. 2013 और 2018 में ये दोनों आपस में टकराए और दोनों बार धनेन्द्र विजयी हुए. देखना यह है कि भाजपा ने अपना प्रत्याशी उतार दिया है, अब कांग्रेस की बारी है आखिर कौन होगा कांग्रेस प्रत्याशी ?

# कांग्रेस से आलोक मिश्रा ने दावेदारी पेश की



**भाटापारा**, 18 अगस्त। भाटापारा विधानसभा हेतु कांग्रेस प्रत्याशी हेतु वरिष्ठ कांग्रेसी श्रम कल्याण मंडल सदस्य आलोक मिश्रा ने अपने दावेदारी प्रस्तुत की आलोक मिश्रा लगातार पार्षद चुनाव जीतते आये है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व मे अध्यक्ष व नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके है युवा भी है उनकी पूरे भाटापारा क्षेत्र मे बहुत अच्छी छबि भी है उनका शहर भाटापारा व ग्रामीण मे अच्छा जनाधार है पार्टी की टिकट मिलने पर आलोक मिश्रा ने विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।

# भटगांव में शान से फहराया गया तिरंगा

**भटगांव/बलौदाबाजार**, 18 अगस्त (देशबन्धु)। नगर भटगांव में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें सरकारी प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने प्रभात फेरी पूरे नगर में निकाली जो भटगांव के हृदय स्थल गांधी चौक, शीतला चौक, साईं मंदिर चौक होते हुए बस स्टैंड से अपने अपने स्कूलों को वापस हुए। वही प्रभात फेरी में लोटस पब्लिक स्कूल के द्वारा 214फीट लंबे तिरंगा के साथ नगर भ्रमण किया। साथ ही सैकड़ो बच्चों ने भारत माता देशभक्ति व अमर शहीदों के अनेक भेदभूषा में चार ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर झांकी निकाली। साथ ही साथ चंद्रयान-3 का बड़ा माडल तैयार कर नगर वासियों को अपनी ओर आकर्षित किए।



वही कैरियर पॉइंट स्कूल संभावी स्कूल विवेकानंद स्कूल सागर स्कूल दिशा पब्लिक स्कूल सहित शासकीय स्कूलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ देश भक्ति से ओतप्रोत बच्चे दिखाई दिए। कार्यालय नगर पंचायत भटगांव में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नर्मदा अमित कौशिक के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तो वही आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल व लोटस पब्लिक स्कूल में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेश दुबे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। शांभवी पब्लिक स्कूल में व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश कृष्ण कुमार शर्मा करियर प्वाइंट स्कूल में आर डी साहू विवेकानंद स्कूल व साईं पब्लिक स्कूल में मजनू देवांगन और सिविल लाइन स्कूल में पार्षद श्रीमती शीला साहू, कृषि मंडी कार्यालय में ताराचंद देवांगन, सोसाइटी भटगांव में छेदी लाल साहू के द्वारा और सहकारी केंद्रीय बैंक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। बस स्टैंड भटगांव में बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा दमदमा चौक पर ध्वजारोहण किया गया। पूरा नगर में स्वतंत्रता दिवस पर नगर के हर तरफ देशभक्ति के गानें व गली मोहल्ले में प्रभात फेरी बैंड बाजे के साथ देखते रहे। यह सिलसिला लगभग 10 बजे तक चलता रहा। साथ ही साथ पूरा नगर स्वतंत्रता दिवस की जश्न मनाता रहा।

# कांग्रेस से इन्द्र साव ने आवेदन जमा किया



**भाटापारा,** 18 अगस्त। विधान सभा चुनाव के लिए दावेदारी की तिथि निर्धारित होते ही कांग्रेस पार्टी के दावेदारों ने ताल ठोकना शुरु कर दिया है। भाटापारा विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 46 से, छग प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष इन्द्र साव ने विधान सभा दावेदार के रूप में प्रथम आवेदन जमा किया है। इन्द्र साव इसके पूर्व लगातार चार बार सर्वाधिक मतों से पार्षद निर्वाचित हुए, दो बार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे, न. पा. में नेताप्रतिपक्ष, साहू समाज के दो बार निर्वाचित अध्यक्ष रहे साथ ही विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका है। इन्द्र साव की पहचान पार्टी के प्रति समर्पित, निष्ठावान एवं निर्विवाद व्यक्तित्व के रूप में है। इन्द्र साव ने अपनी दावेदारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता ईश्वर सिंह ठाकुर एवं संयुक्त महामंत्री हीरा नामदेव की उपस्थिति में प्रभारी महामंत्री प्रशांत गांधी के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## निधन

### रूपनारायण सिंह



**भिलाईनगर,** 18 अगस्त। भूतपूर्व सैनिक भिलाई इस्पात संयंत्र के फायर ब्रिगेड से सेवानिवृत्त मकान नंबर 1/ए, सडक-1, सेक्टर-2 निवासी रूप नारायण सिंह का 17 अगस्त की रात्रि 8. 30 बजे उपचार के दौरान रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 19 अगस्त को सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में होगा वे भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मी प्रदीप कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह के पिता थे। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

### पलक सांखला




**रायपुर,** 18 अगस्त। भैरव सोसाइटी, रायपुर निवासी अशोक सांखला की धर्मपत्नी श्रीमती पलक सांखला उम्र 48 वर्ष का निधन शुक्रवार 18 अगस्त को सुबह 10.30 बजे हो गया। वे लक्ष्य, योत्सी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया।

### श्यामरतन पटेल



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 18 अगस्त। ग्राम अमेरा निवासी श्यामरतन पटेल का निधन शुक्रवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन ग्रामवासीयों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे कचराबाई के पुत्र, रामरतन, रामकुमार के भैया, भरत, रामप्रसाद के पिता थे।

### मनोहर लाल पारवानी



**बलौदाबाजार,** 18 अगस्त। शहर के सिंधी कालोनी नहर पारा निवासी मनोहर लाल पारवानी 64 वर्ष पिता स्व. लोकूमल का शुक्रवार को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भोपत राम व गोपाल दास के छोटे भाई तथा सुरेश, रवि के पिता थे।

### श्रीमती नगीना बाई साहू



**महासमुंद,** 18 अगस्त। स्थानीय पिटियाझर निवासी 85 वर्षीय श्रीमती नगीना बाई साहू का गुरुवार की रात 11 बजे निधन हो गया। वे लेखराम साहू की माता थी। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# व्यक्ति को शांति व समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र है श्रीमद्भागवत : पं. हरगोपाल

**भाटापारा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। पुरुषोत्तम मास ( श्रावण मास ) के पावन अवसर पर सदर बाजार स्थित जगदम्बा ज्वेलर्स के संचालक कमल कुमार किशन कुमार सोनी के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा भागवत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जैसे नदियों में गंगा,देवताओं में श्रीकृष्ण,वैष्णवों में भगवान शंकर,क्षेत्रों में काशी श्रेष्ठ है वैसे ही पुराणों में श्रीमद भागवत श्रेष्ठ व सर्वोत्तम है इसलिए इसे श्रीमद शब्द से अलंकृत किया गया है । मृत्यु को मंगलमय व काल के भय से मुक्ति दिलाने वाला कोई ग्रंथ है तो वो श्रीमद्भागवत है व्यक्ति को शांति व समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र श्रीमद्भागवत है एक जन्म नही अनन्त जन्मों के पुण्य उदय होते है तो ही भागवत श्रवण में रुचि हो पाती है ।



मनुष्य के लिए कोई परम् धर्म है तो वो है भगवान के चरणों मे प्रीति इसके माध्यम से व्यक्ति नर से नारायण के पद को प्राप्त हो सकता है जैसे ध्रुव जी हुए जिस घर मे सुनीति जैसी माताएं होती है वहां ध्रुव जैसा बालक जन्म लेता है और अपने कुल का उद्धार कर देता है ।

पंडित हरगोपाल शर्मा ने कथा के माध्यम से बताया कि विपत्ति को विपत्ति नही कहते व संपत्ति को संपत्ति नही कहते भगवान को भूल जाना ही विपत्ति और भगवान की याद बनी रहे यही सबसे बड़ी संपत्ति है ।मनुष्य के बिगड़ने के चार साधन प्रमुख है रूप,यौवन,संपत्ति व बड़ा पद विवेक नही होने पर यदि ये चारों किसी के पास है तो वो अधर्मी ही बनेगा । कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए पंडित हरगोपाल शर्मा जी ने बताया कि जब इस धरा पर धर्म की हानि होती है और पाप बढ़ता है तब तब भगवान अपने भक्तों के लिए व इस धरा से पाप व पापियों को मिटाने के लिए अवतरित होते है ।भगवान के जन्मोत्सव की कथा को श्रवण कर उपस्थित श्रोतागण बधाई उत्सव के भजनों पर अपने आपको झूमने व नाचने से नही रोक पाये ।पंडित हरगोपाल जी द्वारा व्यासपीठ से भगवान के सुंदर बाल चरित्र व गिरिराज जी की कथा का सुंदर वाचन किया गया ।

महारास के संदर्भ में उन्होंने बताया कि यह कोई स्त्री पुरुष का मिलन नही यह तो जीव का जगदीश से मिलन था जहां काम का कोई स्थान ही नही था काम को जीतने के लिए ही प्रभु ने रासलीला की और जब काम वहां आया तो भगवान ने उसे आकाश में उल्टा लटका दिया था । शर्मा जी ने उद्धव गोपी संवाद व सुदामा चरित्र को बड़े ही विस्तार से सुनाया जिसे सुन श्रोताओं के नेत्र सजल हो उठे । रुक्मणि मंगल की कथा पर उन्होंने बताया कि रुक्मणि जी ने कभी भगवान को देखा नही था उन्होंने बचपन मे नारद जी से भगवान के सुंदर स्वरूप व स्वभाव के विषय मे सुना था संतो के सानिध्य व सत्संग का प्रभाव ये हुआ कि रुक्मणि जी ने द्वारिकाधीश जी को पति के रूप में प्राप्त किया । रुक्मणि मंगल पर विवाह के सुमधुर भजनों पर उपस्थित श्रोता द्वारिकाधीश के जयकारों के साथ नाचते झूमते रहे । अंत मे उन्होंने समस्त भगवत प्रेमियों से यही निवेदन किया कि जिनका नाम समस्त पापों का नाश करता है जिनको किये गए प्रणाम से सभी दुख शांत हो जाते है ऐसे परमात्मा का मनुष्य को सदा चिंतन व वंदन करते रहना चाहिए ।

# प्राइमरी में छत्तीसगढ़ी एक विषय के रूप में सराहनीय कदम

**भाटापारा,** 18 अगस्त। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक अजय अमृतांशु ने मुख्यमंत्री के द्वारा छत्तीसगढ़ी को आगामी सत्र से कक्षा पहली से पांचवी तक एक विषय के रूप में पढ़ाये जाने की घोषणा का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ी भाषा और भी समृद्ध होगी। विदित हो कि छत्तीसगढ़ी भाषा को एक विषय के रूप में लागू करने की मांग कई वर्षों से चली आ रही थी। समय-समय पर साहित्यकारों ने इसके लिए कई बार शासन से गुहार लगाई थी।



### राजकाज की भाषा भी बने छत्तीसगढ़ी

अजय अमृतांशु ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि छत्तीसगढ़ी को राजकाज की भाषा बनाई जाए। चूंकि सन 2007 से ही छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा मिल चुका है,लेकिन आज पर्यंत छत्तीसगढ़ी राजकाज की भाषा नहीं बन पाई है। इसके कारण शासकीय कार्यालयों,मंत्रालयों एवं विधानसभा में भी कार्यवाही हिंदी में ही की जा रही है।राजकाज की भाषा बन जाने से इन सभी जगहों पर छत्तीसगढ़ी में काम काज होंगे।

### छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी सम्मान स्वागतेय

15 अगस्त के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी सम्मान की घोषणा की है जिसके तहत तीन सम्मान दिए जाएंगे - 1 आंचलिक साहित्य के लिए, 2- हिंदी में पद्य साहित्य 3. हिंदी में गद्य साहित्य के लिए । उपरोक्त तीनों सम्मान के लिए पांच-पांच लाख रुपए की सम्मान राशि साहित्यकारों को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए अजय अमृतांशु ने कहा कि निश्चित रूप से इससे साहित्यकारों को उचित सम्मान मिलेगा तथा उत्कृष्ट साहित्य का सृजन भी होगा। मुख्यमंत्री की घोषणा ने साहित्यकारों के लिए संजीवनी का काम किया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री...

संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री ने लोगों को संकल्प दिलाया कि संप्रदायिक जातिवादी ताकतों को हराने एवं सामाजिक समरसता व भाईचारा बनाए रखने पूरी ऊर्जा के साथ काम करूंगा। मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलूंगा। मैं संकल्प लेता हूं कि कांग्रेस की ओर से जिस व्यक्ति को भी उम्मीदवार बनाया जाएगा उसे ही विजयी बनाने के लिए निष्ठा पूर्वक काम करूंगा।

अंत में उन्होंने मंचासीन कुछ प्रमुख नेताओं के जिंदाबाद के भी नारे लगवाए। मंच पर जिले की प्रभारी मंत्री अनिला भेड़िया, बिरेश ठाकुर, विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, मोहन लालवानी, विपिन साहू, विजय देवांगन, नीशु चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### भाजपा के घोटाले का कांग्रेस...

चेहरा सामने आएगा जो खुद को पाक साफबतातें हैं और उल्टे कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। यह कांग्रेस और भूपेश बघेल की उस चुनावी घोषणाओं में से एक है जिसे भी पूरा करते हुए निवेशकों के वर्षों से जमा पूंजी के वापस लौटने का रास्ता साफहुआ है। भूपेश अपना एक.एक वादा निभा रहें है और भाजपा के नेता उन पर वादाखिलाफी का आरोप लगा रहें है। जांच से उन भाजपा नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है जो इस घोटाले में बराबर के भागीदार जिन्हें भविष्य में होने वाली कार्रवाई का अभी से डर सता रहा है।


### श्री सीमेन्ट प्लांट में हर्षोल्लास...

के उत्तरोत्तर विकास की कामना की और सभी से संयंत्र के विकास व विस्तार के लिए एक जुट होकर अनुशासन व परिश्रम के साथ काम करने आह्वान किया। समारोह में कर्मचारियों, बांगड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं श्री सृजन लेडिज क्लब के द्वारा देश भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसके लिए उन्हें श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, रवि तिवारी एवं लेडिज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती रितु श्रीवास्तव के कर-कमलों से पुरस्कृत भी किया गया।

इस समारोह में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों में मनोज जैन, अनिल कुमार पाठक, संदीप सिंह बिसेन, अमित चौहान, बी.एस. छिपा, राजेन्द्र सिंह सोढा, चेतन कपाही, आनंद नामदेव डॉ संतोष कुमार, बिमल झा, अशोक अग्रवाल, अभिषेक चौहान, शैलेन्द्र राठौड, गजेन्द्र सिंह रघुवंशी, आशीष वर्मा, इन्द्रजीत सिंह, भबतोष दास, अमित गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तबरेज़ एवं धन्यवाद ज्ञापन अक्षय जैन ने किया।

# अजय नंद ने कांग्रेस प्रत्याशी हेतु आवेदन पत्र दिया

**सरायपाली** 18 अगस्त (देशबंधु)प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व चुनाव अभियान समिति के निर्देशानुसार सरायपाली विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 (अजा)से कांग्रेस प्रत्याशी बनाये जाने हेतु आवेदन पत्र दिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व चुनाव अभियान समिति के निर्देशानुसार प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेन्द्र पटेल के नीज निवास अमरकोट में प्रथम आवेदन दिया गया।इसी तरह से शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामनारायण आदित्य को भी आवेदन दिया गया। प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने कांग्रेस पार्टी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में भर कर एवं तीस वर्षों के राजनीतिक सफर का बायोडाटा भी संलग्न कर दिया है।शहर, ग्रामीण अध्यक्षों ने प्रथमिकता क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी को भेजने का भरोसा दिलाया है।आवेदन सौंपने के दौरान कांग्रेस जन उपस्थित थे।



# मातृगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन




**खरोरा,** 18 अगस्त। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्यालय खरोरा में शिशु कक्षा अरूण, उदय कक्षाओं में अध्ययनरत भैया/बहिनों के माताओं का मातृ गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती भारत माता ओम के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा देवी अग्रवाल , विशेष अतिथि श्रीमती रीना अग्रवाल , अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रहे । अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर एवं स्वागत अभिभावक माताओं के द्वारा किया गया। तत्पश्चात शिशुओं के सर्वागिण विकास के लिए माताओं को विद्यालय में आमंत्रित कर विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। प्राचार्य जी ने माताओं के समक्ष चर्चा के रूप संस्कार पक्ष में प्रतिदिन प्रणाम पूजा पाठ स्वच्छ वेश पहनाकर तथा बच्चों के अध्ययन अध्यापन का प्रतिदिन अवलोकन करने को कहा तथा बच्चों को संस्कार वान बनाने में माताओं की सहभागिता अहम भूमिका होती हैं।

# ओड़िसा निर्मित 146 लीटर शराब जप्त

**गरियाबंद,** 18 अगस्त। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के मामले में छापामार कार्यवाही करते हुए दो प्रकरणों में ओड़िसा प्रांत निर्मित कुल 146 लीटर शराब जप्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त देवभोग के अंतर्गत ग्राम झिर्रीपानी, शेम्ला मार्ग थाना देवभोग के पास सूचना के आधार पर अरोपियों को भागते हुए देखकर शेमला मार्ग के किनारे विधिवत तलाशी जांच की जाने पर मार्ग किनारे झाडियों के बीच में अलग-अलग जगह से 520 नग ट्रिपल लाल घोडा छाप एवं 189 डबल लाड घोडा छाप (प्रत्येक में 200-200 एमएल) कुल 141.800 बल्क लीटर उडीसा प्रांत निर्मित हाथभटठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया। आरोपी की पतासाजी किया गया कोई पता नहीं चलने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 34(1) क 34(2) 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार आरोपी वासू गोंड़ के किराया दुकान की विधिवत तलाशी लिए जाने से 7 नग हंटर बीयर उडीसा निर्मित (प्रत्येक में 650-650 एमएल)कुल 4.55 बल्क लीटर शराब जप्त किया गया। आरोपी वासू गोड़ ग्राम दरलीपारा के विरूध्द 34(1) क के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है। इस प्रकार दो प्रकरणों में कुल 146.35 बल्क लीटर मदिरा बरामद हुई। जिसे मौके पर जप्त किया गया।



# ग्राम हरिनभट्ठा के गौठान को मिला जिला में उत्कृष्ट गौठान का पुरस्कार



**15अगस्त को 25 हजार एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

**पलारी,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। पलारी विकास खण्ड के ग्राम हरिनभट्ठा के गौठान जो सरपंच सुकदास बंजारे के कुशल मार्गदर्शन एवं गौठान समिति के लगन से आदर्श गौठान के रूप में विकसित किया गया है। ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा के गौठान को 15अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर बलौदा बाजार में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट गौठान के रूप में सम्मानित करते हुए 25 हजार सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नशा मुक्त आदर्श ग्राम हरिनभट्ठा में राज्य शासन से मंत्री रविन्द्र चौबे कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री के सचिव, केन्द्रीय टीम, खनिज निगम के अध्यक्ष गिरिश देवांगन, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास सहित जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों का दौरा हुआ है। सभी ने हरिनभट्ठा गौठान में संचालित योजनाएं क्रियाकलापों का सराहना कर चूंके है। ग्राम हरिनभट्ठा के गौठान में अभी तक 2020से 5843 चिंटल गोबर खरीदी किया जा चुका है वहीं 2050चिंट वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया गया है, जिसमें से 1840 चिंटल बिक्री हो चुका है180किलो सुपर वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर बिक्री किया गया है। ग्राम हरिनभट्ठा में रिपा प्रोजेक्ट रुरल इंड्रस्ट्रीयल प्रोजेक्ट लगाएं गये है। यहां पर बोरी निर्माण, मुर्रा चना, आचार पापड़, हल्दी मिर्च पाउडर, सहित अन्य योजनाएं महिला समूहों के माध्यम से बेहतर ढंग से संचालित हो रहे हैं। वहीं गौठान में गोबर खरीदी, जैविक खाद निर्माण एवं बिक्री एवं बाड़ी में हरे सब्जियां उत्पादन किया जा रहा है। जिला प्रशासन बलौदा बाजार द्वारा 15अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चन्द्रदेवराय संसदीय सचिव छग के द्वारा जिला कलेक्टर चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बलौदा बाजार द्वारा उत्कृष्ट गौठान के लिए जिला में प्रथम प्राप्त करने पर 25 हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र देकर गौठान के अध्यक्ष सीताराम यादव को सम्मानित किया गया। सरपंच सुकदास बंजारे ने जिला बलौदा बाजार द्वारा उत्कृष्ट गौठान के सम्मान से सम्मानित होने पर गौठान समिति के सदस्यों एवं ग्राम पंचायत के सभी पंचो महिला समूहों के सदस्यों को बधाई देते हुए जिला प्रशासन को उत्कृष्ट गौठान के रूप में सम्मानित करनें पर धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में सरपंच सुकदास बंजारे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुर्रे, जनपद सदस्य रानी भीष्मदेव सोनवानी, उपसरपंच बीरेन्द पटेल, सचिव भागीरथी कन्नौजे, रोजगार सहायक धर्मेन्द्र यादव, गौठान अध्यक्ष सीताराम यादव, महेन्द्र मानिकपुरी, सुकसागर दास मानिकपुरी, पूर्व अध्यक्ष जयंत साहू लोकनाथ पटेल सुमंत कन्नौजे व पंचगण आदि शामिल हैं।

# नपं अध्यक्ष यशवर्धन ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**पलारी,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत पलारी के ह्रदय स्थल गाँधी चौक में जहां के लोगों के अतिआवश्यक मांग थी सी सी रोड का, जिसे अध्यक्ष के द्वारा इस मांग को पूरा करके वहां निवासरत लोगों के साथ साथ उस क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को भी सुविधा उपलब्ध होगा। इस रोड के बनने से वार्ड नं 1,2,5, के लोगो को भी सुविधा मिलेगा, यह रोड गांधी चौक से तालाब पार जहा तक डामर रोड बना है वहा तक बनेगा।

इस अवसर पर नगर पंचायत के पार्षद गण, ताजेन्द्र कनौजे, श्रीमती टुकेश्वरी वर्मा, डा जाल, सन्तोष देवांगन, रवि ध्रुव, मूलचंद धीवर, पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, सांसद प्रतिनिधि नूतन सेन वार्ड वासी अशोक वर्मा, अरुण साहू, पवन, श्रीमति मंजू वर्मा, कल्याणी सेन, गंगा बाई, मालिक वर्मा, रविं, राजकुमार, सहित नगर वासी गण उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ को कलंकित करने वाली कांग्रेस सरकार से मुक्ति दिलाएंगे : अलका



**खल्लारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घोषित किए जाने पर पार्टी के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व का आभार माना महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष ने**

**बागबाहरा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर ने कहा है कि धोखेबाज, फरेबी, झूठ बोलने वाले, शराब की नदियाँ बहाने वाले, घपले-घोटाले करके भ्रष्टाचार की हदें पार करने वाले, छत्तीसगढ़ की धरती को कलंकित करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से छत्तीसगढ़ की जनता को अब मुक्ति दिलानी है। श्रीमती चंद्राकर ने खल्लारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से स्वयं को भाजपा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद कहा कि जनता ने हर हमेशा उन्हें बहुत आशीर्वाद दिया है और आज भी उन्हें भाजपा, भाजपा के शीर्ष और प्रादेशिक नेतृत्व ने खल्लारी की जनता और कार्यकर्ताओं के प्रेम और स्नेह की बदौलत खल्लारी क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकित किया है, उसके लिए वे पार्टी के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व की आभारी हैं।

भाजपा नेत्री श्रीमती चंद्राकर ने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ राजधानी स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुँचकर भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करने के बाद कहा कि भाजपा ने उन्हें जो अवसर दिया है तो पूर्ण समर्पण और सेवाभाव के साथ खल्लारी क्षेत्र का सर्वतोमुखी विकास ही हमारा एकमेव लक्ष्य रहेगा। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि अपने पूरे सासनकाल में कांग्रेस की सरकार और खल्लारी के कांग्रेस विधायक व संसदीय सचिव ने खल्लारी क्षेत्र की घोर उपेक्षा की। इसलिए हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र तथा छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा यकीनन जीतेगी। भाजपा द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री बघेल की टिप्पणी पर कटाक्ष करते हुए खल्लारी की घोषित भाजपा प्रत्याशी श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि ऊपर चेहरे से मुख्यमंत्री भले ही दिखावा कर रहे हों, लेकिन भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची घोषित होते ही मुख्यमंत्री बघेल के मन में डर समा गया है। भाजपा नेत्री व खल्लारी की प्रत्याशी श्रीमती चंद्राकर ने खल्लारी विधानसभा से अपनी जीत का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी सरकार के भ्रष्टाचार से मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश को कलंकित कर रखा है। हत्या-बलात्कार और बढ़ते अपराध ने पूरे प्रदेश दुर्गति कर दी है। 'सब ले बढ़िया छत्तीसगढ़िया' इस भाव से सम्मानित करने वाले प्रदेश और खल्लारी क्षेत्र की जनता स्वयं को अपमानित महसूस कर रही है।

# केदारकंठा के बर्फीला चोटी पर तिरंगा लहराने वाले खेमराज साहू को संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने किया सम्मानित



**स्वतंत्रता दिवस पर गरियाबंद पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया सम्मानित**

**गरियाबंद,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने केदारकंठा के बर्फीली चोटी पर तिरंगा लहराने वाले जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम पोड़ के पर्वतारोही खेमराज साहू को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के ग्राम पोंड निवासी युवा खेमराज साहू राजकीय भाषा छत्तीसगढ़ी में डिग्री लेकर एडवेंचर के क्षेत्र में प्रकृति और समाज के मध्य सामंजस्य स्थापित करने के लिए 15 अगस्त 2022 को छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा बलरामपुर जिला में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 1225 मीटर की चोटी फतह कर अपने 06 दोस्तों के साथ 75 फुट का तिरंगा लहराया और छत्तीसगढ़ सरकार की योजना के बारे में जानकारी दी थी।

इसके बाद इसी साल 17 जनवरी को उत्तराखण्ड के केदारकंठा चोटी फतह कर माइनस डिग्री वाले बर्फीला चोटी में 12500 फीट की उचाई पर अद्भुत गरियाबंद का थीम रख पोस्टर विमोचन किया, पोस्टर के माध्यम से छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले का प्रतिनिधित्व किया। इसके साथ ही उत्तराखण्ड की चोटी पर जीते जी रक्तदान, मरणोपरांत नेत्र दान व अंगदान की पोस्टर से जानकारी दी थी। इसके अलावा रायपुर से सायकल यात्रा करते हुए राजिम माघी पुन्नी को प्रमोट किया। इसके अलावा समाजिक गतिविधियों में शासकीय व प्राइवेट स्कूलों में नशा संबंधित जानकारी, नशा पर निबंध, यातायात संबंधित जानकारी, स्वच्छता संबंधित, बैड टच- गुड के बारे में जानकारी, प्राथमिक उपचार संबंधित जानकारी देने में भी अग्रणी रहे है। इन्ही कारणों से उन्हे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। खेमराज साहू को संसदीय सचिव विकास उपाध्याय द्वारा सम्मानित किए जाने पर ग्राम पोड एवं जिले के लोगों ने खेमराज साहू को बधाई दी है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर के हाथों राकेश सिन्हा हुए सम्मानित



**गरियाबंद।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने जनसंपर्क कार्यालय में कार्यरत राकेश सिन्हा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। जिले में जनसंपर्क कार्यालय के शुरूआत से राकेश सिन्हा यहां कार्यरत है। शासन की महत्वपूर्ण बातों और जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों को मीडिया के माध्यम से आम जनता तक प्रसारित करने में महती भूमिका निभाई है। 2013 व 2018 के निर्वाचन कार्यो, राजिम माघी पुन्नी मेला, कोविड-19, सीएम के भेंट मुलाकात कार्यकम सहित सभी कार्यक्रमो में कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वो का निर्वहन किया है। मीडिया समन्वय एवं प्रचार-प्रसार महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिसके चलते उन्हे सम्मानित किया।

## आंगनबाड़ी सहायिका हेतु 24 तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत नगर पंचायत लवन में वार्ड क्रमांक 14 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-10 में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। उक्त पद के लिए आवेदन 24 अगस्त तक बंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है।

# परिवर्तन पर विश्वास करती है सरायपाली की जनता

**इस बार कमल खिलेगा या फिर 23 साल के इस मिथक को तोड़ देगी कांग्रेस**

**सरायपाली,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। सरायपालीविधानसभा की जनता परिवर्तन पर विश्वास करती है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद कोई भी पार्टी सराईपाली विधानसभा में लगातार 2 बार चुनाव नही जीत पाई है। 5-5 साल भाजपा- कांग्रेस दोनों को मौका मिलता है। 1998 में कांग्रेस के राजा देवेंद्र बहादुर सिंह विधायक बने। छ. ग. राज्य बनने के बाद2003 में पहली बार हुए चुनाव मेंभाजपा के त्रिलोचन पटेल विधायक बने। साल 2008 में सरायपाली विधानसभा क्षेत्र को अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया गया इस चुनाव मेंकांग्रेस से डॉ. हरिदास भारद्वाज विधायक बने। 2013 में भाजपा के रामलाल चौहान विधायक बने। वहीं 2018 में कांग्रेस के किस्मत लाल नन्द विधायक बने। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या इस मिथक को तोड़कर कांग्रेस दोबारा विधायक सीट पर अपना कब्जा जमा पाती है या फिर परिवर्तन के इतिहास को दोहराते हुए भाजपा अपना कमल खिलाती है।

भाजपा ने 21 विधायक उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें सरायपाली विधानसभा से भाजपा ने सरला कोसरिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। वही कांग्रेस की ओर से अभी प्रत्याशी का ऐलान नही किया गया है।

सरला कोसरिया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी है। वर्तमान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष है और भाजपा महिला मोर्चा की प्रभारी है। इसके साथ ही लम्बे समय से गायत्री परिवार से जुड़ी हुई हैं। अब देखना यह होगा कि कांग्रेस किसे अपना उम्मीदवार बनाती है। वर्तमान विधायक किस्मत लाल नंद के अलावा कई नेता अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। विधायक किस्मत लाल नन्दभी लगातार विधानसभा का दौरा कर रहे है सक्रियता बनाये हुए हैं जनता से सीधा संपर्क में रहते हैं किस्मत लाल नन्द सीधे सरल स्वभाव के व सहज उपलब्ध हैऔर कांग्रेस सरकार की योजनाओं को गाँव गाँव जाकर बता रहे है। 2018 के विधानसभा के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्याम तांडी को किस्मत लाल नंद न लगभग 53 हजार के बड़े अंतर से हराया था। कांग्रेस से टिकट चाहने वालों की लंबी फेहरिस्त है जिसमें विधायक किस्मत लाल नन्द के बाद सबसे पुराने अनुभवी प्रदेश प्रतिनिधि महेंद्र बाघ प्रदेश समन्वयक व खनिज न्यास के सदस्य अजय नन्द चौहान सेना की प्रदेश अध्यक्ष चातुरी नन्द क्षेत्र में कई वर्षों से सक्रिय हैं रूपेश कुमार भी अपनी टिकट के प्रति आश्वस्त है मुकेश तांडी भी लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं

हालांकि कांग्रेस अब टिकट किसे देती है यह भी देखने वाली बात होगी। लोकतंत्र में जनता ही सर्वपरि है। जनता जनार्दन का फैसला ही सर्वमान्य है। अब देखते है कि इस बार सरायपाली की जनता परिवर्तन करती है या फिर कांग्रेस को रिपीट करती है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**बागबाहरा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आहूत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मनोज अग्रवाल (अध्यक्ष- अग्रवाल समाज, बागबाहरा), कार्यक्रम अध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह (सहसचिव- विद्यालय संचालन समिति) एवं विशेष अतिथि के रूप में राहुल अग्रवाल (सचिव/व्यवस्थापक- विद्यालय संचालन समिति), रामजी तिवारी (कोषाध्यक्ष- विद्यालय संचालन समिति), अनिल पुरोहित (सदस्य- विद्यालय संचालन समिति एवं महासमुंद जिला प्रतिनिधि सशिसं.) एवं नेरश जैन (सदस्य- विद्यालय संचालन समिति) उपस्थित थें।

स्वतंत्रता दिवस पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण, शारीरिक, बौद्धिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया। साहित्यिक कार्यक्रम में विशेष देशभक्ति गीत, हमारा लक्ष्य, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। आध्यात्मिक क्रांति की पहली चिंगारी के प्रणेता महर्षि अरविंद घोष के जीवन वृत्त पर आचार्य श्रीमती सिम्मी दुबे ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे भैया-बहिनों ने देश भक्ति पूर्ण गीतों और विचारों से पूरे आयोजन को सजाया था, और स्वतंत्रता दिवस की महत्ता को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर किया, साथ ही मंचस्त अतिथियों ने भारत माता, ओंम, सरस्वती माता एवं महर्षि अरविंद घोष जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत किशोर/कन्या भारती के भैया/बहिनों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी भैया/बहिनों को बधाई एवं शुभकामना संदेश दिया और संस्कारित समाज निर्माण के लिए सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के योगदान की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन आचार्य नीतू ठाकुर, बहिन सृष्टि एवं साधना ने किया आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य लखनलाल साहू ने किया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, पूर्व छात्र तथा संकुल समन्वयक परमानंद बंजारा, कार्यालय प्रमुख कौशलचंद्र साहू, प्र. प्रधानाचार्य सुनीता गुप्ता, समस्त विद्यालय परिवार एवं भैया/बहिन उपस्थिति थें।



# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत मल्दी

श्री भोला प्रसाद वर्मा
सरपंच
ग्राम पंचायत मल्दी
भाटापारा

श्याम रतन लहरी
सचिव
ग्राम पंचायत मल्दी
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मल्दी, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत टोनाटार

श्रीमती सत्या बाइ ध्रुव
सरपंच
ग्राम पंचायत टोनाटार
भाटापारा

रामेश्वर लहरी
सचिव
ग्राम पंचायत टोनाटार
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत टोनाटार, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत लेवई

उनेश कुमार ध्रुव
सरपंच
ग्राम पंचायत लेवई
भाटापारा

सालिकराम वर्मा
सचिव
ग्राम पंचायत लेवई
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत लेवई, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत देवरी

श्री खेदू सेवक राम साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत देवरी
भाटापारा

सतीश वर्मा
सचिव
ग्राम पंचायत देवरी
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत देवरी, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत सिंगारपुर

श्रीमती शांति रामदयाल रामू साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत सिंगारपुर
भाटापारा

लखेश्वर वर्मा
सचिव
ग्राम पंचायत सिंगारपुर
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सिंगारपुर, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत चिचपोल

श्रीमती ज्योति लखेश्वर वैष्णव
सरपंच
ग्राम पंचायत चिचपोल
भाटापारा

मयाराम ध्रुव
सचिव
ग्राम पंचायत चिचपोल
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत चिचपोल, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत खोखली

श्री दुर्गाप्रसाद चतुर्वेदानी
सरपंच
ग्राम पंचायत खोखली
भाटापारा

रूपेन्द्र वर्मा
सचिव
ग्राम पंचायत खोखली
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत खोखली, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत करहीबाजार

श्री हीराराम पटेल
सरपंच
ग्राम पंचायत करहीबाजार
भाटापारा

सुंदरलाल पाल
सचिव
ग्राम पंचायत करहीबाजार
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत करहीबाजार, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत धौराभाठा

प्रेम चौबे
सरपंच
ग्राम पंचायत धौराभाठा
भाटापारा

रोहित चक्रवर्ती
सचिव
ग्राम पंचायत धौराभाठा
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत धौराभाठा, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत कोनी

श्रीमती गंगाबाई सनत कोसले
सरपंच
ग्राम पंचायत कोनी
भाटापारा

शिवप्रसाद धृतलहरे
सचिव
ग्राम पंचायत कोनी
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कोनी, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत तरेंगा

श्रीमती कांति दशरथ आडिल
सरपंच
ग्राम पंचायत तरेंगा
भाटापारा

रोहित चक्रवर्ती
सचिव
ग्राम पंचायत तरेंगा
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत तरेंगा, भाटापारा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## ग्राम पंचायत बोड़तरा

श्रीमती नीतू रवि आडिल
सरपंच
ग्राम पंचायत बोड़तरा
भाटापारा

निरंजन ध्रुव
सचिव
ग्राम पंचायत बोड़तरा
भाटापारा

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बोड़तरा, भाटापारा


ग्राम पंचायत पेन्ड्री जनपद पंचायत भाटापारा की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
केशव प्रसाद यादव
सरपंच
श्री बंशीलाल वर्मा
सचिव
नारी पढ़ेगी, जिंदगी गढ़ेगी
आगे-आगे बढ़े चलव...
नोनी बाबू पढ़े चलव....
मनोज प्रभाकर
उप सरपंच
विनीत- समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में 2196 फीट लम्बा तिरंगा
जिसे 1376 छात्र-छात्राओं द्वारा फहराकर भाटापारा नगर एवं अपना नाम दर्ज कराया
मानव सेवा सम्मान
समाज सेवी अरुण छाबड़ा को
नई दिल्ली आयोजित कार्यक्रम में गोल्ड मेडल के साथ
Social Awarness And Peace University Florida USA
मानद उपाधि (डॉक्टरेट)
से सम्मानित किया गया
डॉ. अरुण छाबड़ा (बन्टी)


क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री
सतीश अग्रवाल
सदस्य
भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण संघ छत्तीसगढ़ शासन
भाटापारा


नरेंद्र मोदी
जगत प्रकाश नड्डा
डॉ. रमन सिंह
ओमप्रकाश माथुर
मनसुख मंडाविया
अरुण साव
नितिन नबीन
नारायण चंदेल
बृजमोहन अग्रवाल
सुनील सोनी
गौरीशंकर अग्रवाल
आत्म सम्मान का
आत्म गौरव का
आत्मनिर्भरता का
स्वाभिमान का
स्वतंत्रता का
आजादी का पर्व
15 अगस्त की
हार्दिक
शुभकामनाएं...
शिवरतन शर्मा जी
उपाध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़,
विधायक भाटापारा


सब्जी मंडी एसोशियेसन, भाटापारा की ओर से
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं..
AUGUST 15th
गोविन्द पटेल
अध्यक्ष
दीपक पंजवानी
कोषाध्यक्ष
लाला साहू
सचिव
पप्पन भागवानी
उपाध्यक्ष
बंटी आहूजा
कमल केशरवानी
भीषम गुरयानी
बब्बन पंजवानी
प्रकाश वनवानी
दीपू रायदेव
खगेन्द्र यादव
असलम भाई